CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMJK1 User: cci Time: 01-14-2026 22:38 Color:

महानगर > मुंबई > गुरुवार, 15 जनवरी 2026 > पौष 26, शक संवत 1947, माघ कृष्ण द्वादशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 13 > मूल्य ₹6.00 > पेज 14 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

जंग की आहट, भारतीयों को ईरान छोड़ने की सलाह

▶ देखें अंदर

NBT
नवभारत टाइम्स

पीएम ने मंत्री के घर मनाया पोंगल, कहा यह वैश्विक पर्व

▶ देखें अंदर

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 19001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 19001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

क्या आपने मतदान किया है?

लोकतंत्र में मतदान न करना,
भले ही **कानूनी अपराध न हो,**
लेकिन यह एक **नैतिक अपराध है।**

जाइए और मतदान कीजिए!

बड़ी संख्या में भागीदार बनें
अपनी **जिम्मेदारी** निभाइए

१५ जनवरी २०२६ | सुबह ७:३० बजे से शाम ५:३० बजे तक



Published in public interest by SWARNIM YUG FOUNDATION.

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP8 User: cci Time: 01-14-2026 22:05 Color:

जन आंदोलन ही इतिहास परिवर्तन के वास्तविक इंजन होते हैं।
- एरिक हॉब्सबॉम, ब्रिटिश इतिहासकार

आगे क्या होगा

ईरान इस समय जिस तरह की उथल पुथल से गुजर रहा है, उसे 1979 की क्रांति के बाद की सबसे बड़ी घटना बताया जा रहा। पूरे देश में ही हिंसा और विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। हालात की गंभीरता को देखते हुए भारत सरकार को ईरान में रह रहे अपने नागरिकों के लिए नई एडवाइजरी जारी करनी पड़ी है। सरकार ने सभी भारतीयों को सलाह दी है कि वे तुरंत ईरान से निकल जाएं।

व्यापक जनाक्रोश । पिछले महीने की 28 तारीख को महंगाई के खिलाफ शुरू हुआ जन आंदोलन अब सत्ता परिवर्तन की लड़ाई बन चुका लगता है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के खिलाफ लोगों में व्याप्त आक्रोश की झलक वहां से आ रही तस्वीरों में मिलती है। आंकड़ों को लेकर भले स्पष्टता न हो, पर इतना जरूर है कि बड़े पैमाने पर लोगों की मौत हुई है।

हिंसा और प्रदर्शन जारी

वैकल्पिक व्यवस्था । ईरान के भविष्य को लेकर पूरी दुनिया में असमंजस है और नजरें इस पर टिकी हैं कि अगर सरकार गिरती है तो वैकल्पिक व्यवस्था क्या होगी। बेहतर यही होगा कि इसका फैसला वहां के लोगों को ही करने दिया जाए। अगर सत्ता बदलती है, तो उसका नया लोकतांत्रिक स्वरूप कैसा होगा, यह ईरानियों से बेहतर कोई नहीं बता सकता, जो अपने देश को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। स्थायित्व आने तक संयुक्त राष्ट्र के जरिये कोई निगरानी व्यवस्था जरूर कायम की जा सकती है, पर दूसरे देशों को सीधे हस्तक्षेप से बचना चाहिए।

संप्रभुता का सम्मान । हर देश की संप्रभुता का सम्मान होना चाहिए। ईरान के मामले में भी इसका ख्याल रखे जाने की जरूरत है। मुश्किल यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप इस बात की अनदेखी कर रहे हैं। यह बात सही है कि जनता के गुस्से को क्रूर हिंसा से दबाना उचित नहीं, लेकिन इसे किसी राष्ट्र की संप्रभुता के उल्लंघन का बहाना भी नहीं बनाया जाना चाहिए। अगर ट्रंप वास्तव में मदद करना चाहते हैं, तो उन्हें तेहरान के साथ व्यापार पर लगाए गए 25% एक्स्ट्रा टैरिफ समेत उन प्रतिबंधों को हटाने पर विचार करना चाहिए, जिनका असर आखिरकार आम लोगों पर पड़ रहा है।

जनता की सुनी जाए । ईरान में इस समय जरूरत है टकराव टालकर बातचीत का रास्ता अपनाने की। इसकी शुरुआत सरकार की तरफ से होनी चाहिए। वहां की जनता लंबे समय से मुश्किल हालात का सामना कर रही है। समय-समय पर उसका असंतोष आंदोलनों के जरिये बाहर आता रहा है। जरूरी है कि आम ईरानियों की आवाज को सुना जाए और उसका सम्मान किया जाए ।

गुस्ताखी माफ़

आईना रखा कीजिए

वो जवानी जवानी ही क्या, जिसकी कोई कहानी न हो...। गाना तो ये मैंने मरहूम मुकेश कुमार और लता मंगेशकर की आवाज में सुना था। पर सुबह-सुबह सैर के समय इसे सुनकर मैं थोड़ा चौंका। गाना भी गाने की शक्ल में नहीं, बाकायदा नारे जैसा। पार्क में नजर दौड़ाई। बल्लू बाख्शा चला आ रहा था। 'गाने को नारा कौन बनाता है भई? छंद और लय की कोई समझ नहीं। तुम लोग संगीत को शोर बनाने से बाज क्यों नहीं आते?' बल्लू को जमने से पहले ही उखाड़ देने का अच्छा मौका देख मैंने सवालों की पुआधार गेंदबाजी कर दी।

अखिलेश प्रताप सिंह

पर बल्लू ने मेरी गेंदों को देखा और जाने दिया, जैसे लिटल मास्टर सुनील गावस्कर किया करते थे। गुड मॉर्निंग कहने के बाद वह ऐसे देखने लगा, जैसे कमजोर गेंद का इंतजार कर रहा हो। 'सुबह-सुबह ये किस गाने की याद आई तुझे? किसकी जवानी, कैसी कहानी?' मैंने इस बार बाउंसर फेंका। बल्लू ने तुरंत ही हुक शॉट की पोजिशन ले ली।

'अंकल, गाना तो बहाना है। आपको पूरी फिल्म दिखाना है- हर बच्चा अच्छे स्कूल में। अस्पतालों में सस्ता और बढ़िया इलाज। हर एजाम साफ-सुथरा, कोई पेपरलीक नहीं। हर नौजवान के पास रोजगार। मुहल्ले की गली हो या रिजॉर्ट, महिलाओं को कोई डर नहीं। साफ हवा और साफ पानी, घर-घर की कहानी। कैसी लगी फिल्म?'

मेरी सूरत पिटे हुए गेंदबाज जैसी थी। समझ नहीं पा रहा था कि यॉर्कर डालूं या फुल टॉस। 'अंकल, गाना याद रहा आपको, क्रांति फिल्म भूल गए? वही क्रांति करनी है हम बच्चों को। बहुत क्रिएटिविटी है हमारे पास। AI से हर नुक्कड़ पर रील बनाएंगे, पैसे कमाएंगे। आप विदेश से सामान मंगाते थे। हम वहां से पुर्जे मंगाएंगे, यहां जोड़कर तैयार कर देंगे। आपकी सोच गुलामी वाली थी। हम आजादी दिलाएंगे।' मुझे खुमार बाराबंकवी का शेर याद आ गया। वही दोहराते हुए मैंने खिसक लेने में भलाई समझी कि दूसरों पर अगर तब्सिरा कीजिए, सामने आईना रख लिया कीजिए।

एकदा

संकलन : ललित गर्ग

श्रेष्ठ कौन

अरब में 17वीं सदी में एक बहादुर संत हुए, सिम्चा बुनिम (Simcha Bunim)। उनके पास अपार संपत्ति थी। एक दिन बादशाह ने उन्हें दरबार में बुलाया और प्रश्न रखा, 'दुनिया में तीन पैगंबर हुए- मूसा, जिन्होंने यहूदी धर्म की स्थापना की। ईसा, जिन्होंने ईसाई धर्म को मार्ग दिखाया और मोहम्मद, जिन्होंने इस्लाम धर्म चलाया। इनमें श्रेष्ठ कौन है?' बादशाह के मन में यह चाल थी कि संत किसी एक धर्म को श्रेष्ठ बताएंगे, तो वह दूसरे धर्मों के अपमान का आरोप लगाकर उनकी सारी संपत्ति जब्त कर लेंगे। संत ने कहा, 'पहले एक छोटी-सी कहानी सुनिए। एक व्यापारी के पास एक बेशकीमती हीरा था। उसके तीनों बेटे उस हीरे को पाना चाहते थे। व्यापारी असमंजस में था कि वह किसे दे। आखिरकार उसने हूबहू दिखने वाले दो नकली हीरे बनवाए। एक दिन तीनों बेटों को अलग-अलग बुलाकर एक-एक हीरा दे दिया। हर बेटा यही समझता रहा कि पिता ने खुश होकर हीरा उसी को दिया है।' कहानी सुनाकर संत बोले, 'तीनों धर्मों की स्थिति भी ऐसी ही है। हर अनुयायी अपने धर्म को श्रेष्ठ मानता है। लेकिन जब उनका कर्ता एक ही ईश्वर है, तो श्रेष्ठ धर्म कौन-सा है, यह वही जानता है।' बादशाह निरुत्तर हो गया।

Subrata Dhar

खामेनेई की सत्ता बदली तो मध्य पूर्व में बनेगा नया समीकरण, नई दिल्ली भी होगी प्रभावित

ईरान में चाहिए भारत वाली कूटनीति

ईरान की सड़कों पर आज विद्रोह की लपटें भड़क रही हैं। दिसंबर से शुरू हुआ आंदोलन, जो महंगाई और आर्थिक बदहाली से उपजा था, अब खुले तौर पर इस्लामी गणतंत्र को उखाड़ फेंकने की मांग करने लगा है। लाखों लोग सड़कों पर उतर आए हैं, और क्रूर दमन के बावजूद यह आग बुझने का नाम नहीं ले रही।


शान्तेय कुमार सिंह

व्यापक विरोध प्रदर्शन । पिछले साल 28 दिसंबर को तेहरान के ग्रैंड बाजार और अन्य व्यापारिक केंद्रों से शुरू हुए विरोध प्रदर्शन अब देश के 31 प्रांतों तक फैल चुके हैं। शुरू में व्यापारियों और दुकानदारों ने रियाल की भयानक गिरावट (एक डॉलर के लिए 14.5 लाख रियाल) और बेतहाशा बढ़ती महंगाई दर (42%) के खिलाफ हड़ताल की थी। लेकिन, जल्द ही छात्र, महिलाएं, पेंशनभोगी और युवा भी सड़कों पर उतर आए। सरकार ने इंटरनेट और फोन सेवाएं काट दीं, लेकिन स्टारलिंक जैसी सेवाओं ने आंदोलनकारियों को जोड़े रखा। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, 10 जनवरी तक 2,000 से अधिक मौतें हुईं। यह 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद का सबसे बड़ा विद्रोह है।

बदलेंगे समीकरण । ईरान का संकट दुनिया को हिला रहा है। तेल उत्पादन में बाधा आ सकती है। होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हुआ तो सऊदी अरब, इराक, UAE का तेल प्रभावित होगा और ब्रेंट 60 डॉलर से ऊपर चढ़ सकता है। ईरान के प्रॉक्सी - हिजबुल्लाह, हमास कमजोर हो चुके हैं, जिससे क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ेगी। ट्रंप प्रशासन ने कठोर रुख अपनाया है, प्रतिबंध और सख्त होंगे। रूस-चीन समर्थन देंगे, लेकिन यूक्रेन युद्ध की वजह से रूस के हाथ बंधे हैं। यदि ईरान में सत्ता बदली तो मध्य पूर्व में नया समीकरण बनेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा बाजार और आतंकवाद पर गहरा असर पड़ेगा।

चाबहार प्रॉजेक्ट दांव पर । ईरान हमारा पुराना रणनीतिक साझेदार है। वह पश्चिम एशिया में संतुलन का आधार प्रदान करता आया है, लेकिन मौजूदा विद्रोह ने सब कुछ दांव पर लगा दिया है। चाबहार बंदरगाह इसका जीता-जागता उदाहरण है। 2024 में हुए 10 वर्षीय अनुबंध के तहत इंडियन पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड (IPGL) ने 12 करोड़ डॉलर के उपकरण लगाने और 25 करोड़ डॉलर की रुपया क्रेडिट लाइन देने की पेशकश की थी। यह प्रॉजेक्ट अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पाकिस्तान को बायपास करने का सुनहरा द्वार था। लेकिन अब हड़तालें, इंटरनेट ब्लैकआउट और सप्लाई चेन की बाधाओं ने माल उतारना-चढ़ाना पूरी तरह ठप कर दिया है।

क्या होगा असर

- तेल कीमतें बढ़ीं तो महंगाई की मार सब पर
- बंद हो सकता है ईरान से भारत का व्यापार
- BRICS व SCO में संतुलन बिगड़ेगा, पाक को फायदा

कनेक्टिविटी को झटका । चाबहार-जाहेदान रेल लाइन मध्य 2026 तक पूरी होनी थी। 700 किलोमीटर लंबी यह रेल लाइन इंटरनैशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर (INSTC) का अभिन्न अंग है। जाहिर है, यह देरी भारत की कनेक्टिविटी को गहरा झटका देगी, खासकर अफगान खनिज और ऊर्जा आयात के मामले में।

आर्थिक नुकसान । ईरान, भारत का दूसरा सबसे बड़ा बासमती चावल बाजार है, जहां 2024-25 में 75.3 करोड़ डॉलर का निर्यात हुआ। चाय, मसाले (7 करोड़ डॉलर) और फल-ड्राई फ्रूट्स (5.5 करोड़ डॉलर) का व्यापार भी जोरों पर था। ट्रंप प्रशासन की ईरान से व्यापार करने वालों पर 25% टैरिफ की धमकी ने निर्यातकों की नींद उड़ा दी है। पहले से ही पाकिस्तान और रूस जैसे बाजार सिकुड़ चुके हैं। तेल आयात तो 2019 से अमेरिकी CAATSA प्रतिबंधों के कारण शून्य है। ईरान संकट से वैश्विक ऊर्जा मूल्यों में उछाल आने से भारत की महंगाई पर दबाव बढ़ेगा, सो अलग।

सुरक्षा चुनौतियां । तेहरान और इस्फहान में पढ़ने वाले करीब 5 लाख भारतीय छात्र और कारोबारी जोखिम में हैं। विदेश मंत्रालय ने अफगानिस्तान में कहा है कि वहां फंसे भारतीय जल्द से जल्द ईरान से निकल आएं। BRICS और शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (SCO) में ईरान की नई सदस्यता पर साझेदारी डगमगा रही है। चीन का ग्वादर प्रॉजेक्ट मजबूत होगा, जिससे पाकिस्तान को अप्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। अफगानिस्तान में तालिबान की अस्थिरता पर भी असर पड़ेगा, क्योंकि भारत और ईरान - दोनों ही काबुल के मौजूदा शासन के खिलाफ हैं।

सतर्कता सबसे बड़ा हथियार । भारत ने सदैव संतुलन की कला दिखाई है। इजाइल और अरब देशों से गहरी दोस्ती के साथ ईरान से रिश्ते बनाए रखे हैं। अब SCO और BRICS मंचों पर मध्यस्थता की भूमिका निभानी होगी। कूटनीतिक दौरे बढ़ाएं, चाबहार बचाने के लिए वैकल्पिक फंडिंग और रूट तलाशें। यदि ईरान में शासन परिवर्तन हुआ, तो नया ईरान भारत के अनुकूल सिद्ध हो सकता है। फिलहाल सतर्कता ही सबसे बड़ा हथियार है।

(लेखक जेएनयू के अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान में प्रफेसर हैं)

कांटे की बात

आज के नेताओं की चाल से हारे नास्त्रेदमस

मैं कर्नाटक कांग्रेस का अध्यक्ष हूं और राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता। हमारी बातचीत प्रोटोकॉल के तहत हुई थी। नेतृत्व परिवर्तन पर कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने हमें अच्छे तरीके से काम करते रहने को कहा, हम अच्छे तरीके से काम करते रहेंगे।

- डीके शिवकुमार, *कर्नाटक डिप्टी सीएम*

असंभव संवाद

फ्रांस के नास्त्रेदमस को इतिहास के सबसे मशहूर भविष्यवक्ताओं में गिना जाता है। सकैतों में कही गई उनकी कई भविष्यवाणियां बिल्कुल सटीक बताई जाती हैं। लेकिन क्या वह आज के भविष्यवेत्ताओं की मुश्किल हल कर पाते?

AI Image

अंधेरे से भरे कमरे में जहां सामने रखा सामान मुश्किल से दिख रहा था, वही बैठकर नास्त्रेदमस सैकड़ों बरस आगे का समय देख ले रहे थे। लेकिन, आज कुछ समस्या थी। 'कुछ दिखा आपको?' 'महुमक्खियों का हमला, आग, धुआं... !' 'सर जी, अब इससे काम नहीं चल पाएगा। सीधा-सीधा बता सकते हैं कि ट्रंप अब किस देश के एक्टिंग प्रेजिडेंट बनने जा रहे हैं या टैरिफ के बारे में कुछ?' 'तुमने मेरी पुरानी भविष्यवाणियां नहीं देखीं?' 'सब देखीं हैं, पर कहीं भी आज के बारे में नहीं लिखा। आपने 100-200 बरस आगे का देख लिया, पर हमारी दुनिया में ऐसे नेता हैं, जिन्हें खुद भी नहीं पता कि उनका अगला कदम क्या होगा। ग्रह-नक्षत्रों से भी तेज उनकी चाल है। शीशे का गोला, हाथ की रेखाएं, कार्ड, तोते - सब बेकार हो गए हैं। हमारी साख दांव पर है, कुछ कीजिए।' नास्त्रेदमस ने कोशिश की, पर नेता तब तक चाल बदल चुके थे।

जनता जंक्शन इरफान

जब BMC ने 'किंग' को चिड़ियाघर भेजा

विक्टोरियन गौथिक और आर्ट डेको शैलियों की इमारतों से घिरे हुए जिस काला घोड़ा इलाके को आप जानते हैं, वह मुंबई की सांस्कृतिक पहचान है। यहां काला घोड़ा उत्सव होता है। तमाम कवि, लेखक, चित्रकार, पत्रकार और कलाकार इकट्ठा होते हैं और एक बेहतर दुनिया का ख्वाब बुनते हैं। लेकिन यदि इतिहास में लौटें, तो कितनी ही दास्तानें सुनने को मिलती हैं। इनमें कुछ दिलकश हैं, तो कुछ दिलफरेब। एक कहानी ये भी है कि जब शेर जुल्म था और जब 1875 में प्रिंस ऑफ वेल्स एडवर्ड सप्तम मुंबई आए, तो ब्रिटिश हुकूमत ने उन्हें खुश करने के लिए इस शहर में उनके प्रतीक बनाने शुरू किए। कांसे का एक विशाल घोड़ा बनाया गया। एडवर्ड की मूर्ति बनाई गई, जो घोड़े पर बिठाई गई। इसे 1879 में वहीं स्थापित किया गया, जिसे हम आज भी काला घोड़ा कहते हैं। हालांकि ये अलग बात है कि अब वहां न वह घोड़ा है और न उसका सवार गया।


फिरोज खान

ऐसे नाम पड़ा काला घोड़ा । दरअसल एडवर्ड जिस घोड़े पर सवार थे, उस पर काली

आमची मुंबई

चमकदार पॉलिश की गई थी, इसलिए लोगों ने उसे काला घोड़ा कहना शुरू किया, तो इलाके का नाम भी काला घोड़ा पड़ गया। प्रिंस एडवर्ड 1901 में किंग बन गए। इन्हीं किंग की स्मृतियां वहां काला घोड़ा और केईएम (किंग एडवर्ड मेमोरियल) अस्पताल के रूप में आजादी के बाद भी आबाद हैं। नीक सौ साल पहले आज ही के दिन शुरू हुआ केईएम अस्पताल फेरल में वहीं चल रहा है, जहां बनाया गया था। लेकिन काला घोड़ा सिर्फ नाम का रह गया।

आजादी के बाद बदलाव । किस्सा कुछ यों है कि आजादी के बाद अंग्रेजों और उनके प्रतीकों को लेकर कुछ लोगों में गुस्सा देखा गया। कुछ समय पहले ही राम मनोहर लोहिया, मधु लिमये, राज नारायण और कर्पूरी ठाकुर ने संयुक्त समाजवादी पार्टी बनाई थी। जॉर्ज फर्नांडीज मुंबई में इस पार्टी से जुड़े हुए थे। कहते हैं कि इस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने 1960 के आसपास बीएमसी को धमकी दी कि अगर उन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक काल के प्रतीकों को हटाया नहीं, तो वे खुद हटा देंगे। यही वजह है कि किंग को 1965 में घोड़े के साथ जू भेज दिया गया। हालांकि 2017 में वहां एक देशी काले घोड़े की मूर्ति स्थापित कर दी गई।

जुआएं, तो किंग को भी देखें । प्रशासन अंग्रेजों की उन निशानियों को सार्वजनिक जगहों से हटाना तो चाहता था, लेकिन मिटाना नहीं चाहता था। अब पता नहीं किसका आइडिया रहा होगा कि घोड़े पर बैठे इस किंग की मूर्ति को भायखला जू भेज दिया जाए, जिसे अब वीरमाता जिजाबाई भोसले उद्यान कहते हैं और जिसे कभी विक्टोरिया गार्डन कहा जाता था। आप अगर जू जाएं, तो शेर-चीतों को देखने से पहले अंदर घुसते ही उस राजा पर भी नजर डाल लें, जो कभी हिंदुस्तानियों पर हुकूमत करता था।

पड़ोसी के घर में आग लगी तो तुम्हारी भी संपत्ति सुरक्षित नहीं

जैन मुनिश्री तरुणसागरजी

पड़ोस धर्म को निभाइए। पड़ोस धर्म क्या है? यही कि आप भोजन अवश्य करें, पर इस बात का ख्याल रखें कि कहीं आपका पड़ोसी भूखा न रह जाए। अच्छा पड़ोसी आशीर्वाद है। पड़ोसी के साथ कभी बिगाड़ न करें क्योंकि हम मित्रों के बिना तो जी सकते हैं, लेकिन पड़ोसी के बिना नहीं। उनके सुख-दुख में सहभागी बनिए। कारण कि पड़ोसी के घर में आग लगी है तो समझना तुम्हारी अपनी संपत्ति भी खतरे में है। और हां, तुम आज पड़ोसी के यहां नमकीन भेजते हो तो कल वहां से मिठाई आएगी।

यदि कोई इंजीनियर भ्रष्ट होता है तो कुछेक पुल, भवन ही असमय धराशायी होते हैं। यदि कोई डॉक्टर भ्रष्ट होता है तो कुछेक लोगों की ही अकाल-मौत होती है लेकिन यदि कोई शिक्षक भ्रष्ट होता है तो आने वाली समूची पीढ़ी बर्बाद हो जाती है। देश का भविष्य शिक्षक के हाथ में है क्योंकि उसके द्वार पर नई पीढ़ी कुछ सीखने बैठी है। यदि देश के शिक्षक तय कर लें तो भारत को 'विकसित राष्ट्र' क्या 'विश्व राष्ट्र' बना सकते हैं।

पुत्र तुम्हारी सेवा करे तो यह कोई आश्चर्य नहीं। वह तो करेगा ही। क्योंकि वह आखिर तुम्हारा ही खून है। लेकिन यदि पुत्रवधू सेवा करे तो यह आश्चर्य है। वह खून तो दूर खानदान तक की भी नहीं है, फिर भी सेवा कर रही है तो निश्चित ही यह तुम्हारे किसी जन्म का पुण्य-फल है। आज के समय में और सब तरह के पुण्य भोगना बहुत सारे लोगों की किस्मत में है, लेकिन पुत्र और पुत्रवधू की सेवा के पुण्य को भोगना विरले ही मां-बाप के भाग्य में है।

कड़वे प्रवचन

10 गाय दान करना बड़ा पुण्य है। मगर इससे भी बड़ा पुण्य कत्लखाने में जाती हुई एक गाय को बचा लेना है। 10 मंदिरों का निर्माण करना बड़ा पुण्य है मगर इससे भी बड़ा पुण्य एक प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार करना है। 10 प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार करना बड़ा पुण्य है मगर इससे भी बड़ा पुण्य एक आतंकवादी को अहिंसावादी बना देना है। अगर आप अपनी प्रेरणा से एक मांसाहारी व्यक्ति को शाकाहारी बना देते हैं तो समझना आपने घर बैठे ही चार धाम की यात्रा करने का पुण्य अर्जित कर लिया।

(साभार : डायमंड बुक्स)

भाषण तैयार था, परमाणु युद्ध की देरी थी

शैलेंद्र पांडेय

दूसरे विश्व युद्ध में हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराने का आदेश देने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति हैरी एस ट्रूमैन ने कहा था कि जापानियों ने पर्ल हार्बर पर हमला कर यह लड़ाई शुरू की है और इसी बात की कीमत वे चुका रहे। तब से जब-जब परमाणु शक्ति संपन्न देशों के बीच तनाव बढ़ा है, यह डर भी दुनिया को रहा कि कहीं हिरोशिमा और नागासाकी जैसी त्रासदी फिर न देखने को मिले। शीत युद्ध के दौरान मौके आए, जब लगने लगा था कि अमेरिका और तत्कालीन सोवियत संघ के बीच परमाणु युद्ध होने ही वाला है। और 1983 में ऐसी नौबत भी आई थी एक बार, जब ब्रिटिश सरकार ने स्पीच भी तैयार कर ली कि अगर परमाणु युद्ध छिड़ा तो जनता से क्या कहना है।

रानी करती संबोधित । यह स्पीच क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय के लिए तैयार कराई गई थी। गनीमत रही कि रानी को कभी उन शब्दों को कहने की जरूरत नहीं पड़ी। ब्रिटेन के नैशनल आर्काइव्स ने साल 2013 में इस भाषण को सार्वजनिक किया। इस पर तारीख है 4 मार्च, 1983। इसमें क्वीन एलिजाबेथ को बात शुरू करनी थी क्रिसमस से कि कुछ महीने पहले कैसे पूरे देश ने एक त्योहार मनाया और अब युद्ध की त्रासदी की ओर बढ़ रहा है।

स्पीच के शब्द । 'युद्ध का यह

टाइम मशीन

AI Image

पागलपन एक बार फिर दुनियाभर में फैल रहा है। हमारे बहादुर देश को फिर से बड़ी बाधाओं से बचने के लिए खुद को तैयार करना होगा। मैं दुख और गर्व का वह पल कभी नहीं भूल सकती। साल 1939 में मैं और मेरी बहन वायरलेस सेट पर पिता के प्रेरक शब्दों को सुन रहे थे। एक क्षण के लिए भी मैंने नहीं सोचा था कि यह जिम्मेदारी कभी मेरे ऊपर आएगी। हम जानते हैं कि आज हमारे सामने जो खतरे हैं, वे हमारे लंबे इतिहास में किसी भी समय की तुलना में कहीं अधिक बड़े हैं। दुश्मन कोई सैनिक नहीं है, जिसके कंधे पर राइफल हो और न ही हमारे शहरों-कस्बों के ऊपर उड़ाने भरने वाला कोई एयरमैन है। दुश्मन है दुरुपयोग की गई तकनीक की घातक शक्ति।'

भावनात्मक अपील । इस भाषण में क्वीन एलिजाबेथ के पिता जॉर्ज पंचम का जिक्र आता है, जो दूसरे विश्वयुद्ध के समय ब्रिटिश साम्राज्य के राजा थे। इसपेरीमेंटल नेवी यूनिट में हेलिकॉप्टर पायलट क्वीन के बेटे एंड्रयू का भी जिक्र आया। 'मेरा प्यारा बेटा एंड्रयू इस वक्त अपनी यूनिट के साथ तैनात है। हम उसकी और दूसरे सभी लोगों की सुरक्षा के लिए लगातार प्रार्थना कर रहे हैं। परिवार का बंधन ही इस अज्ञात खतरे के खिलाफ हमारी सबसे बड़ी सुरक्षा होनी चाहिए। अगर परिवार मिलजुल कर रहेंगे, साहसी होंगे और उन लोगों को आश्रय देंगे जो अकेले और असुरक्षित हैं, तो हमारे देश की जीवित रहने की इच्छाशक्ति को तोड़ा नहीं जा सकता।'

नकली सेना से लड़ाई । परमाणु युद्ध के हालात से निपटने के लिए एक युद्ध अभ्यास भी किया गया था। एक तरफ थी सोवियत संघ व उसके दोस्तों की आर्मड फोर्सेस और उनका सामना करने के लिए खड़ी नैटो की ब्लू फोर्सेस। आर्मड सेना ब्रिटेन पर घातक रासायनिक हथियारों से हमला करती है। ब्लू फोर्सेस जवाब में सीमित क्षमता वाले परमाणु हथियार इस्तेमाल करती हैं, ताकि दुश्मन को शांति के लिए मजबूर किया जा सके। उस स्पीच की तरह इस वॉर एक्सरसाइज की सीख को भी आजमाने की जरूरत नहीं पड़ी। ब्रिटिश अफसरों का अंदाजा था कि क्वीन ने अपने उस भाषण को शायद देखा भी नहीं था।

रीडर्स मेल

गिग वर्कर्स का भविष्य

देशभर में गिग वर्कर्स की सुरक्षा और कम इंसेंटिव को लेकर काफी चर्चा हो रही है। ऐसे में केंद्र सरकार के समयबद्ध और संवेदनशील हस्तक्षेप से अल्ट्रा फास्ट यानी 10 मिनट डिलीवरी की बाध्यता हटाने का फैसला स्वागतयोग्य और सकारात्मक कदम है। गिग वर्कर्स भी इंसान हैं, कोई रोबोट नहीं। ये अपनी जिंदगी को जोखिम में डालकर उपभोक्ता की जिंदगी आसान करते हैं। जल्दबाजी की वजह से ये अफसानजनक परिस्थितियों और हादसों के शिकार हो जाते हैं।–**दीपा सिन्हा**, ईमेल से

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP9 User: c-suman.v Time: 01-14-2026 22:33 Color:

फटाफट खबरें

चांदी तीन दिन में 34 हजार रु. बढ़ी

NBT रिपोर्ट, मुंबई: सोने-चांदी के दाम बुधवार को लगातार तीसरे दिन ऑल टाइम हाई पर पहुंचे। IBJA के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,533 रुपये बढ़कर 1,42,015 पर बंद हुआ। एक किलो चांदी की कीमत 14,480 रुपये बढ़कर 2,77,512 रुपये हो गई है। एक्सपर्ट का कहना है कि तीन दिन में चांदी 34 हजार रुपये से ज्यादा महंगी हो चुकी है।

CGHS लाभार्थियों के लिए आयुष बीमा

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (CGHS) के लाभार्थियों के लिए वित्त मंत्रालय ने बुधवार को परिपूर्ण मेडिक्लेम आयुष बीमा की शुरुआत की। कहा कि इस बीमा में कैशलेस फैसिलिटी, आधुनिक उपचार की सुविधाएं और अस्पतालों का एक बड़ा नेटवर्क ऑफर किया गया है।

जापानी बैंक SMBC को मंजूरी

पीटीआई, मुंबई: भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने बुधवार को जापान के बैंक Sumitomo Mitsui Banking Corporation (SMBC) को भारत में अपनी एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बनाने की शुरुआती मंजूरी दे दी है। अभी SMBC बैंक भारत में अपनी ब्रांचों के जरिए बैंकिंग का काम कर रहा है।

भारत में बनेगी मेबैक GLS कार

पीटीआई, पुणे: जर्मनी की कार कंपनी मर्सिडीज-बेंज भारत में अपनी लुक्जरी एसयूवी मेबैक GLS (Maybach) का प्रोडक्शन शुरू करने जा रही है। अमेरिका के बाहर भारत दुनिया का इकलौता देश होगा, जहां इस मॉडल को स्थानीय स्तर पर तैयार किया जाएगा। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के एमडी और सीईओ संतोष अय्यर ने बताया कि लोकल लेवल पर तैयार होने की वजह से इसकी कीमत में करीब 42 लाख रुपये की कमी आएगी। इसकी कीमत 3.17 करोड़ रुपये है।

दिसंबर में खाने-पीने की चीज़ों के दाम बढ़ने का असर

8 महीनों के ऊंचे स्तर पर थोक महंगाई दर

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : खाद्य पदार्थों और कारखानों में बनी चीजों के दाम बढ़ने से दिसंबर में थोक महंगाई दर 8 महीनों के ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्ट्री ने बुधवार को बताया कि होलसेल प्राइस इंडेक्स (WPI) पर आधारित होलसेल इंफ्लेशन साल भर पहले के मुकाबले दिसंबर में 0.83% रही। दिसंबर 2024 में यह 2.57% थी।

दिसंबर में थोक महंगाई दर दो महीनों के बाद शून्य से ऊपर आई है। अक्टूबर में यह माइनस 1.02% और नवंबर में माइनस 0.32% थी। मिनिस्ट्री ने कहा, 'दिसंबर में महंगाई का पॉजिटिव रेट मुख्य रूप से मिनरल्स, मशीनरी, टेक्सटाइल्स और कारखानों में बने फूड प्रोडक्ट्स के दाम बढ़ने के चलते रहा।'

केयरएज की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने कहा, 'कुलमिलाकर होलसेल इंफ्लेशन अभी कंफर्टेबल लेवल पर बनी हुई है। खेती-बाड़ी की अच्छी हालत, अनुकूल बेस इफेक्ट और जलाशयों में अच्छे स्तर को देखते हुए आने वाले दिनों में फूड प्राइसेज का दबाव सीमित रखने में मदद मिलनी चाहिए।'

दिसंबर में खाद्य पदार्थों में महंगाई दर बढ़कर माइनस 0.43% हो गई, जो नवंबर में माइनस 4.16% थी। अनाज, दालों और सब्जियों के थोक भाव नवंबर के मुकाबले बढ़े। कारखानों में बनी चीजों में थोक महंगाई दर 1.82% हो गई, जो नवंबर में 1.33% थी। नॉन-फूड कैटिगरी में महंगाई दर 2.95% रही, जो नवंबर में 2.27% थी। सिन्हा ने कहा, 'पिछले साल बेस कम होने के चलते आने वाले समय में होलसेल इंफ्लेशन कुछ बढ़ सकती है, लेकिन कुलमिलाकर यह नरम ही रहेगी और इस वित्त वर्ष में इसका ऐवरेज 0.4% के आसपास रह सकता है।'

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

ईरान पर सतर्कता बरतनी होगी

बैंकिंग स्तर पर कुड ऑफल मार्केट में ओवरसप्लाई और चीन में जरूरत से ज्यादा उत्पादन के चलते कमोडिटीज के दामों में नरमी बनी हुई है। वेनेजुएला के हालात से ऑयल मार्केट्स पर कोई खास फर्क नहीं पड़ने वाला, लेकिन ईरान से जुड़ी तनाव की स्थिति को देखते हुए सतर्कता बरतनी होगी। इंडस्ट्रियल डिमांड ज्यादा होने से कॉपर और एल्युमीनियम के दाम हाल में बढ़े हैं। इससे आने वाले दिनों में होलसेल इंफ्लेशन पर प्रभाव पड़ सकता है।

सेंसेक्स 245 अंक लुढ़का, आज बाजार बंद

NBT रिपोर्ट, मुंबई: शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट देखने को मिली। ग्लोबल टेंशन के साथ IT, कंज्यूमर और कुछ बड़े बैंकिंग शेयरों में बिकवाली की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों लाल निशान पर बंद हुए। महाराष्ट्र में निकाय चुनावों की वजह से गुरुवार को शेयर बाजार बंद रहेगा। सेंसेक्स 244.98 अंक (0.29%) गिरकर 83,382.71 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 442 अंक तक नीचे चला गया था। वहीं, निफ्टी 66.70 अंक (0.26%) की गिरावट के साथ 25,665.60 पर रहा। ऑटो, रियल्टी, ऑटो और FMCG सेक्टर के इंडेक्स में गिरावट दर्ज की गई। वहीं मेटल सेक्टर 2.67 प्रतिशत और PSU बैंक 2.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। स्मॉल और मिडकैप में भी मामूली खरीदारी देखी गई। एक्सचेंज के आंकड़ों के मुताबिक, मंगलवार को FIIs ने करीब 1,500 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

चीन के आगे नहीं चला अमेरिकी टैरिफ का शिकंजा, बढ़ा मुनाफा

एपी, हॉन्ग कॉन्ग: अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से लगाए गए टैरिफ के बावजूद चीन की इकॉनमी ने दुनिया को चौंका दिया है। बुधवार को चीन की ओर से जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, साल 2025 में चीन का ट्रेड सरप्लस (व्यापारिक मुनाफा) करीब 1.2 ट्रिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। हालांकि इस दौरान अमेरिका को होने वाले एक्सपोर्ट में कमी आई, लेकिन चीन ने दूसरे देशों को माल बेचकर उसकी भरपाई कर ली।

चीन के कस्टम विभाग के मुताबिक, पिछले साल के दौरान चीन का कुल एक्सपोर्ट 5.5% बढ़कर 3.77 ट्रिलियन डॉलर रहा। इसकी बड़ी वजह चीनी कार कंपनियों और अन्य मैन्युफैक्चरर्स का दुनिया भर के नए बाजारों में अपनी पकड़ मजबूत करना है। वहीं, इंपोर्ट 2.58 ट्रिलियन डॉलर पर ही टिका रहा। बता दें कि 2024 में यह मुनाफा 992 बिलियन डॉलर के करीब था। दिसंबर के महीने में भी चीन का प्रदर्शन शानदार रहा और एक्सपोर्ट पिछले साल के मुकाबले 6.6% बढ़ा।

नए देशों से नाता जोड़ा : जब से ट्रंप दोबारा सत्ता में आए और चीन के साथ ट्रेड वॉर तेज की, तब से अमेरिका को होने वाले चीन के एक्सपोर्ट में 20% की भारी गिरावट आई है। लेकिन चीन ने इसकी भरपाई दक्षिण अमेरिका, दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और यूरोप को माल भेजकर कर दी। 2025 में अफ्रीका को होने वाला चीन का एक्सपोर्ट 26% बढ़ा। इसी तरह दक्षिण-पूर्व एशिया में 13%, यूरोपीय यूनियन में 8% की बढ़ोतरी हुई।

AI Image

भारत से चीन को निर्यात बढ़ा

साल 2025 में भारत और चीन के बीच वाले कारोबार को लेकर नई रिपोर्ट सामने आई है। चीन को होने वाले भारतीय एक्सपोर्ट में पिछले साल के मुकाबले 5.5 बिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। लेकिन इसके साथ ही दोनों देशों के बीच 'ट्रेड डेफिसिट' (व्यापार घाटा) बढ़कर 116.12 बिलियन डॉलर के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। चीन के कस्टम विभाग की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में दोनों देशों के बीच कुल द्विपक्षीय व्यापार अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 155.62 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया है। भारत और चीन के व्यापार में सबसे बड़ी समस्या हमेशा से 'ट्रेड डेफिसिट' रही है। मतलब, भारत चीन को माल बेचता कम है और वहां से खरीदता ज्यादा है।

महाराष्ट्र निर्यात के लिए तैयारी में आगे, यूपी चौथे नंबर पर

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : निर्यात के लिए जरूरी सुविधाओं और प्रदर्शन के मामले में महाराष्ट्र काफी अव्वल पाया गया है। तमिलनाडु दूसरे, गुजरात तीसरे और यूपी चौथे नंबर पर रहा। यह रैंकिंग नीति आयोग ने की है। आयोग ने बुधवार को एक्सपोर्ट प्रीपेयर्डनेस इंडेक्स (EPI) 2024 जारी किया।

नीति आयोग ने दी रैंकिंग, छोटे राज्यों में उत्तराखंड पहले, J&K दूसरे नंबर पर

इस इंडेक्स के मुताबिक, बड़े राज्यों में यूपी के बाद आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और पंजाब का नंबर रहा। वहीं, छोटे राज्यों में सबसे आगे उत्तराखंड रहा। उसके बाद जम्मू कश्मीर, नागालैंड, दादरा एवं नागर हवेली, दमन एवं दिव और त्रिपुरा का स्थान रहा।

इस रैंकिंग में एक्सपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, बिजनेस इकोसिस्टम, पॉलिसी एंड गवर्नेंस और एक्सपोर्ट परफॉर्मेंस पर गौर किया गया। रिपोर्ट जारी करते हुए नीति आयोग के सीईओ बी वी आर सुब्रमण्यम ने कहा कि भारत कई देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स और इकनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट्स कर रहा है, ऐसे में देश में निर्यात के लिए अच्छी व्यवस्था का होना अहम है। उन्होंने कहा कि राज्यों को ऐसा इकोसिस्टम मजबूत करना होगा, जो नए अवसरों और चुनौतियों के लिए तैयार रहे और वैश्विक मानकों के अनुसार भी हो। उन्होंने कहा कि राज्यों को विभिन्न जिलों में प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देना चाहिए।

इस मौके पर आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने कहा कि व्यापार के नए अवसरों का फायदा उठाने पर राज्यों का जोर होना चाहिए, साथ ही उत्पादों की गुणवत्ता बेहतर रहे, इसका ध्यान भी रखना चाहिए।

प्लेन में कर सकेंगे कॉल-मेसेज, बिना चार्जर फोन होगा चार्ज

Maneesh Aggarwal
@timesofindia.com

नई दिल्ली : एयर इंडिया बेड़े में शामिल हुए बी-787-9 हवाई जहाज में सफर करना अपने आप में एक अलग अनुभव होगा। 296 यात्री क्षमता वाले इस हवाई जहाज में बिजनेस, प्रीमियम इकॉनमी और इकॉनमी क्लास होंगे। जिसमें यात्रियों को रूट वाइज देश-विदेश का बेहतर और स्वादिष्ट खाना और लीकर सर्व की जाएगी।

एयर इंडिया के बेड़े में शामिल हुआ बी-787-9 प्लेन

FILE

जानकारों का कहना है कि इस हवाई जहाज को कई खूबियों से लैस किया गया है। इसमें यात्रियों को आने वाले कुछ समय में यात्रा के दौरान इंटरनेट की सुविधा भी दी जाएगी। जिसमें यात्री जमीन से 35 हजार किलोमीटर ऊंचाई पर उड़ान भरते हुए वाई-फाई से अपने मोबाइल फोन और लैपटॉप जैसे डिवाइस को कनेक्ट कर इस प्लेन से वट्सग्रेप पर अपने परिजनों, यार-दोस्तों और ऑफिस के लिए जरूरी कॉल, फोटो और मैसेज का आदान-प्रदान कर सकेंगे। इससे यात्री अपने मनोरंजन के लिए भी मनचाही मूवी, गाने और जो भी चाहें। वह सर्च कर देख और सुन सकेंगे। इस फीचर को इस प्लेन में आने वाले कुछ दिनों में ऐड किया जाएगा।

इसके अलावा इस इसमें एक और फीचर होगा। जिसमें यात्रियों को सफर के दौरान अपने मोबाइल फोन को चार्ज करने के लिए चार्जर की जरूरत नहीं होगी। इसमें मोबाइल फोन को चार्ज करने के लिए वायरलेस चार्जिंग सुविधा मिलेगी। इसके अलावा इसमें बिजनेस क्लास के यात्रियों को प्राइवेसी भी मिलेगी। एयर इंडिया अपने बिजनेस क्लास के यात्रियों को भी उनकी प्राइवेसी का ध्यान रखते हुए इसमें प्राइवेसी डोर फीचर दे रही है।

Infosys को 1,289 करोड़ रुपये का घाटा

NBT रिपोर्ट, मुंबई: देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस (Infosys) ने बुधवार को अपने दिसंबर तिमाही (Q3FY26) के नतीजे घोषित किए। कंपनी ने बताया कि नए लेबर कोड (श्रम कानूनों) के लागू होने की वजह से उसे इस तिमाही में 1,289 करोड़ रुपये का एकमुश्त बोझ उठाना पड़ा है।

अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में इंफोसिस का कुल मुनाफा पिछले साल के मुकाबले 2.2 प्रतिशत गिरकर 6,654 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल इसी दौरान यह 6,806 करोड़ रुपये था। हालांकि, कंपनी की कुल कमाई 8.89 प्रतिशत बढ़कर 45,479 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो पिछले साल 41,764 करोड़ रुपये थी।

ICICI प्रूडेंशियल AMC का 45% बढ़ा मुनाफा : ICICI प्रूडेंशियल असेट मैनेजमेंट कंपनी (AMC) ने बुधवार को बताया कि दिसंबर तिमाही (2025) में कंपनी का मुनाफा पिछले साल के मुकाबले 45 प्रतिशत बढ़कर 917 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी 14.85 रुपये प्रति शेयर का डिविडेंड देगी।

AI Image

यूनियन बैंक का मुनाफा 9.7% बढ़ा : फिस्कल सेक्टर के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का कुल मुनाफा 9.7 प्रतिशत बढ़कर 5,073 करोड़ रुपये रहा। बैंक की ब्याज से होने वाली मुख्य कमाई 0.95 प्रतिशत बढ़कर 9,328 करोड़ रुपये रही। बैंक की अन्य माध्यमों (बिना ब्याज वाली) से होने वाली कमाई 2.82 प्रतिशत बढ़कर 4,541 करोड़ रुपये रही।

नवभारत टाइम्स

Enterटेनमेंट masalamix

स्टेबिन-नुपुर के जश्न में शामिल हुए भाईजान

कृति सेनन की बहन नुपुर सेनन और सिंगर स्टेबिन बेन की रिसेप्शन पार्टी में बॉलिवुड से लेकर टीवी जगत के तमाम सितारों का जमावड़ा लगा। मुंबई में हुए इस ग्रैंड सेलिब्रेशन में चार चांद लगाने सलमान खान भी पहुंचे। सलमान के अलावा मौनी रॉय, दिशा पाटनी, सोनू सूद समेत तमाम सिलेब्स शामिल हुए थे।

'खुद को कमतर मानकर कोसती थी'

तापसी पन्नू ने बीते दिनों अपने संघर्षों पर बात की। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि कैसे बिना किसी सही गाइडेंस के फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने की वजह से उन्हें खुद से ही जंग लड़नी पड़ी। तापसी ने अपने फिल्मी सफर को लंबा, उतार-चढ़ाव भरा और दर्दनाक बताया। उन्होंने कहा, 'जब मैंने इंडस्ट्री में शुरुआत की, तब मुझे कोई अंदाजा नहीं था कि यहां टिके रहने के लिए क्या-क्या चाहिए। अगर मुझे पहले पता होता कि मैं करियर बना सकती हूं, तो मैं खुद को बेहतर तरीके से शूम कर पाती।'

तापसी ने कहा, 'लगातार खुद को दोष देने का असर मेरे मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ा। मैं रोज खुद को इस बात के लिए कोसती थी कि मुझमें कहीं न कहीं कमी रह गई है।' उन्होंने माना कि बाद में उन्हें समझ आया कि हर कलाकार को आगे बढ़ने के नए मौके मिलते हैं। खूबसूरती को लेकर अपनी असुरक्षाओं पर तापसी ने कहा 'मुझे लगता था कि मैं बार्बी वाली ऐक्ट्रेस जैसी नहीं दिखती, इसलिए मुझे हीरोइन क्यों चुना जाएगा।'

अदीरा संग पतंग उड़ाकर मनाई मकर संक्रांति : रानी

मेरी कोशिश है कि अदीरा (बेटी) को मैं एक ऐसा वातावरण दूं जहां वह हर त्योहार एंजॉय करे। मेरा सोचना है कि अदीरा को हर पर्व का महत्व पता होना चाहिए। जैसे, आज मकर संक्रांति पर अदीरा के साथ पतंग उड़ाती हूं, जिसका उनको काफी इंतजार रहता है।

Upma.Singh@timesofindia.com

सिनेमा इंडस्ट्री में इस साल तीन दशक का शानदार सफर पूरा करने वाली ऐक्ट्रेस रानी मुखर्जी जल्द ही अपनी कामयाब फिल्म फ्रेंचाइजी मर्दानी 3 में एक बार फिर बिंदास पुलिस ऑफिसर शिवानी शिवाजी रॉय को पर्दे पर जीती नजर आएंगी। इस फिल्म के प्रमोशन के लिए मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर नवभारत टाइम्स के साथ रूबरू रानी मुखर्जी ने बताया कि वह बेटी अदीरा के साथ पतंग उड़ाकर मकर संक्रांति मनाती हैं। रानी ने यह भी बताया कि वह हर त्योहार को बहुत प्यार और उत्साह से मनाती हैं और वह चाहती हैं कि उनकी बेटी अदीरा भी हर संस्कृति, हर राज्य के त्योहारों को जाने और उसे एंजॉय करे।

हर त्योहार का महत्व समझे बेटी अदीरा

मकर संक्रांति की शुभकामनाओं से शुरू हुई बातचीत के दौरान रानी ने अपने पसंदीदा त्योहार के बारे में कहा, 'मैं हर त्योहार बहुत ही प्यार से मनाती हूं। वह चाहे क्रिसमस हो, होली हो, दिवाली हो। दुर्गापूजा, सरस्वती पूजा, गणेशोत्सव, महाशिवरात्रि, मैं हर पर्व बहुत उत्साह से मनाती हूं क्योंकि मैं मुंबई में पली बढ़ी हूं। मुंबई जैसे कॉस्मोपॉलिटन (विविध संस्कृति वाले) शहर में बड़े होने के नाते मेरे दोस्त भी हर प्रांत के रहे हैं तो हम सब मिलकर हर त्योहार मनाते रहे हैं और मेरी कोशिश है कि अदीरा (बेटी) को भी मैं वैसा ही वातावरण दूं कि वह हर त्योहार एंजॉय करे। मैं चाहती हूं कि वो भी ऐसे ही बड़ी हो। इसलिए, अभी हमारी जो न्यू इयर आएगी गुड़ी पाड़वा, बंगाली न्यू इयर वो भी मैं मनाती हूं। अदीरा की नर्स केरल से थी तो हम ओणम भी मनाते थे। मेरा सोचना है कि अदीरा को हर पर्व का महत्व पता होना चाहिए। इसी तरह, मकर संक्रांति पर अदीरा के साथ पतंग उड़ाती हूं, जिसका उनको काफी इंतजार रहता है।'

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP10 User: cci Time: 01-14-2026 23:02 Color:

मुस्कुराने से मन को मिले शांति और सुकून!
जब हम मुस्कुराते हैं, तो हमारे दिमाग में 'अल्फा' तरंगें पैदा होती हैं। ये तरंगें मन को शांति और सुकून का अहसास कराती हैं।

विचार

सफलता का मतलब सिर्फ ऊंचाई तक पहुंचना नहीं होता। असली सफलता तब होती है, जब इंसान गिरकर फिर हिम्मत जुटाए, खुद को संभाले और दोबारा आगे बढ़ने की ताकत दिखाए।
– सुकरात (Socrates)

ज़रा हंस लें

डॉक्टर : तुमने आने में देर कर दी।
पप्पू : क्या हुआ डॉक्टर साहब, कितना वक्त बचा है मेरे पास? **डॉक्टर :** मर नहीं रहे हो, 6 बजे का अपॉइंटमेंट था 7 बजे आए हो।

कविता : मिलन

रात्रि जाने क्यों है
प्रात: आने क्यों है
एक पल वो मिलन का…
बहती नदिया की धारा

और वो स्थिर किनारा
एक क्षण वो मिलन का…
आकाश की फैली बाहें
धरती का विस्तृत आंचल

एक भ्रम वो मिलन का…
भंवरे की शरारत
और फूलों की नजाकत
अनुराग वो मिलन का…

समुद्र का पानी खारा
और नदिया की मीठी धारा
फिर भी इंतजार वो मिलन का…
किसान के हल का प्रहार

धरती का सीना हुआ तार-तार
अंकुरण वो नव जीवन का…
मिलन का ये रूप
वास्तविक प्रेम का है स्वरूप।

– मोनिका जैन, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

विदेशी परिंदों से नजफगढ़ झील गुलजार... इस बार ज़्यादा पक्षी पहुंचे

विदेशी परिंदों की महफिल से खिला दिल्ली का दिल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

नजफगढ़ झील दिल्ली एनसीआर का दूसरा सबसे बड़ा वेटलैंड है। यह हरियाणा और दिल्ली में फैली हुई है। इस लिहाज से यह झील विदेशी परिंदों को भी काफी पसंद है। इस बार हुए एडब्ल्यूसी-2026 में यहां विदेशी पक्षियों की प्रजातियां और उनकी संख्या पिछले दो सालों से अधिक मिली। झील इस समय पक्षियों से गुलजार है।

नजफगढ़ झील खास तौर पर पानी में रहने वाले पक्षियों के लिए आदर्श है। पानी के आसपास रहने वाले पक्षियों को यहां खाने के लिहाज से काफी कुछ मिल जाता है। सर्दियों के दौरान यहां गीज, डक और वेडर प्रजाति के काफी पक्षी आते हैं।

इकोलॉजिस्ट और वेटलैंड्स इंटरनैशनल साउथ एशिया के एडब्ल्यूसी दिल्ली स्टेट कोऑर्डिनेटर टी के रॉय ने बताया नजफगढ़ झील पूरी तरह मॉनसून की बारिश पर निर्भर है। झील में पानी का मुख्य सोर्स साहिबी नदी थी लेकिन रेवाड़ी पर इस नदी पर बने मसानी बैराज से साहिबी नदी अब दिल्ली में नहीं है। इसका असर नजफगढ़ झील पर भी दिखा है। इसकी वजह से नजफगढ़ झील सिकुड़ गई है।

वेटलैंड इंटरनैशनल एनुअल एशियन वॉटरबर्ड सेंसस (एडब्ल्यूसी) इंटरनैशनल वॉटरबर्ड सेंसस का हिस्सा है। यह एशिया और ऑस्ट्रेलिया के 27 देशों में जनवरी में की जाती है।





NCR में अधिकांश जगहों पर सेंसस में पक्षियों की संख्या और प्रजातियां कम हुई हैं, लेकिन नजफगढ़ झील में संख्या बढ़ी है।

कौन से विदेशी पहुंचे यहां

■ बार हेडेड गीज ■ ग्रेलैग गीज ■ नॉर्दर्न शोवेलर ■ गढ़वाल ■ कॉमन टील ■ नॉर्दर्न पिनटेल ■ यूरेशियन कूट ■ यूरेशियन विगॉन ■ ग्रेट कॉर्मोरेंट

दुर्लभ पक्षियों के भी दीदार

एडब्ल्यूसी-2026 के दौरान नजफगढ़ झील में 82 पक्षियों की प्रजातियां मिलीं। इनमें 36 रेजिडेंट प्रजातियां और 46 विदेशी प्रजातियां शामिल हैं। इनमें 11 प्रजातियां ऐसी हैं आईयूसीएन के लुप्त होने वाले पक्षियों की लिस्ट में शामिल हैं।

चार सालों में नजफगढ़ झील का एशियाई जलपक्षी गणना (AWC) डेटा



काशी की कपड़ा इंडस्ट्री को बढ़ावा देने की पहल

और बढ़े बनारसी साड़ी की शान, शहर में बनेगा टेक्सटाइल पार्क

Rajeev.Dikshit@timesofindia.com



■ **वाराणसी :** काशी के बुनकरों की वर्षों पुरानी टेक्सटाइल पार्क की मांग जल्द पूरी होने वाली है। बनारसी साड़ी और टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए यूपी हथकरघा और वस्त्र विभाग शहर के रमना एरिया में अत्याधुनिक टेक्सटाइल पार्क की स्थापना करने जा रहा है। जमीन फाइनल हो गई है। दावा है कि एक साल के अंदर पार्क तैयार हो जाएगा। हथकरघा व वस्त्र विभाग के कमिश्नर और डायरेक्टर के. विजयेन्द्र पांडियन ने अधिकारियों, स्टेकहोल्डर्स से मुलाकात कर बनारसी साड़ी व कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव मदद का वादा किया।

पांडियन ने कहा कि वह टेक्निकल टेक्सटाइल पॉलिसी का फायदा उठाने पर काम कर रहे हैं। नॉर्दर्न इंडिया टेक्सटाइल रिसर्च असोसिएशन (NITRA) पार्क के लिए फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार कर रहा है। 3 महीने में डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार हो जाएगी। पार्क को सिर्फ एक साल में शुरू करने का टारगेट है।

रेशम उत्पादों को मिलेगा GI टैग।

डीएम सत्येंद्र कुमार ने कहा कि प्रोजेक्ट के लिए जमीन तय कर ली गई है। पार्क में कच्चा माल और धागा बैंक, NIFT और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ हैंडलूम टेक्नॉलजी के साथ R&D पार्टनरशिप और बुनकरों को सपोर्ट करने के लिए एक बुनकर सेवा केंद्र होगा। पार्क में जरी और कढ़ाई यूनिट, प्रोसेसिंग और डाइंग यूनिट भी होंगी। रेशम उत्पादों को प्रमाणित करने के लिए सिल्क मार्क और GI टैग के लिए आवेदन की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है।

NBT जन्मदिन मुबारक

मायावती

मायावती का जन्म 15 जनवरी 1956 को दिल्ली में हुआ। वह राजनीति में आने से पहले एक स्कूल टीचर थी और IAS बनना चाहती थी, लेकिन कांशीराम के प्रभाव में आकर राजनीति में आईं। वह 4 बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं और भारत की पहली दलित महिला मुख्यमंत्री बनीं।

डिंपल यादव

डिंपल यादव का जन्म 15 जनवरी 1978 को महाराष्ट्र में हुआ। वह समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव की पत्नी हैं। 2012 में कन्नौज लोकसभा उपचुनाव में निर्विरोध जीत हासिल की। इससे पहले 2009 में वह कांग्रेस प्रत्याशी राजबब्बर से हार गई थीं। वर्तमान में वह मैनपुरी से लोकसभा सांसद हैं।

नील नितिन मुकेश

मशहूर गायक मुकेश के पौते और नितिन मुकेश के बेटे नील नितिन मुकेश का जन्म 15 जनवरी 1982 को हुआ। उन्होंने बचपन में 'विजय' और 'जैसी करनी वैसी भरनी' फिल्म में काम किया था। बतौर लीड एक्टर उनका करियर 2007 में 'जॉनी गद्दार' से शुरू हुआ। 'न्यूयॉर्क', '7 खून माफ' उनकी बेहतरीन फिल्में रहीं।

मोहसिन रजा

मोहसिन रजा का जन्म 15 जनवरी 1968 को लखनऊ में हुआ। राजनीति में आने से पहले वह क्रिकेटर थे और रणजी ट्रॉफी खेल चुके हैं। उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में भी हाथ आजमाया। 2017 में योगी सरकार के पहले कार्यकाल में इकलौते मुस्लिम मंत्री बने थे। वह MLC भी रह चुके हैं।

इमोशनल शब्दों की बनी यह ढाल यूं बनी लाइफगार्ड

25 साल से बच्चों की रखवाली करती कविता

■ कृष्णकुमार के. ई., कोच्चि

R K Sreejith

मलयालम के महान कवि और गीतकार वायलार रामवर्मा ने अपने प्रसिद्ध फिल्मी गीत से पेरियार नदी को साहित्य में अमर कर दिया। इस गीत में अलुवा पुजा यानी पेरियार को ऐसे बहते हुए चित्रित किया गया है, मानो हजारों पायलें एक साथ छनक रही हों। लेकिन इस काव्यात्मक सुंदरता के पीछे दशकों तक एक डरावना सच छिपा रहा।

अलुवा मणप्पुरम क्षेत्र में अवैध और बेतहाशा रेत खनन ने नदी की तलहटी को खोखला कर दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि नदी के कई हिस्से बेहद खतरनाक बन गए। हिहर साल वह नदी लोगों की जान लेने लगी, जिनमें सबसे ज्यादा मासूम बच्चे शामिल थे, जो खेलने या नहाने के लिए नदी किनारे पहुंचते थे। मौतों का सिलसिला चलता रहा, लेकिन सरकारी स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं हुई।

साल 1999 में हालात तब बदले जब लंच ब्रेक के दौरान दो स्कूली बच्चे अचानक बने भंवर में फंसकर डूब गए। इस हादसे ने पास के मुप्पथडम के निवासी कवि सिवन मुप्पथडम को भीतर तक झकझोर दिया। गहरे शोक में डूबे सिवन ने मणप्पुरम की रेत पर बैठकर 20 पंक्तियों की एक भावुक कविता लिखी- 'एंटे मक्कले' (मेरे बच्चो)। यह कविता एक पिता की दिल से निकली पुकार थी। कविता की शुरुआत ही एक सख्त चेतावनी से होती है-

'मक्कले! निंगल इव्रोट इरंगीडल्ले, तकतुग पारिविरपुडिकिडे मृत्यु' (बच्चो! यहां मत आना, यहां मौत मौके की तलाश में बैठी है)

घाट पर डूबने की घटनाएं लगभग खत्म

सिवन को जल्द एहसास हुआ कि कागज पर लिखे शब्द समय के साथ भुला दिए जाते हैं। इसलिए 2000 में नदी किनारे कविता की पंक्तियों वाला चेतावनी पिलर लगाया गया। बाद में मूर्तिकार बालचंद्रन मुप्पथडम के सहयोग से इसे 'अम्मा' नाम की कंक्रीट मूर्ति का रूप दिया गया, उद्घाटन 3 मार्च 2002 को हुआ। समय के साथ यह मूर्ति मजबूत पीले चेतावनी पिलर में बदल गई। 1 जनवरी 2025 को इस चेतावनी ने 25 साल पूरे कर लिए। इसके असर से इस घाट पर डूबने की घटनाएं लगभग खत्म हो चुकी हैं। अलुवा की यह कहानी बताती है कि जब कला और साहित्य लोगों के दिल तक पहुंचते हैं, तो वे जिंदगियां भी बचा सकते हैं।

देश- विदेश

www.mumbai.nbt.in

थाइलैंड में ट्रेन पर क्रेन गिरी, 32 लोगों की मौत

■ **एपी, बैंकॉक:** थाइलैंड के पूर्वोत्तर में बुधवार को तेज रफ्तार ट्रेन पर 65 फीट की ऊंचाई से एक क्रेन गिर गई। इसके चलते ट्रेन पटरी से उतर गई और कई डिब्बों को नुकसान हुआ। इस हादसे में 32 लोगों की जान गई।

RTE का मतलब है, जजों और स्ट्रीट वेंडरों के बच्चे एक साथ पढ़ें: SC

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शिक्षा का अधिकार (RTE) का मतलब है कि जजों और स्ट्रीट वेंडर के बच्चे एक साथ पढ़ें। यह बंधुत्व और समानता को बढ़ावा देता है। कोर्ट ने आरटीई की धारा 12(1)(c) के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश जारी किए। इसके तहत निजी गैर-अनुदानित संस्थानों और

AI Image

विशेष श्रेणी के स्कूलों को कक्षा एक में 25 फीसदी सीटों पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को दाखिला देना होता है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर की बेंच ने 13 जनवरी को दिए फैसले में कहा कि सही तरीके से समझा जाए तो यह वैधानिक स्ट्रक्चर बेहद महत्वाकांक्षी है। यह वर्ग, जाति, लिंग और आर्थिक स्थिति के पूरे दायरे में आने वाले सभी बच्चों के लिए साझा संस्थागत स्थान में प्राथमिक शिक्षा की परिकल्पना करता है। यह मानक और संरचनात्मक रूप से इस बात को संभव बनाता है कि किसी करोड़पति या यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट के किसी जस्टिस का बच्चा भी उसी कक्षा में और उसी बेंच पर बैठे, जिस पर एक ऑटो-रिक्शा चालक या सब्जी विक्रेता का बच्चा बैठा हो।

समान और एकीकृत एजुकेशन का सिद्धांत

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

कोठारी आयोग की रिपोर्ट में एक सामान्य विद्यालय प्रणाली की सिफारिश की गई थी, जहां सामाजिक या आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना सभी बच्चे स्कूलों में पढ़ें और एकीकृत, गैर-विभाजित माहौल में शिक्षा ग्रहण करें।

यह मॉडल जाति, वर्ग और लिंग की बाधाओं को तोड़ता है और समानता एवं सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाता है। SC का मौजूदा आदेश इस मामले में सामाजिक न्याय के सिद्धांत को और मजबूत करेगा।

मलेरिया के मच्छरों पर दवाएं हुईं बेअसरः स्टडी

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

AI Image

■ **नई दिल्ली :** भारत ने 2030 तक मलेरिया को पूरी तरह खत्म करने का लक्ष्य तय किया है, लेकिन इस राह में अब एक नई चुनौती सामने आई है। मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों ने न सिर्फ अपना व्यवहार बदला है बल्कि कीटनाशक दवाओं का असर भी कम होता जा रहा है। यह खुलासा भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) के नैशनल मलेरिया इंस्टिट्यूट ऑफ रिसर्च, गोवा की एक ताजा स्टडी में हुआ है। चिंताजनक बात यह है कि कई जिलों में मलेरिया के मच्छरों ने आमतौर पर इस्तेमाल होने वाली कीटनाशक दवाओं के खिलाफ प्रतिरोध विकसित कर लिया है। यानी मच्छर मारने के लिए जिन दवाओं और स्प्रे का इस्तेमाल हो रहा है, वे अब बेअसर हो गए हैं।

यह अध्ययन देश के आठ राज्यों के 14 जिलों में किया गया। रिसर्च का नेतृत्व संस्थान के वैज्ञानिक अजीत कुमार मोहंती ने किया। इस दौरान वैज्ञानिकों ने मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों की प्रजातियों, उनकी संख्या, इंसानों को काटने की आदत, घर के अंदर या बाहर रहने का व्यवहार और कीटनाशकों के प्रति उनकी प्रतिक्रिया का विस्तार से अध्ययन किया।

US में पालक पनीर गर्म करने से रोका था, देना पड़ा ₹1.8 करोड़ का हर्जाना

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

भोपाल के आदित्य प्रकाश और कोलकाता की उर्मी ने अमेरिका की यूनिवर्सिटी में लिया था दाखिला।

■ **नई दिल्ली:** पालक पनीर से किसी को बदबू आ सकती है क्या? अमेरिका की यूनिवर्सिटी में इसी मुद्दे पर दो भारतीय स्टूडेंट्स को नस्लीय भेदभाव का सामना करना पड़ा। दोनों स्टूडेंट कोर्ट गए और अब करीब 2 साल बाद कोर्ट ने उन्हें 2 लाख डॉलर (1.8 करोड़ रुपये) का हर्जाना देने का आदेश दिया है।

यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो बोल्डर के एंथ्रोपोलॉजी विभाग में पीएचडी कर रहे आदित्य प्रकाश अपने लंच में लाए पालक पनीर को माइक्रोवेव में गर्म कर रहे थे। तब एक स्टाफ सदस्य वहां आई और खाने से तेज बदबू आने की शिकायत करते हुए उन्हें माइक्रोवेव इस्तेमाल न करने को कहा।

भोपाल के आदित्य और कोलकाता की उर्मी ने बताया कि अमेरिका में उनका पहला साल बिना किसी परेशानी के गुजरा। लेकिन जैसे ही माइक्रोवेव में खाना गर्म करने की घटना हुई, हालात बदल गए। उर्मी को टीचिंग असिस्टेंट की नौकरी हटा दिया और दंगा भड़काने तक के आरोप लगाए गए।

क्लास के 29 स्टूडेंट्स ने दिया था साथ

उर्मी ने बताया कि क्लास के 29 स्टूडेंट्स ने उनके समर्थन में आवाज उठाई। मई 2025 में आदित्य और उर्मी ने कोर्ट में मुकदमा दायर किया। आदित्य का कहना है कि इसके बाद उन्हें परेशान किया जाने लगा। बाद में सितंबर 2025 में यूनिवर्सिटी ने स्टूडेंट्स से समझौता किया। उन्हें 2 लाख डॉलर का मुआवजा देना तय किया। हालांकि, उन्हें भविष्य में उसी यूनिवर्सिटी में पढ़ने या काम करने की अनुमति नहीं दी गई। आदित्य और उर्मी अब भारत लौट आए हैं।

मनोरंजन



राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद
Ministry of Culture Government of India
ब्लॉक-जीएन, सेक्टर-V, बिधान नगर
कोलकाता-700 091

विज्ञापन संख्या 02/2026
"एनसीएसएम : डॉ. सरोज घोष चेयर" के लिए आवेदन

राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम), भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन कार्यरत एक स्वायत्त वैज्ञानिक संगठन है, जिसकी देशभर में 26 इकाइयाँ हैं, एतद्द्वारा "एनसीएसएम : डॉ. सरोज घोष चेयर" उनके सम्मान में गठित, के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। इस चेयर का पदधारी राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रतिष्ठित व्यक्ति होना चाहिए जो वैज्ञानिक संग्रहालयों की स्थापना, अनुसंधान, परामर्श और साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार, केंद्र एवं राज्य सार्वजनिक उपक्रमों, स्वायत्त निकायों, कॉर्पोरेट, निजी क्षेत्र के संगठनों आदि के साथ नेटवर्क बनाने में मार्गदर्शन और प्रेरित कर सके। विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया एनसीएसएम की वेबसाइट: ncsm.gov.in देखें। अंतिम तिथि: 15.02.2026

पश्चिम मध्य रेल
सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु ई-निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/116/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण/विनिर्देश के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर ई-निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

क्र.	टेंडर नं.	संक्षिप्त वर्णन	निविदा मात्रा	खुलने तारीख
1	30256038	16.25T बोगी फ्रेम्स फॉर ICF कोचेस	190 नंबर	02/02/2026
2	30256032	सप्लाई इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ इलेक्ट्रो pneumatic pressurized फ्लशिंग सिस्टम	460 सेट	05/02/2026
3	30251518	एक्सल बॉक्स फाउंडेट बुश विथ सील्ड और होल पिन	2836 नंबर	09/02/2026
4	20252530	EQUALISER स्प्रिंग सीट	304 सेट	17/02/2026

50 लाख रुपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। (हस्ता.)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

SOUTH CENTRAL RAILWAY
Follow us on @SCRailwayIndia
Details of the Tender Notices of S.C Railway can be seen on our website : www.scr.indianrailways.gov.in

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर सिकंदराबाद मंडल, दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

निविदा संख्या एवं तिथि: C_SG_36_586 दिनांक: 12.01.2026 बंद होने की तिथि: 04.02.2026 कार्य का नाम: केसमुद्रम (केडीएम) स्टेशन पर डीकेजे छोर की ओर पुराने आउटडोर सिग्नलिंग संपत्तियों के प्रतिस्थापन के लिए सिग्नलिंग व्यवस्था। अनुमानित मूल्य: (₹) 1,40,87,388.60/- बोली सुरक्षा / ईएमडी: (₹) 2,20,400/-
वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर, A2226 सिकंदराबाद

आगे की निविदा शर्तों / विवरण और निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने के लिए, कृपया वेबसाइट देखें: https://www.ireps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
एलपीएससी, वलियमला, निर्माण व अनुरक्षण प्रभाग
फोन.: 0471-256 7445 / 7326 / 7577 ई-मेल: contracts_cmg@lpsc.gov.in

ई-निविदा आमंत्रित करने की संक्षिप्त सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा द्वारा मद-दर निविदाएं आमंत्रित हैं।
ई-एनआईटी सं. एलपीएससी-वी/सीएमडी/सीएस/01/1139/सी/टीई-026/2025-26 दिनांक 13.01.2026 एल पी एस सी, वलियमला में एम टी आर एल बिल्डिंग के पास एल एन2 यार्ड का निर्माण-सिविल कार्य। (निविदा में दी गई अनुमानित लागत: ₹ 47.70 लाख)

अनुरोध करने की अवधि : 15.01.2026, 17:00 बजे से 27.01.2026, 23:30 बजे तक

इच्छुक निविदाकार पात्रता मानदंड एवं अन्य विवरण हेतु वेबसाइट https://www.isro.gov.in/Tenders.html, https://www.lpsc.gov.in/tender.html पर दिए गए विस्तृत द्विभाषी (हिंदी-अंग्रेजी) निविदा आमंत्रित करने हेतु सूचना (एन आई टी) का संदर्भ लें एवं वेबसाइट https://www.tenderwizard.com/isro पर निःशुल्क निविदा देखें।
एसडी/- प्रधान, सीएमडी/एलपीएससी (सी)

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP11 User: cci Time: 01-14-2026 22:37 Color:

फटाफट खबरें

ताज में 17 जनवरी को पूरे दिन फ्री एंट्री

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** ताजमहल में मुगल बादशाह शाहजहां का 371वां उर्स 15 से 17 जनवरी तक मनाया जाएगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक 15 और 16 जनवरी को दोपहर 2 बजे के बाद स्मारक में एंट्री फ्री रहेगी। जबकि उर्स के आखिरी दिन 17 जनवरी को पूरे दिन प्रवेश निशुल्क रहेगा। उर्स के दूसरे दिन 16 जनवरी को शुक्रवार है।

संभल: ASP पर दर्ज नहीं होगी FIR

■ **NBT रिपोर्ट, संभल:** संभल हिंसा मामले में ASP समेत 15 पुलिस वालों पर मुकदमा दर्ज करने के आदेश को संभल पुलिस हाई कोर्ट में चुनौती देगी। फिलहाल पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज नहीं होगी। जिले की सीजेएम कोर्ट ने 24 नवंबर 2024 को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुई हिंसा में गोली लगने से घायल युवक के केस में FIR दर्ज करने के आदेश दिए थे। संभल के एसपी कृष्ण कुमार की मानें तो हिंसा की न्यायिक जांच हो चुकी है, उसमें पुलिस की गोली चलाने की भूमिका सामने नहीं आई।

MP: स्कूल को तोड़ने का विरोध

■ **भाषा, बैतूल:** मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में अब्दुल नईम नाम के एक व्यक्ति ने कथित तौर पर स्कूल के लिए एक इमारत बनवाई, लेकिन प्रशासन ने इस निर्माण को अवैध बताते हुए एक हिस्से को गिरा दिया। यह मामला भैंसदेही तहसील के अंतर्गत आने वाले धाबा गांव का है। नईम और स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का विरोध किया।

85 लाख भक्तों ने एकादशी पर संगम में लगाई डुबकी

संक्रांति स्नान के लिए प्रयागराज पहुंच रही है जनता

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज:

माघ मेले में बुधवार को मकर संक्रांति से एक दिन पहले षटतिला एकादशी पर करीब 85 लाख श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। बुधवार सुबह से शुरू हुआ स्नान का क्रम देर शाम तक चलता रहा। कुछ स्नानार्थी तो स्नान के बाद वापस चले गए जबकि बड़ी संख्या में श्रद्धालु मेले में रुके हैं, जो मकर संक्रांति स्नान के बाद गुरुवार को वापस लौटेंगे। मंडलायुक्त प्रयागराज सौम्या अग्रवाल, संयुक्त पुलिस कमिश्नर डॉ अजय पाल शर्मा और डीएम मनीष वर्मा ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि कमिश्नरेट और मेला क्षेत्र में बड़ी संख्या में स्नानार्थी पहुंच रहे हैं। स्नानार्थियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

लोगों की सुरक्षा के लिए सिविल पुलिस के साथ ही जल पुलिस, पीएसी की बाढ़ राहत कंपनी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, एटीएस, एसटीएफ और ट्रैफिक पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। कमिश्नरेट में 1152 जबकि मेला क्षेत्र में 400 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इनमें एआई इनेबल्ड कैमरे और ड्रोन भी शामिल हैं। जिनसे लगातार मेले पर निगरानी रखी जा रही है। संगम नोज स्नान घाट के आसपास आठ एआई इनेबल्ड कैमरे लगाए गए हैं।

'अहसास शब्दों में बयां करना मुश्किल'

बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव भी माघ मेले में पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि साल में एक बार आने वाले इस मेले में उन्हें इस पवित्र भूमि पर घूमने का सौभाग्य मिलता है, जिसका एहसास शब्दों में बयां करना मुश्किल है। राजपाल यादव ने बताया कि वह हर साल माघ मेले में आते हैं और इस अनुभव का आनंद लेते हैं।

मेले में आग, टेंट जले

माघ मेला क्षेत्र के सेक्टर नंबर चार स्थित एक शिविर में बुधवार शाम आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आने से छह टेंट जलकर नष्ट हो गए। हादसे में 20 हजार रुपये नकदी समेत कल्पवासियों की गृहस्थी का पूरा सामान भी जल गया। अग्निशमन विभाग ने दीये से आग लगने की आशंका जताई है। इससे पहले मंगलवार को सेक्टर पांच में काली सड़क पर श्रीराम एवं मानस प्रचार संघ (श्री नामायन धाम) शिविर के दो टेंट में आग लगी थी।

अयोध्या में भी लोगों ने किया स्नान

NBT न्यूज अयोध्या: मकर संक्रांति और मौनी अमावस्या पर प्रयागराज माघ मेला से अयोध्या पहुंचने वाली लाखों भक्तों की भीड़ के प्रबंधन को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है। बुधवार से ही सरयू आरती और स्नान का सिलसिला शुरू हो गया है। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के मुताबिक अयोध्या को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और हाईटेक सुविधाओं से लैस बनाने पर विशेष जोर दिया गया है।

जौनपुर में चीनी मांझे से गर्दन कटी, डॉक्टर की दर्दनाक मौत

क्लिनिक चलाने वाले चिकित्सक ने मौके पर तोड़ा दम

■ **NBT न्यूज, वाराणसी:** जौनपुर जिले में बुधवार की दोपहर चीनी मांझे की चपेट में आकर एक डॉक्टर की मौत हो गई। घटना पंचहटिया स्थित एक निजी स्कूल के पास हुई। मृत डॉक्टर की पहचान केराकत निवासी समीर हाशिमी (28) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, डॉक्टर समीर बाइक से कहीं जा रहे थे तभी चीनी मांझा उनकी गर्दन में फंस गया। मांझे की धार इतनी तेज थी कि उनके गले की हड्डी तक कट गई और अत्यधिक रक्तस्राव होने से मौके पर ही मौत हो गई।

पिता मुकीम ने बताया कि डॉ. समीर केराकत बाजार में अपनी क्लीनिक चलाते थे। मौके पर पहुंचे सीओ सिटी गोल्डी गुप्ता ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि चीनी मांझा प्रतिबंधित है। इसे लेकर जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके बावजूद लोग ऑनलाइन चीनी मांझा मंगाकर इसका उपयोग कर रहे हैं, जो जानलेवा साबित हो रहा है। मकर संक्रांति पर थोड़ी सी खुशी के लिए चीनी मांझे का उपयोग न करें। बता दें कि पूर्वांचल में चीनी मांझे की चपेट में आने से कई लोगों की जान चुकी है।

चाइनीज मांझे को बैन करे सरकार: HC

NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक बार फिर राज्य सरकार को चाइनीज मांझा के निर्माण, खरीद फरोख्त को कड़ाई से प्रतिबंधित करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि 2015 में चाइनीज मांझा पर प्रतिबंध के निर्देश दिए गए थे, जिसका पालन नहीं किया गया। यह याचिका जौनपुर में चाइनीज मांझा से हुई घटनाओं को लेकर दाखिल की गई थी। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को सख्त निर्देश दिया कि पूरे प्रदेश में चाइनीज मांझा के निर्माण, बिक्री व उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए।

संभल में अवैध जमीन पर बने मकानों को गिराया गया

■ **NBT रिपोर्ट, संभल।** संभल में 27 बीघा सरकारी जमीन पर बने मकानों को बुधवार को गिरा दिया गया। यह कार्रवाई जिले के गांव बिछौली में की गई। कार्रवाई गांव प्रधान अतीक अहमद के घर से शुरू हुई। सबसे पहले प्रधान के घर के चारदीवारी तोड़ी गई। उसके बाद बाकी जगह अवैध निर्माण कर बनाए गए घरों पर बुलडोजर चला। कार्रवाई का नेतृत्व नायब तहसीलदार, 4 कानूनगो और 20 लेखपालों की टीम कर रही थी। कार्रवाई के दौरान गांव को छावनी में बदल दिया गया था। चप्पे-चप्पे पर पुलिस और रैपिड ऐक्शन फोर्स (RAF) तैनात थी। दंगा नियंत्रण वाहन भी टीम के साथ मौजूद थी। हालांकि पहले कुछ लोगों ने कार्रवाई का विरोध किया लेकिन पुलिस के समझाने के बाद शांत हो गए। लोग अपने घरों का सामान खुद बाहर निकालने लगे।

तहसीलदार धीरेंद्र सिंह के मुताबिक जिस जमीन पर कार्रवाई की गई। वहां 12 बीघा चारागाह है। 8 बीघा बाग, साढ़े चार बीघा खाद के गड्ढे, सवा बीघा खेल का मैदान, आधा बीघा स्कूल और आधा बीघा पंचायत घर की जमीन है।

ताज नगरी में पतंगों की उड़ान

आगरा में उत्तरायण के अवसर पर लोग पतंग उड़ाते नजर आए।

नरेंद्र गिरि केस: 1 आरोपी को जमानत

■ **भाषा, नई दिल्ली :** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के प्रमुख महंत नरेंद्र गिरि की मौत के मामले में आरोपी आद्या प्रसाद तिवारी को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी। शीर्ष अदालत ने उल्लेख किया कि मुकदमे को पूरा होने में समय लगने की संभावना है। नरेंद्र गिरि 2021 में प्रयागराज में फंदे से लटके मिले थे। सीबीआई ने अपने आरोपपत्र में कहा था कि गिरि को शिष्य आनंद गिरि, पुजारी आद्या प्रसाद तिवारी और उनके बेटे संदीप तिवारी से इतनी मानसिक पीड़ा मिली थी कि उन्होंने अपनी जान दे दी।

TIMES ascent
Catapult your career

भारतीय प्रबंध संस्थान जम्मू
Indian Institute of Management Jammu

भारतीय प्रबंध संस्थान जम्मू विभिन्न प्रशासनिक पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

क्र.	पद	स्तर (7th CPC)	वर्ग
1.	परियोजना अभियंता सह संपदा अधिकारी - नियमित/संविदा	12	1-अनारक्षित
2.	हिंदी विस्तार मैनेजर - नियमित	10	1- अ.पि.व.
3.	प्रशासनिक अधिकारी - नियमित	10	अ.ज.जा. (1)
4.	अंतर्राष्ट्रीय संबंध अधिकारी - नियमित	10	1-अनारक्षित
5.	अनुपालन अधिकारी (लेखा और ऑडिट) - नियमित	10	अ.जा. (1)
6.	सहायक प्लेसमेंट अधिकारी - नियमित	8	1-अनारक्षित
7.	सहायक अंतर्राष्ट्रीय संबंध अधिकारी - नियमित	8	1- अ.पि.व.
8.	सहायक प्रशासनिक अधिकारी (हिंदी भाषा और प्रशासन) - नियमित	8	1-अनारक्षित
9.	जूनियर इंजीनियर (सिविल) – अनुबंध	6	1- अ.पि.व.
10.	कार्यकारी (लेखा) - नियमित	6	1-अनारक्षित, 1- अ.पि.व.
11.	जूनियर कार्यकारी- नियमित	4	1-अनारक्षित

विवरण के लिए कृपया आईआईएम जम्मू की वेबसाइट www.iimj.ac.in पर जाएं और 10 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन करें।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार एवं दिल्ली सरकार का संयुक्त उपक्रम)
सांकेतिक विज्ञापन
दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, दिल्ली की जीवन रेखा, निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:-

क्र. सं	पदनाम	पद की संख्या	पद वेतनमान (आईडीए)	आधार	आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि
1.	अनुमान अभियंता (कर्षण)	एक (01)	₹ 46,000 – 1,45,000 /–	सीधी भर्ती	28.01.2026

यह विज्ञापन केवल सांकेतिक है। विस्तृत रिक्ति अधिसूचना और पात्रता मानदंड, योग्यता, अनुभव, चयन की आयु सीमा, आधार आदि का विवरण दिल्ली मेट्रो की वेबसाइट www.delhimetrorail.com के कैरियर अनुभाग पर विज्ञापन संख्या डीएमआरसी/पीडी/22/एचआर/2025 (218) के अंतर्गत उपलब्ध है।
महाप्रबंधक (मानव संसाधन)/प्रोजेक्ट
दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
मेट्रो भवन, फायर ब्रिगेड लेन,
बाराखंबा रोड, नई दिल्ली
विज्ञापन सं.: डीएमआरसी/978/2026

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार एवं दिल्ली सरकार का संयुक्त उपक्रम)
सांकेतिक विज्ञापन
ADVT No. DMRC/PERS/22/HR/2026 (220), Dated: 06.01.2026
दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) द्वारा मुंबई मेट्रो लाइन–3 के लिए प्रबंधक/विधि एवं वित्त के पद हेतु अनुभवी कर्मियों से, निश्चित अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर आवेदन आमंत्रित करता है।
विधिवत भरे हुए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 27.01.2026 है।
यह विज्ञापन केवल सांकेतिक है। विस्तृत रिक्ति अधिसूचना और पात्रता मानदंड, योग्यता, अनुभव, चयन की आयु सीमा, आधार आदि का विवरण दिल्ली मेट्रो की वेबसाइट www.delhimetrorail.com के कैरियर अनुभाग पर उपलब्ध है।
कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन)
दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
मेट्रो भवन, फायर ब्रिगेड लेन
बाराखंबा रोड, नई दिल्ली
विज्ञापन संख्या: डीएमआरसी/977/2026

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए स्कैन करें
संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती
संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं
विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/20 (संविदा पद)

पद का नाम	रिक्ति	अधिकतम आयु (कट ऑफ 31.12.2025)
एवीपी (मैनपावर प्लानिंग और भर्ती)	1	42 साल
एवीपी (लर्निंग और डेवलपमेंट)	1	42 साल

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.
• आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 12.01.2026 से 02.02.2026 तक.
स्थान: मुंबई
दिनांक: 12.01.2026
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

KORAPUT DIVISION
HINDUSTAN AERONAUTICS LIMITED
KORAPUT DIVISION, ODISHA 763002
(Advertisement No.: KPT/IHC/SRD/2025-01)
Hindustan Aeronautics Limited (HAL), Koraput Division invites applications from Doctors for its Industrial Health Centre at Sunabeda, Odisha for the following posts:

S. N.	Name of the Post	No. of Vacancies	Reservation	Pay Scale	Essential Qualification & Experience
1.	Sr. Medical Officer (Orthopaedic) /(Grade-III)	1	OBC (NCL)-1	Rs. 50000/- 3%- 160000/-	MBBS + Post Graduate Degree / DNB (in Relevant Specialization) + 0 year post qualification Experience (or)
2.	Sr. Medical Officer (General Medicine) /(Grade-III)	2	SC-1, OBC (NCL)-1		MBBS + Post Graduate Diploma (in Relevant Specialization)+1 year post qualification experience

For detailed notification,please visit Careers page at www.hal-india.co.in. The last date for receiving applications is 31.01.2026
Chief Manager (HR),
HAL, Koraput Division

ARMY INSTITUTE OF TECHNOLOGY (AIT)
Alandi Road, Dighi Hills, Pune – 411015
Tele: 7249250184/185
Website: www.aitpune.com
1. Applications are invited from eligible candidates for the posts mentioned below, on contractual basis and on consolidated salary:
Professor : Autonomous & Robotics Engineering
2. Details of Qualification required and terms and conditions are available on AIT website www.aitpune.com
3. Applications by post, should reach Registrar, Army Institute of Technology, Alandi Road, Dighi Hills, Pune-411 015, not later than 10 days from date of publication of advertisement.
Note :
• AIT reserves the right to short list candidates for further processing.
• No TA/ DA will be given for attending interviews.
• Applications and Research format to be forwarded in the prescribed word format only available on AIT website along with necessary supporting documents.
Director, AIT

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
ENGINEERS INDIA LIMITED (A Govt. of India Undertaking)
पंजीकृत कार्यालय: इंजीनियर्स इंडिया भवन, 1, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110066
दिव्यांगजनों के लिए विशेष भर्ती अभियान
इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड, नवरत्न श्रेणी का सार्वजनिक उपक्रम तथा अग्रणी समग्र समाधान इंजीनियरिंग परामर्शी कंपनी, देश के विकास में योगदान देने और इस प्रतिष्ठित संगठन का हिस्सा बनने का उत्साह रखने वाले गतिशील कैरियर उन्मुख अनुभवी पेशेवरों के लिए अवसर प्रदान करती है।
ईआईएल को अपनी विकास गाथा में भागीदार बनने के लिए निम्नलिखित पदों के लिए उपयुक्त रूप से पात्र, अनुभवी और प्रेरित पेशेवरों की आवश्यकता है:-

पदनाम	वेतनमान (₹)	रिक्तियों की संख्या*	आरक्षण की स्थिति
उप प्रबंधक (सीएसआर)	70000-200000	1	पीएच – 3 (श्रेणी – ए) एमएच – 2 (श्रेणी – बी) ओडी – 1 (श्रेणी – डी एवं ई)
उप प्रबंधक (कॉर्पोरेट योजना)		1	
इंजीनियर (परियोजना)	60000-180000	1	
अधिकारी (पुस्तकालय)	60000-180000	1	
उप प्रबंधक (पुस्तकालय)	70000-200000		
अधिकारी (वित्त)	60000-180000	1	
अधिकारी (राजभाषा)		1	
सहायक (मानव संसाधन)	32000-128000	1	ओडी – 1 (श्रेणी – डी एवं ई)
कनिष्ठ सहायक (मानव संसाधन)	29000-120000	2	पीएच – 1 (श्रेणी – ए), ओडी – 1 (श्रेणी – डी एवं ई)
कुल		9	

*दर्शाई गई रिक्तियों की संख्या अनंतिम है।
कृपया विस्तृत विज्ञापन के लिए कंपनी की वेबसाइट "http://www.engineersindia.com" देखें। पात्र उम्मीदवार वेबसाइट पर दिनांक 21.01.2026 को 00:00 बजे से दिनांक 04.02.2026 को 23:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं।
मा.सं.वि./भर्ती/विज्ञापन/2025–26/15

TIMES ascent
Catapult your career

मुंबई पत्तन प्राधिकरण
मुंबई पत्तन प्राधिकरण पूरी तरह से अनुबंध आधार पर कनिष्ठ व्यावसायिक प्रशिक्षु (हिंदी) और कनिष्ठ व्यावसायिक प्रशिक्षु (मराठी) और कनिष्ठ व्यावसायिक प्रशिक्षु (मानव संसाधन सहायक) की भर्ती के लिए आवेदन मंगा रहा है।
आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30/01/2026 है।
शैक्षणिक योग्यता, आयु, अनुभव, आवेदन प्रारूप आदि के विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.mumbaiport.gov.in (people & career/jobs/) देखें।
हस्ता.
सचिव
MbPA-40-2025
मुंबई पत्तन प्राधिकरण

INSURANCE INSTITUTE OF INDIA
Plot No.C-46, G-Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai 400 051
Applications are invited for the post of
Faculty (General Insurance) – 2 nos.
(1 permanent & 1 contractual) at Mumbai location
Faculty (General Insurance) – 1 nos.
1 nos. (contractual) at Kolkata location.
For details, please visit www.insuranceinstituteofindia.com under the Career option.
For any queries, please send email to sant@iii.org.in
Last date for receipt of application: 31st January, 2026.

एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड
(भारत सरकार के अंतर्गत एक मिनी रत्न श्रेणी–I सीपीएसई)
7वां तल, अम्बादीप बिल्डिंग, 14 के.जी. मार्ग, नई दिल्ली–110001
अनुबंध के आधार पर उम्मीदवारों की आवश्यकता
एडसिल, शिक्षा मंत्रालय की ओर से, मंत्रालय की केंद्र प्रायोजित योजना टीएसजी – PM SHRI परियोजना के लिए अनुबंध के आधार पर, निम्नलिखित पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:
कंसल्टेंट–03
रिक्तियां, शैक्षणिक योग्यता और पात्रता मानदंड की पूरी जानकारी https://www.edcilindia.co.in/TCareers पर उपलब्ध है।
ऑनलाइन आवेदन पत्र 09 जनवरी 2026 से उपलब्ध होगा।
आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25 जनवरी 2026 है।

बामर लॉरी एण्ड कं. लिमिटेड
Balmer Lawrie & Co. Ltd. (A Government of India Enterprise)
पूर्णकालिक रिटेनर के रूप में पेशेवर की आवश्यकता
न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता: स्नातक (किसी भी विषय में)
न्यूनतम अनुभव:
i) अभ्यर्थी भारतीय रेल का पूर्व कर्मचारी होना चाहिए तथा भारतीय रेल में न्यूनतम 10 वर्षों का कार्य अनुभव होना आवश्यक है।
ii) मुख्य नियंत्रक / सहायक यातायात प्रबंधक / मुख्य स्टेशन मास्टर / स्टेशन मास्टर / मुख्य यातायात निरीक्षक / यार्ड मास्टर / सेक्शन नियंत्रक के रूप में न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव होना चाहिए।
अधिकतम आयु: 03.02.2026 को 63 वर्ष, रिक्तियों की संख्या : 05 (पाँच)
रिटेनरशिप शुल्क: कंपनी के नियमों के अनुसार
इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन कॉर्पोरेट मानव संसाधन विभाग को ई-मेल के माध्यम से भेजें: chrd.recruitment@balmerlawrie.com अंतिम तिथि: 03.02.2026 तक
अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें: https://www.balmerlawrie.com/pages/current-openings
पंजीकृत कार्यालय: 21, एन. एस. रोड, कोलकाता – 700001 | सीआईएन: L15492WB1924GOI004835

CDSL
Convenient • Dependable • Secure
सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (CDSL) की स्थापना वर्ष 1999 में सुविधाजनक, विश्वसनीय एवं सुरक्षित डिपॉजिटरी सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। एशिया की पहली सूचीबद्ध डिपॉजिटरी के रूप में, CDSL अपने मुख्य डिपॉजिटरी व्यवसाय के साथ-साथ अपनी सहायक कंपनियों के माध्यम से KYC एवं अन्य डिजिटल परिसंपत्ति-संबंधित सेवाओं में भी सशक्त विकास पथ पर अग्रसर है।
अपने कार्यकारी निदेशक (Executive Director – ED) नियुक्ति प्रक्रिया के अंतर्गत, CDSL ऐसे अनुभवी एवं योग्य नेतृत्वकर्ताओं से आवेदन आमंत्रित करता है, जो सुशासन, संचालनात्मक मजबूती, नियामक अनुपालन एवं प्रौद्योगिकी-आधारित उत्कृष्टता को सुदृढ़ कर सकें तथा डिजिटल परिसंपत्तियों के एक विश्वसनीय संरक्षक के रूप में CDSL की स्थिति को और सशक्त बना सकें।
दोनों कार्यकारी निदेशक पद बोर्ड-स्तरीय हैं, जो प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (MD & CEO) तथा गवर्निंग बोर्ड को रिपोर्ट करेंगे। ये पद मुंबई (भारत) में आधारित होंगे। प्रचलित SEBI दिशानिर्देशों के अनुसार, कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति अधिकतम दो कार्यकालों (प्रत्येक अधिकतम 5 वर्ष) के लिए की जा सकती है, जिसकी अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी। पदों के लिए आकर्षक वेतन एवं लाभ पैकेज प्रदान किया जाएगा, जो अन्य मार्केट इन्फ्रास्ट्रक्चर संस्थानों (MIIs) के अनुरूप एवं नियामक द्वारा अनुमोदित होगा।

एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर – क्रिटिकल ऑपरेशंस
प्रमुख उत्तरदायित्व
• प्रौद्योगिकी, सूचना सुरक्षा एवं कोर डिपॉजिटरी संचालन के लिए रणनीतिक नेतृत्व एवं निगरानी प्रदान करना, जिससे स्थिरता, विस्तारशीलता, संचालनात्मक मजबूती तथा सार्वजनिक हित के अनुरूपता सुनिश्चित हो।
• SEBI विनियमों एवं उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप संपूर्ण मुख्य डिपॉजिटरी संचालन की निगरानी।
• आईटी अवसंरचना एवं डिपॉजिटरी प्रणालियों की 24x7 उपलब्धता, सुरक्षा एवं मजबूती सुनिश्चित करना, जिसमें साइबर सुरक्षा, डेटा संरक्षण, आपदा पुनर्प्राप्ति (DR) एवं व्यवसाय निरंतरता शामिल है।
• आकस्मिक परिस्थितियों में निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने हेतु व्यवसाय निरंतरता योजना (BCP) एवं आपदा पुनर्प्राप्ति ढांचे का नेतृत्व।
• जोखिम न्यूनीकरण, सतत सुधार एवं परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ावा देना।
• नियामकों, शेयरधारकों, क्लियरिंग कॉर्पोरेशनों, स्टॉक एक्सचेंजों, डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (DPs), इश्यूअर्स एवं अन्य बाजार सहभागियों के साथ समन्वय।
• सुशासन, आंतरिक नियंत्रण, ऑडिट एवं अनुपालन विषयों पर MD & CEO तथा बोर्ड समितियों के साथ निकट सहयोग।
• SEBI एवं अन्य वैधानिक प्राधिकरणों के प्रति नियामक रिपोर्टिंग एवं अनुपालन की निगरानी।
• उच्च प्रदर्शन करने वाली टीमों का निर्माण एवं मार्गदर्शन, जवाबदेही, नैतिक आचरण एवं संचालनात्मक उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देना।
• समय-संवेदनशील एवं उच्च प्रभाव वाले परिदृश्यों में तथ्य-आधारित निर्णय क्षमता का प्रदर्शन।
पात्रता एवं अनुभव
• शैक्षणिक योग्यता: इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर डिग्री या किसी प्रतिष्ठित संस्थान से व्यावसायिक डिग्री। साइबर सुरक्षा, आईटी गवर्नेंस, सूचना सुरक्षा या प्रौद्योगिकी जोखिम प्रबंधन में प्रमाणन अतिरिक्त लाभ होगा।
• अनुभव: न्यूनतम 20 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव, जिसमें से कम-से-कम 10 वर्ष विनियमित वित्तीय सेवाओं या पूंजी बाजार संस्थानों (जैसे स्टॉक एक्सचेंज, क्लियरिंग कॉर्पोरेशन या डिपॉजिटरी) में वरिष्ठ नेतृत्व भूमिकाओं में हो।
• क्षमताएं: मजबूत रणनीतिक दृष्टि, डिजिटल नेतृत्व, उत्कृष्ट संचार कौशल एवं उच्चतम नैतिक मानक।
आवेदन भेजें: विषय पंक्ति: Application for Executive Director – Critical Operations
EDV1@cdslindia.com

एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर – रेगुलेटरी, कंप्लायंस, रिस्क मैनेजमेंट एंड इन्वेस्टर ग्रीवन्स
प्रमुख उत्तरदायित्व
• नियामक अनुपालन, विधिक एवं सचिवीय कार्यों, उद्यम जोखिम प्रबंधन तथा निवेशक शिकायत निवारण के लिए रणनीतिक नेतृत्व एवं निगरानी, जिससे मजबूत सुशासन एवं निवेशक संरक्षण सुनिश्चित हो।
• SEBI विनियमों, MII फ्रेमवर्क एवं अन्य वैधानिक आवश्यकताओं की समयबद्ध व्याख्या एवं क्रियान्वयन।
• परिचालन, नियामक, साइबर एवं उभरते जोखिमों को कवर करते हुए व्यापक उद्यम जोखिम प्रबंधन (ERM) ढांचे का निर्माण एवं कार्यान्वयन तथा गवर्निंग बोर्ड एवं ऑडिट समिति के समक्ष नियमित रिपोर्टिंग।
• निवेशक शिकायतों का प्रभावी एवं समयबद्ध निवारण, मूल कारण विश्लेषण एवं निवारक उपायों सहित।
• अनुपालन, जोखिम प्रबंधन, निवेशक संरक्षण एवं व्हिसलब्लोअर तंत्र से संबंधित नीतियों एवं ढांचों का निर्माण एवं पर्यवेक्षण।
• नियामकों, शेयरधारकों, क्लियरिंग कॉर्पोरेशनों, स्टॉक एक्सचेंजों, DPs, इश्यूअर्स एवं बाजार सहभागियों के साथ समन्वय।
• सुशासन, आंतरिक नियंत्रण, ऑडिट एवं अनुपालन समीक्षाओं पर MD & CEO एवं बोर्ड समितियों के साथ निकट सहयोग।
• SEBI एवं अन्य वैधानिक प्राधिकरणों के साथ नियामक रिपोर्टिंग एवं संवाद का नेतृत्व।
• अनुपालन, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं नैतिक आचरण की संस्कृति को प्रोत्साहित करने हेतु टीमों का निर्माण एवं मार्गदर्शन।
पात्रता एवं अनुभव
• शैक्षणिक योग्यता: वित्त, अर्थशास्त्र, विधि या संबंधित विषयों में स्नातकोत्तर डिग्री, या CA/CS/CMA अथवा समकक्ष व्यावसायिक योग्यता। गवर्नेंस, रिस्क एवं कम्प्लायंस (GRC) में प्रमाणन अतिरिक्त लाभ होगा।
• अनुभव: न्यूनतम 20 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव, जिसमें से कम-से-कम 10 वर्ष विनियमित वित्तीय सेवाओं या पूंजी बाजार संस्थानों में अनुपालन, जोखिम प्रबंधन, विधिक या नियामक भूमिकाओं में वरिष्ठ नेतृत्व स्तर पर हो।
• क्षमताएं: मजबूत सुशासन दृष्टिकोण, रणनीतिक सोच, उत्कृष्ट संचार कौशल, हितधारक प्रबंधन क्षमता एवं उच्चतम नैतिक मानक।
आवेदन भेजें: विषय पंक्ति: Application for Executive Director – Regulatory, Compliance, Risk Management & Investor Grievance
EDV2@cdslindia.com

आयु एवं राष्ट्रीयता
• 1 जनवरी 2026 को उम्मीदवार की आयु 60 वर्ष से कम होनी चाहिए • केवल भारतीय नागरिक (भारतीय पासपोर्ट धारक) आवेदन के पात्र हैं
• आवेदकों को SEBI के नियमों, कंपनी अधिनियम, 2013 एवं समय-समय पर संशोधित अन्य प्रासंगिक कानूनों के अंतर्गत निर्धारित पात्रता शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित सक्षम प्राधिकरणों से आवश्यक अनुमति या अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) प्राप्त करना होगा।
आवेदन प्रक्रिया
• सभी आवेदनों को पूर्ण गोपनीयता के साथ संभाला जाएगा।
• इच्छुक उम्मीदवार अपना विस्तृत बायोडाटा (CV) एवं कवर लेटर भेजें, जिसमें आवेदन किए गए पद का स्पष्ट उल्लेख हो।
• आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 15 फरवरी 2026

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP12 User: cci Time: 01-14-2026 23:02 Color:

NBT AI टाइम मशीन

जब आर्मी को मिला भारतीय कमांडर

आज आर्मी-डे है। आज ही के दिन 1949 में फील्ड मार्शल के.एम. करियप्पा (K. M. Cariappa) ने ब्रिटिश जनरल शासित बूचर (Francis Butcher) से भारतीय सेना की कमान संभाली थी। वह सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ बने थे। यह दिन हमारे सैनिकों के त्याग, शौर्य और निरंतर सेवा को समर्पित है। दिल्ली और अन्य शहरों में परेड होती है और वीर जवानों को वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है।

NBT
Front Page-2
नवभारत टाइम्स। मुंबई 15 जनवरी 2026, पेज 12

भविष्य में इंडियन रोबॉटिक सोल्जर्स

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में भारतीय सेना पूरी तरह हाई-टेक और मल्टी-डायमेंशनल फोर्स होगी। AI बेस्ड कमांड सिस्टम, ऑटोनॉमस ड्रोन, रोबोटिक सोल्जर्स और स्पेस-साइबर वॉर यूनिट्स इसकी रीढ़ बनेंगे। सैटेलाइट और क्वांटम सेंसर सीमाओं की निगरानी करेंगे। भारतीय सेना की अहमियत और ज्यादा बढ़ेगी, क्योंकि वह राष्ट्र की डिजिटल, भौगोलिक और रणनीतिक सुरक्षा की सबसे बड़ी ढाल होगी।

AI Images

SPEED News

पाकिस्तान में मुस्लिम से शादी करने वाली

48 वर्षीय भारतीय सिख महिला सरबजीत कौर को लाहौर में गिरफ्तार कर सरकारी शेल्टर होम भेज दिया गया है।

Agency

द. सूडान में तैनात भारतीय महिला शांति

सैनिक को UN का पुरस्कार मिला। 31 वर्षीय मेजर स्वाति शांति कुमार 'इक्वल पार्टनर्स, लास्टिंग पीस' प्रोजेक्ट के लिए सम्मानित।

जॉन फोर्टे का 50 वर्ष की आयु में निधन

'फ्यूजीज' और 'रिफ्यूजी कैंप ऑल-स्टार्स' जैसे बैंड के साथ काम कर चुके अमेरिकी और ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामित संगीतकार थे।



भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर

ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना परिचय पत्र सौंपा। गोर ने सोमवार को जिम्मेदारी संभाली थी।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

जंग की चौखट पर खड़े ईरान-अमेरिका

US ने कार्रवाई के दिए संकेत, ईरान में लगे 'डेथ टू अमेरिका' के नारे, भारत की अडवाइज़री

■ एपी, दुबई

ईरान में विरोध प्रदर्शनों के बाद हालात और सख्त होने के संकेत मिल रहे हैं। ईरान के चीफ जस्टिस गुलाम हुसैन मोहसेनी-एजेई ने कहा है कि गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों पर तेजी से मुकदमे चलेंगे और फांसी की सजा भी दी जा सकती है। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की चेतावनी के बावजूद आया है, जिन्होंने कहा था कि अगर ईरान फांसी देता है तो अमेरिका कड़ी कार्रवाई करेगा। लगभग 130 घंटों से ईरान में इंटरनेट और फोन संपर्क ठप है। US में ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी का दावा है कि अब तक कम से कम 2,571 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 2,403 प्रदर्शनकारी, 147 सरकार समर्थक, 12 बच्चे और 9 आम नागरिक शामिल हैं। करीब 18,100 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। ईरान की राजधानी तेहरान में सुरक्षा बलों और नागरिकों के लिए सामूहिक अंतिम संस्कार भी किया गया, जहां 'डेथ टू अमेरिका' जैसे नारे लगे। भारत के दूतावास ने अपने नागरिकों को ईरान छोड़ने और बेहद सतर्क रहने की सलाह दी है।

ट्रंप ने दी कड़े ऐक्शन की वॉर्निंग

ईरानी देशभक्तों, विरोध जारी रखो। अपनी संस्थाओं पर कब्जा करो। मृत्युदंड दिए जाने की स्थिति में बहुत कड़ी कार्रवाई करेंगे। अगर वे ऐसा कुछ करते हैं, तो हम कड़ी कार्रवाई करेंगे। -डॉनल्ड ट्रंप, अमेरिका के राष्ट्रपति

US एजेंसी का दावा- ईरान में 2,571 लोगों की मौत हो चुकी

AFP

हजारों की संख्या में लोग ईरानी झंडे और अयातुल्ला अली खामेनेई की तस्वीरें लेकर सुरक्षा गार्डों के जनाजों में शामिल हुए। वहीं, हिजाब की तस्वीरें भी सामने आईं।

ईरान ने दिया फांसी का संकेत

सजा देनी है तो दी जानी चाहिए। यानी अगर हमें कोई काम करना है, तो हमें उसे अभी करना चाहिए। अगर हम कुछ करना चाहते हैं, तो हमें उसे जल्दी करना होगा। -ईरान के प्रधान न्यायाधीश

■ UN हिंसा के लिए US की निंदा करे: ईरान

ईरान ने अमेरिका पर हिंसा को भड़काने और देश के खिलाफ बल प्रयोग की धमकी देने के आरोप लगाते हुए संयुक्त राष्ट्र का रुख किया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव और सुरक्षा परिषद से मांग की है कि वे अमेरिका की ओर से हिंसा भड़काने और बल प्रयोग की धमकी देने की निंदा करें।

■ ईरानी अधिकारियों संग ट्रंप ने रद्द कीं बैठकें

ट्रंप ने ईरानी अधिकारियों के साथ बैठकें रद्द कर दी हैं। ट्रंप ने कहा कि राजनयिक जुड़ाव रोकने का फैसला ईरान में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा से जुड़ा है। जब तक प्रदर्शनकारियों की बेमतलब हत्याएं बंद नहीं हो जातीं, मैंने ईरानी अधिकारियों के साथ सभी बैठकें रद्द कर दी हैं।'

ईरान पर हमला हुआ तो क्या होगा?

ईरान पर हमले की चेतावनी अमेरिका ने ऐसे समय दी है, जब कुछ दिन पहले ही वह वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उठाकर अपने यहां ले जा चुका है। ऐसे में आशंका जताई जा सकती है कि अमेरिका ईरान में भी हमला कर वहां की सरकार को अस्थिर कर सकता है। ऐसे में सवाल है कि क्या अमेरिका के लिए यह सही समय है, और अगर हमला कर दिया तो नतीजा क्या हो सकता है?

AFP

Q क्या ट्रंप के लिए सही मौका है?

रूस और चीन ईरान के मित्र देश हैं। अमेरिकी हमले की सिचुएशन में इन दोनों देशों की भूमिका अहम होगी। लेकिन एक्सपर्ट का मानना है कि रूस यूक्रेन युद्ध से कमजोर स्थिति में है। और चीन ने बहुत सालों से कोई युद्ध नहीं लड़ा है। ऐसे में अमेरिका को लग रहा है कि ईरान की सरकार आर्थिक संकट में है। सुप्रीम लीडर खामेनेई बूढ़े हो चुके हैं। पिछले साल इजराइल से युद्ध में ईरान को नुकसान हुआ और मिडिल ईस्ट में ईरान की ताकत कमजोर हुई है। कुछ अमेरिकी नेता मानते हैं कि इससे ईरान की धार्मिक सरकार को हटाने का मौका मिल सकता है।

Q ट्रंप पर किस बात का दबाव?

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के कुछ पूर्व अधिकारियों का मानना है कि अगर ट्रंप कुछ नहीं करते, तो उनकी विश्वसनीयता कमजोर हो सकती है। दूसरी तरफ मानवाधिकार के नजरिये से भी कार्रवाई की मांग बढ़ रही है, क्योंकि मरने वालों की संख्या बहुत ज्यादा है। ईरान में वास्तविक बदलाव बाहर से सैन्य बल के जरिए नहीं लाया जा सकता।

Q हमला करने से खतरा क्या है?

अमेरिका की सैन्य कार्रवाई से हालात और बिगड़ सकते हैं। प्रदर्शनकारियों को फायदा होने की कोई गारंटी नहीं, क्योंकि ईरान में कोई मजबूत विपक्षी नेतृत्व नहीं दिख रहा है। ऐसे में शासन गिरा तो देश में अराजकता फैल सकती है। शरणार्थी संकट और क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ सकती है। वहीं ईरान पहले ही बोल चुका है कि अगर अमेरिका ने हमला किया तो वह इस्राइल और अरब के दूसरे देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाएगा। दूसरी तरफ इतिहास बताता है कि अमेरिका के कई सैन्य हस्तक्षेप (जैसे इराक, अफगानिस्तान, लीबिया) बाद में उलझन भरे साबित हुए। तेल की कीमतों में इजाफा हो सकता है।

Q प्रदर्शनकारियों को मदद मिलेगी?

जब उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिकी हमले से प्रदर्शनकारियों की रक्षा होगी, तो उन्होंने कहा, कभी-कभी पता नहीं होता। अब तक मेरा रिकॉर्ड अच्छा रहा है, लेकिन आप कभी नहीं जान सकते।

ईरानी बोले- यहां खतरा मंडरा रहा है

तेहरान में माहौल बेहद तनावपूर्ण और डरावना हो गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक वहां रहने वाले एक 47 वर्षीय व्यक्ति ने बताया कि लोग जानते हैं कि बड़े पैमाने पर हत्याएं हुई हैं, इसलिए हर तरफ डर और सन्नाटा है। लोग इतने सदमे में हैं कि खुलकर बात भी नहीं कर पा रहे। एक डॉक्टर ने बताया, सरकार के खिलाफ विरोध के बीच सुरक्षा बल हर जगह सख्ती से दमन कर रहे हैं। यहां बहुत डर है।

ग्रीनलैंड-डेनमार्क ट्रंप के खिलाफ एक हुए

डेनमार्क और उसके स्वायत्त क्षेत्र ग्रीनलैंड के नेताओं ने ट्रंप की उस मांग के खिलाफ एकजुटता दिखाई है, जिसमें उन्होंने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कही थी। ट्रंप का कहना है कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड नहीं लिया तो रूस या चीन ऐसा कर सकते हैं। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेस फ्रेडरिक नीलसन ने साफ कहा कि वे एक-दूसरे के साथ खड़े हैं।

अडवाइज़री जारी, ईरान में क्या करें भारतीय?

ईरान में बिगड़ते हालात के बीच भारतीय दूतावास ने अडवाइज़री जारी कर तुरंत देश छोड़ने की अपील की है। साथ ही भारतीय एंबेसी ने कहा, यह दोहराया जाता है कि सभी भारतीय नागरिकों और पीआईओ को पूरी सावधानी बरतनी चाहिए, विरोध या प्रदर्शन वाली जगहों से बचना चाहिए, ईरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहना चाहिए और किसी भी डिवेलपमेंट के लिए स्थानीय मीडिया पर नजर रखनी चाहिए।

करे रजिस्टर: जिन्होंने भारतीय दूतावास में रजिस्टर नहीं किया है वे इस लिंक (https://www.meaers.com/request/home) पर जाकर रजिस्टर करें। लिंक दूतावास की वेबसाइट पर है। ईरान में इंटरनेट नहीं तो परिवार रजिस्टर करे।

भारतीय दूतावास की इमरजेंसी कॉन्टैक्ट हेल्पलाइन नीचे दी गई है: मो. नंबर:+ 989128109115; +989128109109; +989128109102; +989932179359 ईमेल: cons.tehran@mea.gov.in

एकता का उत्सव है काशी-तमिल संगमम

2022 में वाराणसी की धरती पर शुरू हुए इस सांस्कृतिक आयोजन को समय के साथ मिलता गया विस्तार

नरेन्द्र मोदी

कुछ दिन पहले ही मुझे सोमनाथ की पवित्र भूमि पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में हिस्सा लेने का सुअवसर मिला। इस पर्व को हम वर्ष 1026 में सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण के एक हजार साल पूरे होने पर मना रहे हैं। इस क्षण का साक्षी बनने के लिए देश के कोने-कोने से लोग सोमनाथ पहुंचे। यह इस बात का प्रमाण है कि भारतवर्ष के लोग जहां अपने इतिहास और संस्कृति से गहराई से जुड़े हैं, वहीं कभी हार ना मानने वाला साहस भी उनके जीवन की एक बड़ी विशेषता है। यही भावना उन्हें एक साथ जोड़ती भी है। इस कार्यक्रम के दौरान मेरी मुलाकात कुछ ऐसे लोगों से भी हुई, जो इससे पहले सौराष्ट्र-तमिल संगमम के दौरान सोमनाथ आए थे और इससे पहले काशी-तमिल संगमम के समय काशी भी गए थे। ऐसे मंचों को लेकर उनकी सकारात्मक सोच ने मुझे बहुत प्रभावित किया। इसलिए मैंने तय किया कि वर्ष ना इस विषय पर अपने कुछ विचार साझा करूं।

'मन की बात' के एक एपिसोड के दौरान मैंने कहा था कि अपने जीवन में तमिल भाषा ना सीख पाने का मुझे बहुत दुख है। यह हमारा सौभाग्य है कि कोई कुछ वर्षों से हमारी सरकार तमिल संस्कृति को देश में और लोकप्रिय बनाने में निरंतर जुटी हुई है। यह 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को और सशक्त बनाने वाला है। हमारी संस्कृति में संगम का बहुत महत्व है। इस पहलू से भी काशी-तमिल संगमम एक अनूठा प्रयास है। इसमें जहां भारत की विविध परंपराओं के बीच अद्भुत सामंजस्य दिखता है, वहीं यह भी पता चलता है कि कैसे हम एक-दूसरे की परंपराओं का सम्मान करते हैं।

काशी तमिल संगमम के आयोजन के लिए काशी सबसे उपयुक्त स्थान कहा जा सकता है। यह वही काशी है, जो अनादि काल से हमारी सभ्यता की धुरी बनी हुई है। यहां हजारों वर्षों से लोग ज्ञान, जीवन के अर्थ और मोक्ष की खोज में आते रहे हैं। काशी का तमिल समाज और संस्कृति से अत्यंत गहरा नाता रहा है। काशी काशी विश्वनाथ की नगरी है, तो तमिलनाडु में रामेश्वरम तीर्थ है। तमिलनाडु की तेनकासी को दक्षिण की काशी या दक्षिण काशी कहा जाता है। पुन्य कुमारगुरु स्वामी जी ने अपनी विद्वता और अध्यात्म परंपरा के माध्यम से काशी और तमिलनाडु के बीच एक सशक्त और स्थायी संबंध स्थापित किया था। तमिलनाडु के महान संपूज महाकवि सुब्रमण्यम भारती जी को भी काशी में बौद्धिक विकास और आध्यात्मिक जागरण का अद्भुत अवसर दिखा। वहीं उनका राष्ट्रवाद और प्रबल हुआ, साथ ही उनकी कविताओं की एक नई धार मिली। वहीं पर स्वतंत्र और अखंड भारत की उनकी संकल्पना को एक स्पष्ट दिशा मिली। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जो काशी और तमिलनाडु के बीच गहरे आत्मीय संबंध को दर्शाते हैं।

वर्ष 2022 में वाराणसी की धरती पर काशी-तमिल संगमम की शुरुआत हुई थी। मुझे इसके उद्घाटन समारोह में शामिल होने का सौभाग्य मिला था। तब तमिलनाडु से आए लेखकों, विद्यार्थियों, कलाकारों, विद्वानों, किसानों, अतिथियों ने काशी के साथ-साथ प्रयागराज और अयोध्या के दर्शन भी किए थे। इसके बाद के आयोजनों में इस पहल को और विस्तार दिया गया।

इसका उद्देश्य यह था कि संगमम में समय-समय पर नए विषय जोड़े जाएं, नए और रचनात्मक तरीके अपनाए जाएं और इसमें लोगों की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा हो। प्रयास यह था कि वे आयोजन अपनी मूल भावना से जुड़े रहकर भी निरंतर आगे बढ़ते रहें। वर्ष 2023 के दूसरे आयोजन में टेक्नॉलजी का बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया, ताकि यह सुनिश्चित हो कि भाषा इसमें बाधा न बने। इसके तीसरे संस्करण में इंडियन नॉलेज सिस्टम पर विशेष फोकस रखा गया। इसके साथ ही शैक्षिक संवादों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रदर्शनियों और संवाद सत्रों में लोगों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। हजारों लोग इनका हिस्सा बने।

काशी-तमिल संगमम का चौथा संस्करण 2 दिसंबर, 2025 को आरंभ हुआ। इस बार की थीम बहुत रोचक थी- तमिल करकलम यानि तमिल सीखें....। इससे काशी और दूसरी जगहों के लोगों को खूबसूरत तमिल भाषा सीखने का एक अनूठा अवसर मिला। तमिलनाडु से आए शिक्षकों ने काशी के विद्यार्थियों के लिए इस अविस्मरणीय बना दिया। इस बार कई और विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। प्राचीन तमिल साहित्य ग्रंथ तोलकाप्पियम का चार भारतीय और छह विदेशी भाषाओं में अनुवाद किया गया।

तेनकासी से काशी तक पहुंची एक विशेष वीकल एक्सपेडिशन भी देखने को मिली। इसके अलावा काशी में स्वास्थ्य शिविरों और डिजिटल लिट्रेसी कैंप के आयोजन के साथ ही कई और सरहानीय प्रयास भी किए गए। इस अभियान में सांस्कृतिक एकता के संदेश का प्रसार करने वाले पांड्य वंश के महान राजा अरिंजै वीर पराक्रम पांडियन जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूरे आयोजन के दौरान नमो घाट पर प्रदर्शनियां लगाई गईं, वीएचयू में शैक्षणिक सत्र का आयोजन हुआ, साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।

काशी-तमिल संगमम में इस बार जिस चीज ने मुझे सबसे अधिक प्रसन्नता दी, वो हमारे युवा साथियों का उत्साह है। इससे अपनी जड़ों से और अधिक जुड़े रहने के उनके पैशन का पता चलता है। उनके लिए ये एक ऐसा अद्भुत मंच है, जहां वे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं।

संगमम के अलावा काशी की यात्रा भी यादगार बने, इसके लिए विशेष प्रयास किए गए। भारतीय रेल ने लोगों को तमिलनाडु से उत्तर प्रदेश ले जाने के लिए विशेष ट्रेनें चलाईं। इस दौरान कई रेलवे स्टेशनों पर, विशेषकर तमिलनाडु में उनका खूब उत्साह बढ़ाया गया। सुंदर गीतों और आपसी चर्चाओं से ये सफर और आनंददायक बन गया।

यहां मैं काशी और उत्तर प्रदेश के अपने भाइयों और बहनों की सराहना करना चाहूंगा, जिन्होंने काशी-तमिल संगमम को विशेष बनाने में अपना अद्भुत योगदान दिया है। उन्होंने अपने अतिथियों के स्वागत और सत्कार में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। कई लोगों ने तमिलनाडु से आए अतिथियों के लिए अपने घरों के दरवाजे तक खोल दिए। स्थानीय प्रशासन भी चौबीसों घंटे जुटा रहा, ताकि मेहमानों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। वाराणसी का सांसद होने के नाते मेरे लिए ये गर्व और संतोष दोनों का विषय है।

इस बार काशी-तमिल संगमम का समापन समारोह रामेश्वरम में आयोजित किया गया, जिसमें तमिलनाडु के सपूत उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन जी भी मौजूद रहे। उन्होंने इस कार्यक्रम को अपने विचारों से समृद्ध बनाया। भारतवर्ष की आध्यात्मिक समृद्धि पर बल देते हुए उन्होंने बताया कि कैसे इस तरह के मंच राष्ट्रीय एकता को और अधिक सुदृढ़ करते हैं।

काशी-तमिल संगमम का बहुत गहरा प्रभाव देखने को मिला है। इसके जरिये जहां सांस्कृतिक चेतना को मजबूती मिली है, वहीं शैक्षिक विमर्श और जनसंवाद को भी काफी बढ़ावा मिला है। इससे हमारी संस्कृतियों के बीच संबंध और प्रगाढ़ हुए हैं। इस मंच ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को आगे बढ़ाया है, इसलिए आने वाले समय में हम इस आयोजन को और बड़ाबड़ बनाने वाले हैं। ये वे भावना है, जो शताब्दियों से हमारे पर्व-त्योहार, साहित्य, संगीत, कला, खान-पान, वास्तुकला और ज्ञान-पद्धतियों का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है।

वर्ष का यह समय हर देशवासी के लिए बहुत ही पावन माना जाता है। लोग बड़े उत्साह के साथ संक्रांति, उत्तरायण, पोंगल, माघ बिहू जैसे अनेक त्योहार मना रहे हैं। ये सभी उत्सव मुख्य रूप से सूर्यदेव, प्रकृति और कृषि को समर्पित हैं। ये त्योहार लोगों को आपस में जोड़ते हैं, जिससे समाज में सद्भाव और एकजुटता की भावना और प्रगाढ़ होती है। इस अवसर पर मैं आप सभी को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि इन उत्सवों के साथ हमारी साझी विरासत और सामूहिक भागीदारी की भावना देशवासियों की एकता को और मजबूत करेगी।

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं)

नई पीढ़ी के इंजिनियर बनाने को हर IIT में बनेगी AI टास्क फोर्स

AI Image

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ **भारतीय प्रौद्योगिकी** संस्थान (IITs) ने सिफारिश की है कि देश की हर एक आईआईटी में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) टास्क फोर्स बनाई जाए। इस टास्क फोर्स का मकसद आईआईटी के करिकुलम, टीचिंग और रिसर्च में AI और ML यानी मशीन लर्निंग को कोर कॉम्पिटेंसी के तौर पर शामिल करना है। आईआईटी में अगली पीढ़ी के इंजिनियरों को तैयार करने के लिए पारंपरिक करिकुलम में बदलाव किया जाएगा। एक अच्छे AI मॉडल सिलेबस में मैथ्स, प्रोग्रामिंग, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग शामिल होने चाहिए। आईआईटी कानपुर को यह जिम्मेदारी दी गई है कि सभी आईआईटी के मानकृत और कमजोर पक्षों को लेकर टिटिल विश्लेषण किया जाए और इंडस्ट्री की जरूरत के आधार पर कोर्स करिकुलम में क्या- क्या बदलाव हो सकते हैं, इसके बारे में भी रिपोर्ट आईआईटी काउंसिल को दी जाए। वहीं यह तय किया गया है कि एमटेक कोर्सेज में इंडस्ट्री इंटर्नशिप को कंपलसरी बनाया जाएगा।

कोचिंग के प्रभाव को कम करने की कोशिश

IIT काउंसिल की बैठक में देश की 23 IIT में दाखिले के लिए JEE Advanced के मौजूदा स्ट्रक्चर पर भी चर्चा हुई। सदस्यों ने माना है कि इंजिनियरिंग की परीक्षा के लिए कोचिंग पर निर्भरता काफी बढ़ गई है और छात्रों का तनाव भी बढ़ता है। इस मसले पर एक एक्सपर्ट कमिटी बनेगी और एग्जाम पैटर्न के तरीकों में क्या बदलाव हो, इस पर रिपोर्ट दी जाएगी।

आईआईटी में टीचिंग प्रोग्राम पर भी फोकस

चार आईआईटी में 4-ईयर इंटिग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (ITEP) पढ़ाया जा रहा है। काउंसिल ने आईआईटी जोधपुर को नोडल इंस्टिट्यूशन बनाया है, जो स्कूली शिक्षा विभाग और नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन के साथ मिलकर काम करेगा। सुनिश्चित किया जाएगा कि आईआईटी में टीचिंग एजुकेशन का यह कोर्स भी दूसरे कोर्सेज की तरह पॉपुलर हो।

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

पुराने ढर्रे से बाहर आना ही होगा

आईआईटी काउंसिल की बैठक में लिए गए फैसलों से एक बात साफ हो गई है कि जो आईआईटी अभी भी पुराने ढर्रे पर ही चल रहे हैं और करिकुलम इनोवेशन को लागू करने में पीछे हैं, उन्हें अब मार्केट डिमांड को समझना होगा। यह भी साफ है कि अब इंडस्ट्री के साथ तालमेल के बिना काम नहीं चलेगा और मैनेजमेंट को इसके लिए मेहनत करनी ही होगी। सरकार चाहती है कि सभी 23 आईआईटी ग्लोबल लेवल पर अपनी पहचान बनाएं।

अलगाववादी आसिया आतंक के मामले में दोषी

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** दिल्ली की एक कोर्ट ने कश्मीरी अलगाववादी और दुख्तरान-ए-मिल्लत की प्रमुख आसिया अंद्राबी को UAPA मामले में दोषी ठहराया। सजा पर फैसला 17 जनवरी को होगा। NIA ने अंद्राबी पर दो सहयोगियों के साथ मिलकर नफरत भरे भाषणों के माध्यम से भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने, आपराधिक साजिश रचने और UAPA के तहत आरोप लगाए हैं। दुख्तरान-ए-मिल्लत (DRM) की 1987 में स्थापना करने वाली अंद्राबी को अप्रैल 2018 में गिरफ्तार किया गया था।

HC में बोली ED- कुछ भी जब्त नहीं, TMC को झटका

■ **पीटीआई, कोलकाता: कलकत्ता हाई** कोर्ट ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस (TMC) की डेटा सुरक्षा की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि ईडी ने बताया है कि उसने पिछले हफ्ते की रेड के दौरान I-PAC के डायरेक्टर प्रतीक जैन के ऑफिस और घर से कुछ भी जब्त नहीं किया है। TMC ने कोर्ट में याचिका दायर कर 8 जनवरी को इन दोनों जगहों पर ईडी की रेड के दौरान जब्त किए गए पर्सनल और पॉलिटिकल डेटा को सुरक्षित रखने का आदेश देने की मांग की थी।

हाई कोर्ट ने ईडी की एक अलग याचिका पर भी सुनवाई स्थगित कर दी, जिसमें एजेंसी ने 8 जनवरी की घटनाओं को लेकर सीबीआई जांच की मांग की थी। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में भी है।

हाई कोर्ट ने तृणमूल की डेटा सुरक्षा से जुड़ी याचिका खारिज की।

ईडी के आरोप पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

I-PAC के ऑफिस और उसके निदेशक के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान जांच में बाधा डालने से जुड़ी ईडी की अर्जी पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। ईडी ने गगता बनर्जी पर आरोप लगाए हैं।

'नशे में थे जुबीन, लाइफ जैकेट के बिना तैरे, डूबे'

■ **पीटीआई, सिंगापुर:** सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में सिंगापुर पुलिस ने कोर्ट में किसी भी तरह की साजिश से इनकार किया है। पांच महीने बाद कोर्ट में सौंपी रिपोर्ट में पुलिस ने कहा कि घटना के समय जुबीन नशे में थे और उन्होंने तैराकी के दौरान लाइफ जैकेट पहनने से इनकार कर दिया था। सिंगर जुबीन की मौत 19 सितंबर 2025 को सिंगापुर में वोट पार्टी के दौरान डूबने से हुई थी। वह सिंगापुर में नॉर्थ-ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में परफॉर्म करने पहुंचे थे।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMJK2 User: cci Time: 01-14-2026 22:48 Color:

चोटिल होने से पहले मुझे पता नहीं था कि स्प्लीन हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब मुझे हॉस्पिटल में एडमिट किया गया, उसके बाद मुझे एहसास हुआ कि यह एक गंभीर चोट थी। उस दिन मुझे 'स्प्लीन' शब्द के बारे में भी पता चला। *-श्रेयस अय्यर, भारतीय क्रिकेटर*

191

रन बनाए थे श्रीलंका के हशिता बोयागोडा ने केन्या के खिलाफ साल 2018 में खेले गए अंडर-19 वर्ल्ड कप में। यह टूर्नामेंट में किसी प्लेयर द्वारा खेली गई सबसे बड़ी इनिंग्स का रेकॉर्ड है

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. भारत ने अंडर-19 वर्ल्ड कप का खिताब कितनी बार जीता है?
A) 6 B) 5 C) 8 D) 9

2. पीवी सिंधु को इंडिया ओपन 2026 के पहले राउंड में किस देश की प्लेयर ने हराया?
A) वियतनाम B) इंडोनेशिया C) जापान D) चीन

कल के जवाब
1. C) 8 2. A) विदर्भ

लकी WINNER

1. सुशील गोयल, पटपड़गंज, दिल्ली
2. नवनीत गुप्ता, गाजियाबाद, यूपी
3. बृज मोहन, फरीदाबाद, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

मारिन टीम से जुड़े

■ **नई दिल्ली:** डच कोच शोर्ड मारिन औपचारिक रूप से एक बार फिर भारतीय महिला हॉकी टीम के हेड कोच के रूप में जुड़ गए हैं। 2017 से 2021 तक उनका कार्यकाल सफल रहा था, जिसमें ओलिंपिक्स 2020 में टीम ने ऐतिहासिक चौथा स्थान हासिल किया। हॉकी इंडिया ने उनके स्वागत की तस्वीर साझा की।

PWL आगाज आज से

■ **नोएडा:** प्रो रेसलिंग लीग (PWL) के मौजूदा सीजन का आगाज उत्तर प्रदेश डॉमिनेटर्स और पंजाब रॉयल्स के मैच से होगा। सबसे ज्यादा निगाहें दो बार की अंडर-20 वर्ल्ड चैंपियन अंतिम पंघाल पर रहेंगी, जो 53 किग्रा में मीनाक्षी से भिड़ेंगी। मुकाबले तीन-तीन मिनट के दो दौर में होंगे।

पहला लेग जीता सिटी

■ **लंदन:** नए खिलाड़ी एंटोनी सेमेन्यो के गोल से मैनचेस्टर सिटी ने न्यूकैसल को इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के पहले लेग में 2-0 से हरा दिया। सेमीफाइनल का दूसरा लेग 5 फरवरी को खेला जाएगा।

क्वॉर्टर में ऐटलेटिको

■ **मैड्रिड:** एंटोनी ग्रीजमैन के शानदार फ्री-किक गोल से ऐटलेटिको मैड्रिड ने डेपोर्टिवो ला कोरुना को 1-0 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश किया।

सेंथिल-टंडन विजयी

■ **डेट्रॉयट:** भारतीय स्क्वॉश खिलाड़ियों वेलवन सेंथिलकुमार और रामित टंडन ने डीआर 21 मोटर सिटी ओपन में जीत के साथ नए सीजन की शुरुआत की। सेंथिलकुमार ने सैमुअल वाइल्ड को सीधे गेम में हराया।

दूसरे वनडे में मेहमान टीम ने भारत को सात विकेट से शिकस्त देकर तोड़ा हार का सिलसिला

मिचेल ने सीरीज़ बराबर कराई

■ **एजेंसियां, राजकोट:** न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल की शानदार नाबाद शतकीय पारी और अपने स्पिनर्स की अनुशासित बोलिंग की बदौलत भारत के खिलाफ वनडे सीरीज का दूसरा मैच सात विकेट से जीत लिया है। इसके साथ ही मेहमान टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली है। भारत से मिले 285 रन के टारगेट को कीवी टीम ने 15 बॉल बाकी रहते हासिल कर लिया। यह भारत में भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड का सबसे बड़ा रन चेज है। उसने भारत के खिलाफ लगातार आठ मैच गंवाने के बाद पहली जीत हासिल की।

यंग का मिला साथ: न्यूजीलैंड की शुरुआत काफी खराब रही। उसने पावरप्ले में केवल 34 रन बनाए। यह 2023 वर्ल्ड कप के बाद न्यूजीलैंड का पावरप्ले में चौथा सबसे कम स्कोर है। मिचेल को इसके बाद विल यंग (87 रन, 98 बॉल, 7 फोर) का अच्छा साथ मिला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 152 बॉल में 162 रन की साझेदारी निभाई। इसमें यंग ने 67 बॉल पर 70 रन जोड़े जबकि मिचेल ने 85 बॉल में 88 रन का योगदान दिया। भारत के खिलाफ मिचेल की लाजवाब लय जारी रही। उन्होंने टीम इंडिया के विरुद्ध वनडे में 10वीं इनिंग्स में अपनी तीसरी सेंचुरी लगाई। उन्होंने भारतीय टीम के खिलाफ 67.11 औसत से कुल 604 रन बनाए हैं।

केएल ने खेली शतकीय पारी: इससे पहले केएल राहुल ने कठिन पिच पर नाबाद शतक लगाते हुए भारत को सात विकेट पर 284 रन तक पहुंचाया। राहुल ने 92 बॉल में 11 फोर और एक सिक्स की मदद से 112* रन की पारी खेली। उन्होंने सिक्स लगाकर अपना शतक पूरा किया। मेहमान टीम के बोलर्स ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए 24वें ओवर में भारत के चार विकेट 118 रन पर निकाल दिए थे, जबकि एक समय स्कोर एक विकेट पर 99 रन था। पिच में रफ्तार नहीं थी और कभी कभी गेंद नीची रह रही थी। कप्तान शुभमान गिल ने 53 गेंद में 56 रन बनाए जो सीरीज में उनका लगातार दूसरा अर्धशतक है। न्यूजीलैंड के बोलर्स ने अच्छी शुरुआत करते हुए काफी कसी हुई बोलिंग की। रोहित शर्मा (24) को खाता खोलने में 11 गेंदों तक इंतजार करना पड़ा। रोहित ने कवर्स में एक शानदार ड्राइव लगाया, लेकिन एक बार फिर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में विकेट गंवा बैठे।

विराट, श्रेयस नहीं चले: ओपनर गिल और उसके बाद श्रेयस अय्यर (8 रन) खराब शॉट खेलकर आउट हुए। गिल ने धीमी शुरुआत के बाद पैर जमाए और अपनी पारी में नौ फोर तथा फाइन लेग पर एक सिक्स जड़ा। वह हालांकि काइल जेमीसन की शॉर्ट गेंद पर चकमा खा गए और मिडविकेट पर डेरिल मिचेल को आसान कैच दे बैठे। श्रेयस ने क्लार्क की गेंद पर मिड ऑफ में माइकल ब्रेसवेल को कैच थमाया। शानदार लय में चल रहे दिग्गज विराट कोहली के आउट होने पर निरंजन शाह स्टेडियम में सन्नाटा पसर गया। विराट ने पहली गेंद पर चौका लगाया, लेकिन 23 के स्कोर पर क्लार्क की गेंद पर बोल्ड हो गए। स्थानीय सितारे रविंद्र जाडेजा ने 27 रन बनाए।



वाइट बॉल चैलेंज

7 लिस्ट-ए इनिंग्स के बाद विराट कोहली बिना फिफ्टी बनाए आउट हुए। इस दौरान उन्होंने तीन शतकीय पारियां भी खेली हैं

8 वां शतक बनाया वनडे इंटरनैशनल में न्यूजीलैंड के बैटर डेरिल मिचेल ने

93.8 ऐवरेज से केएल राहुल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में रन बनाए हैं। उनका ऐवरेज न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में 10+ मैच और 400+ रन बनाने वाले बैटर्स के बीच सर्वाधिक है

1773 रन हो गए विराट कोहली के वनडे इंटरनैशनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ सचिन तेंडुलकर (1750 रन) को पीछे छोड़ सर्वाधिक रन बनाने वाले बैटर बन गए

कमाल केएल का

केएल राहुल ने वनडे फॉर्मेट में साल 2025 से अब तक 41 से 50 ओवर्स के बीच सर्वाधिक रन बनाने वाले बैटर (आईसीसी के फुल मेंबर टीम्स के) बन गए हैं। केएल ने इस दौरान 140.09 स्ट्राइक रेट के साथ 283 रन बनाए हैं। केएल ने वनडे फॉर्मेट में न्यूजीलैंड के खिलाफ 10 इनिंग्स खेली हैं, जिसमें 93.8 ऐवरेज और 111.13 स्ट्राइक रेट के साथ 469 रन बनाए हैं। इसमें दो सेंचुरी और एक फिफ्टी शामिल है। राहुल राजकोट में ODI सेंचुरी लगाने वाले पहले भारतीय भी बने। राहुल ने छह डॉट्स के साथ धीमी शुरुआत की। उन्होंने अपनी पारी के 87वें बॉल पर सिक्स लगाकर ODI करियर का आठवां शतक पूरा किया।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

स्कोरकार्ड

भारत: रोहित शर्मा कॉ यंग बो क्लार्क 24, शुभमान गिल कॉ मिचेल बो जेमीसन 56, विराट कोहली बो क्लार्क 23, श्रेयस अय्यर कॉ ब्रेसवेल बो क्लार्क 8, केएल राहुल नॉट आउट 112, रविंद्र जाडेजा कॉ ऐड बो ब्रेसवेल 27, नितीश कुमार रेड्डी कॉ फिलिप्स बो फोक्स 20, हर्षित राणा कॉ ब्रेसवेल बो लेनोक्स 2, मोहम्मद सिराज नॉट आउट 2 **एक्स्ट्राज:** 10 **टोटल:** 50 ओवर्स में सात विकेट पर 284 रन **विकेट:** 1-70, 2-99, 3-115, 4-118, 5-191, 6-248, 7-256 **बोलिंग:** काइल जेमीसन 10-2-70-1, जैक फोक्स 9-0-67-1, क्रिस्टियन क्लार्क 8-0-56-3, जेडन लेनोक्स 10-0-42-1, माइकल ब्रेसवेल 10-1-34-1, ग्लेन फिलिप्स 3-0-13-0

न्यूजीलैंड: डेवोन कॉन्वे बो हर्षित 16, हेनरी निकोल्स बो प्रसिद्ध 10, विल यंग कॉ नितीश बो कुलदीप 87, डेरिल मिचेल नॉट आउट 131, ग्लेन फिलिप्स नॉट आउट 32 **एक्स्ट्राज:** 10 **टोटल:** 47.3 ओवर्स में तीन विकेट पर 286 रन **विकेट:** 1-22, 2-46, 2-208 **बोलिंग:** मोहम्मद सिराज 9-0-41-0, हर्षित राणा 9.3-1-52-1, प्रसिद्ध कृष्णा 9-0-49-1, नितीश कुमार रेड्डी 2-0-13-0, रविंद्र जाडेजा 8-0-44-0, कुलदीप यादव -10-82-1

श्रीकांत, प्रणॉय जीते लेकिन सिंधु पहले राउंड में ही हारीं

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** स्थानीय दर्शक बुधवार को उस वक्त मायूस हो गए, जब स्टार शटलर पीवी सिंधु इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले राउंड में ही हारकर बाहर हो गईं। साल 2017 की विमिंस सिंगल्स चैंपियन सिंधु को एक घंटा और आठ मिनट चले मुकाबले में वियतनाम की खिलाड़ी थुई लिन एनगुएन के खिलाफ 22-20, 12-21, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। हालांकि, भारत के लिहाज से अच्छी बात रही कि किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणॉय और मालविका बनसोड सिंगल्स के दूसरे राउंड में पहुंचने में सफल रहे। इंडिया ओपन 2015 के चैंपियन श्रीकांत ने भारत के ही थरुन मानेपल्ली को 15-21, 21-6, 21-19 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। प्रणॉय ने हॉन्ग कॉन्ग के ली चेयुक यिउ को 22-20, 21-18 से हराया। पिछले सीजन के दूसरे हाफ में चोटों से परेशान रही मालविका ने विमिंस सिंगल्स में चीनी ताइपे की पाइ यु पो को 21-18, 21-19 से हराया।

इंडिया ओपन बैडमिंटन 2026

डबल्स में खराब रहा दिन: डबल्स मुकाबलों में भारत के लिए बुधवार का दिन काफी खराब रहा। चोट से उबर कर वापसी करने वाले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के अलावा सभी भारतीय जोड़ियां हार गईं। मिक्स्ड डबल्स में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को पक्कापोन तीरारत्सकुल और सापसिरी तेरत्तनाचाई की थाईलैंड की जोड़ी के खिलाफ 15-21, 14-21 से हार झेलनी पड़ी। विमिंस डबल्स में श्वेतपर्णा पंडा और रुतपर्णा पंडा को नगाओ हारा और रिये किनोसे की जोड़ी ने 21-8, 21-18 से हराया, जबकि गायत्री रावत और मनसा रावत की जोड़ी बेक हा ना और ली सो ही की कोरिया की जोड़ी के खिलाफ 5-21, 8-21 की हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

प्रदूषण से हटे एंटोनसन: दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसन ने बुधवार को बताया कि दिल्ली में बहुत अधिक प्रदूषण के कारण उन्होंने लगातार तीसरे साल इंडिया ओपन में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'इस समय दिल्ली में बहुत अधिक प्रदूषण है। मुझे नहीं लगता कि यह बैडमिंटन टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिए सही जगह है। उम्मीद है कि जब दिल्ली में वर्ल्ड चैंपियनशिप होगी, तो हालात बेहतर होंगे।' एंटोनसन ने ड्रॉ निकाले जाने से पहले ही प्रतियोगिता से नाम वापस ले लिया था, लेकिन उन्होंने बताया कि हटने के कारण वर्ल्ड बैडमिंटन फेडरेशन ने उन पर पांच हजार अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया है।


PTI
भारत के एचएस प्रणॉय

किदांबी बोले, डेनमार्क में भी मेरे साथ समस्या हुई थी

भारतीय दिग्गज किदांबी श्रीकांत ने कहा कि उन्हें इंडिया ओपन की मेजबानी कर रहे इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेलने की स्थितियों में कुछ भी गलत नहीं लगा। डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट ने मंगलवार को स्टेडियम परिसर की सुविधाओं और आसपास के माहौल की आलोचना करते हुए उन्हें गंदा और स्वास्थ्य के लिए खराब बताया था। श्रीकांत से जब मिया के इस बयान पर पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'हर देश की अपनी परिस्थितियां होती हैं। साल 2016 या 2017 में मुझे डेनमार्क में अपने मैच के बीच में लगभग एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा था क्योंकि बत्ती गुल हो गई थी।' श्रीकांत ने प्रणॉय से जुड़े एक मामले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'एक बार प्रणॉय मुझे बता रहे थे कि उन्हें अपना मैच अगले दिन खेलना पड़ा। उन्होंने पहले दिन एक गेम खेला और फिर अगले दिन दूसरा गेम। कोई जानबूझकर ऐसा नहीं करता। हर देश इसे बहुत अच्छे से करना चाहता है। इंडिया ओपन में परिस्थितियां ठीक हैं। मैंने कोई बुरी चीज होते हुए नहीं देखी।'

चार साल बाद फिर से टॉप पर पहुंचे विराट

■ **एजेंसियां, मुंबई:** विराट कोहली ने वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में शानदार अर्धशतक बनाने के बाद इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) की वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में रोहित शर्मा को पीछे छोड़कर फिर से टॉप पोजिशन हासिल कर लिया है। यह सैंतीस वर्षीय बल्लेबाज जुलाई 2021 के बाद पहली बार नंबर एक रैंकिंग पर पहुंचा है। पहले वनडे में सस्ते में आउट होने के कारण पूर्व कप्तान रोहित तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। कोहली ने अक्टूबर 2013 में पहली बार टॉप पोजिशन हासिल की थी।

क्रिकेट कनेक्ट

वनडे के नंबर-1 बैटर विराट कोहली

ऑस्ट्रेलिया का पाक दौरा: पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को बताया कि टी20 वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलिया लाहौर में तीन टी20 इंटरनैशनल मैच खेलेगा। पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया वर्ल्ड कप से पहले 29 और 31 जनवरी तथा 1 फरवरी को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में डे/नाइट टी20 मैच खेलेंगे।

भारत का लक्ष्य होगा छठा खिताब

युवा टीम इंडिया का सामना आज पहले मैच में अमेरिका से

■ **एजेंसियां, बुलावायो (जिंबाब्वे):** कई उभरते सितारों से सजी भारतीय टीम अंडर-19 वर्ल्ड कप में गुरुवार को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। पांच बार की चैंपियन भारत की नजर इस बार छठा खिताब जीतने पर है। ऐसे में भारत अपेक्षाकृत कमजोर मानी जा रही अमेरिकी टीम के खिलाफ जोरदार जीत के साथ शुरुआत करना चाहेगा।

अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026

अभी तक अच्छा रेकॉर्ड: भारतीय टीम का हालिया रेकॉर्ड मजबूत रहा है। पिछले 16 मैचों में 13 जीत दर्ज करने वाली टीम ने इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका में सीरीज जीतकर विदेशी हालात में भी अपनी क्षमता साबित की है। बल्लेबाजी की जिम्मेदारी कप्तान आयुष म्हात्रे, उपकप्तान विहान मल्होत्रा, वैभव सूर्यवंशी और आरोन जॉर्ज के कंधों पर होगी।

SOCIAL MEDIA
भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे

संभावित प्लेइंग XI

भारत: वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), आरोन जॉर्ज, विहान मल्होत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, हेनिल पटेल, दीपेश देवेंद्रन, किशन सिंह

अमेरिका: उत्कर्ष श्रीवास्तव (कप्तान), अमरिंदर गिल, साहिल गर्ग, ऋषभ शिम्पी, अद्वित झा, अदित कप्पा, अमोघ आरेपल्ली (विकेटकीपर), अर्जुन कृष्णा, रयान ताज, साहिर भाटिया, शिव शानी।

टेलिकास्ट: दोपहर 1 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

यूपी के सामने आज होगी 'हरमन सेना' की चुनौती

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** शानदार लय में चल रही मुंबई इंडियंस के विजयी रथ के सामने आज यूपी वॉरियर्स की चुनौती होगी। मुंबई कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में उम्दा खेल का प्रदर्शन कर रही है। मंगलवार को गुजरात जायंट्स के खिलाफ हुए मैच में 'हरमन सेना' 193 रन के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया था, जो मुंबई का WPL इतिहास में सबसे बड़ा चेज है। हरमन को 43 बॉल में 71* रन की पारी खेलने के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया था।

दूसरी ओर, यूपी अपने शुरुआती दो मैच में बोलिंग और बैटिंग दोनों में संघर्ष करती दिखी है। पहले मैच में 207 रन का पीछा करते हुए वॉरियर्स को 10 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

विमिंस प्रीमियर लीग 2026

मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर

टेलिकास्ट: शाम 7:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क व जियोहॉटस्टार पर

कलिंगा लांसर्स ने लगा दिया जीत का 'चौका'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स के एकमात्र गोल से वेदांता कलिंगा लांसर्स ने हॉकी इंडिया लीग (HIL) में बुधवार को हैदराबाद तूफान्स को हरा दिया। यह मौजूदा टूर्नामेंट में लांसर्स की चौथे मुकाबले में लगातार चौथी जीत है। शुरुआती दो क्वॉर्टर गोलरहित रहने के बाद तीसरे के 40वें मिनट में हेंड्रिक्स ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए कलिंगा को विजयी बढ़त दिलाई। एक अन्य मैच में टॉम बून की हैटट्रिक समेत कुल चार गोल की बदौलत रांची रॉयल्स ने एसजी पाइपर्स को 5-2 से हराया। रॉयल्स के लिए मनदीप सिंह ने भी एक गोल किया।

हॉकी इंडिया लीग (HIL)

SOCIAL MEDIA
अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स

पडिक्कल पर होंगी नज़रें

कर्नाटक Vs विदर्भ
पहला सेमीफाइनल मैच

■ **एजेंसियां, बेंगलुरु:** विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 का पहला सेमीफाइनल आज कर्नाटक और विदर्भ के बीच बेंगलुरु में खेला जाएगा। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे कर्नाटक के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल पर खास तौर पर नजरें टिकी होंगी जो इस मैच में मुख्य अंतर पैदा कर सकते हैं। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने मौजूदा सीजन में चार शतक लगाए हैं और वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में टॉप पर पहुंच गए हैं। टीम में कप्तान मयंक अग्रवाल, करुण नायर और अभिनव मनोहर जैसे अनुभवी बल्लेबाज हैं।

Syed Asif
कर्नाटक के बैटर देवदत्त पडिक्कल

टेलिकास्ट: दोपहर 1:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

दूसरी ओर, विदर्भ भी इस सीजन कई अवसरों पर 300 रन का आंकड़ा छूने में सफल रही है। बड़ौदा के खिलाफ ग्रुप चरण में नौ विकेट की उसकी जीत में टीम ने 293 रन का लक्ष्य 50 गेंद शेष रहते ही हासिल कर लिया था।

टॉप लीग्स की राह पर चलेगा AIFF

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने अगले 21 वर्षों की अपनी योजना तैयार करते समय स्पेन, जर्मनी और इंग्लैंड की दुनिया की टॉप फुटबॉल लीग्स से उदाहरण लिया है। इसके तहत एक ताकतवर संचालन समिति और एक प्रबंधन समिति की स्थापना की जाएगी। इंडियन सुपर लीग (ISL) और आई-लीग के लिए नई प्रशासनिक संरचना के तहत AIFF ने दोनों लीग के नियामक और संचालन से जुड़े कामकाज की निगरानी के लिए संचालन समिति और प्रबंधन समिति बनाई है।

21 वर्षीय योजना बनी

मेंस में अल्काराज और विमिंस में सबालेंका को दी गई टॉप सीड

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और आरिना सबालेंका को संडे से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता दी गई है। वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम के ड्रॉ गुरुवार को निकाले जाएंगे जिससे एक दिन पहले पुरुष और महिला वर्ग में 32 वरीय खिलाड़ियों की घोषणा की गई। पुरुष वर्ग में मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर को दूसरी वरीयता मिली है, जबकि अलेक्जेंडर ज्वेरेव को तीसरी और 10 बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को चौथी वरीयता दी गई है। महिला वर्ग में सबालेंका, इगा स्वियातेक और कोको गॉफ शीर्ष तीन वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं।

टेनिस राउंड अप


FILE
कार्लोस अल्काराज


FILE
आरिना सबालेंका

शेल्टन आगे बढ़े: अमेरिका के बेन शेल्टन ने ऑकलैंड ओपन एटीपी टूर प्रतियोगिता में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके वर्ष 2026 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

12 राशियां और आपका दिन



ARIES 21 Mar - 19 Apr
आज कार्यक्षेत्र में आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं, जिससे व्यथित होकर आपके कुछ साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है। हालांकि आप अपने व्यवहार से सभी को खुश करने में कामयाब रहेंगे। रात्रि में पत्नी का स्वास्थ्य खराब होने के कारण कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

TAURUS 20 Apr - 19 May
आज का दिन आपका परिजनों के साथ सुखद बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। सायंकाल के समय किसी अतिथि के आगमन का हर्ष हो सकता है। रात्रि में किसी मांगलिक कार्य में सम्मिलित होने से आपका सम्मान बढ़ेगा।

GEMINI 21 May - 21 Jun
पिता के आशीर्वाद तथा उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें। सायंकाल से लेकर रात्रिपर्यंत तक वाहनों के प्रयोग से सावधानी बरतें। प्रिय एवं महान पुरुषों के दर्शन से मनोबल बढ़ेगा।

CANCER 22 Jun - 22 July
राशि स्वामी की उत्तम स्थिति एवं राशि पर बृहस्पति का दृष्टि होकर परिभ्रमण अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति करा कर कोष की स्थिति को सुदृढ़ करेगा। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। भावुकता में लिया गया निर्णय पश्चाताप का कारण बन सकता है। सायंकाल से लेकर देर रात तक देव दर्शन का लाभ लें।

LEO 23 July - 22 Aug
राजनीतिक क्षेत्र में आपको सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ति भी होगी। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आज आप आगे बढ़ेंगे और रुका हुआ कार्य भी संपन्न होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सायंकाल से लेकर रात्रि का समय प्रियजनों के दर्शन व हास्य-परिहास में व्यतीत होगा। खानपान पर विशेष नियंत्रण रखें।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
आज के दिन गुरुजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके कार्य कौशल की प्रशंसा होगी। आपको नई जिम्मेदारियां भी मिलेंगी। प्रतिद्वंद्वियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। दांपत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी। समय का आनंद उठाएं।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि का योग है। आय के नए स्रोत बनेंगे। कार्यकुशलता आपको विशेष सम्मान दिलाएगी। भागदौड़ अधिक रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, सावधान रहें। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य पर्याप्त मात्रा में मिलेगा। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद रहेगी।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर धन, सम्मान और यश की वृद्धि कराएगा। रुका हुआ कार्य पूरा होगा और दिन के पहले हिस्से में प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सायंकाल के समय पुराने मित्रों से मुलाकात होगी।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज सुविधाजनक वस्तुओं पर धन का खर्च होगा। सांसारिक सुख-भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आकस्मिक उलझनों या किसी संबंधी के कारण तनाव बढ़ सकता है। रुपए, पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है। दिन में कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पूर्वापेक्षा अधिक सुदृढ़ होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना भी बन रही है। सायंकाल में धार्मिक स्थानों की यात्रा का अवसर प्राप्त होगा। वाहन प्रयोग में सावधानी बरतें, वाहन अचानक खराब हो जाने से खर्च बढ़ सकता है।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
आज के दिन परिवार में किसी को शारीरिक कष्ट हो सकता है, जिस कारण आपके लिए भागदौड़ व अधिक खर्च की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति को खरीदने से पहले उसके सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। सायंकाल के समय परिजन के स्वास्थ्य में सुधार हो जाएगा।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आज के दिन आपका वैवाहिक जीवन आनंददायक बीतेगा। आज पास व दूर की यात्रा भी हो सकती है। बिजनेस में धोखे से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक भार से छुटकारा मिलेगा। सायंकाल के समय घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। रात्रि का समय परिजन संग व्यतीत होगा। आपका विवाह में दिलचस्पी होगा।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष आपको राजा पद से प्रवेश हो रहा है। वर्ष के स्वामी गुरु, मंगल वह बने हैं। जीवन संघर्षी-देहधारी प्रधान वह वर्षधारी मुख्य उत्तम स्थिति में जनवरी तोष में अचानक राज्य कृपा करक है। फरवरी महीने में काफी समय से टल रही योजनाएं पूरी होंगी। इस दौरान हो सके तो नए प्रोजेक्ट्स पर भी काम शुरू करें। मार्च महीने में नई खोज, रचनात्मक कार्यों में प्रगति होगी। साथ ही समाज में सम्मान बढ़ेगा, प्रतियोगिता में विजय होगी। अप्रैल महीने की शुरुआत से लेकर मई महीने के अंत तक में न चाहते हुए भी कहीं जाना पड़ेगा। इस दौरान आपको इष्ट मित्रों से भी सहयोग प्राप्त होगा। हो सके तो अपनी वार्ता शैली संतुलित रखें। जून माह की शुरुआत से लेकर जुलाई माह के अंत तक में सभी लोग आपके कार्य कौशल की प्रशंसा करेंगे। आपकी तरक्की देख विरोधियों का मनोबल गिरेगा। अगस्त में आपके रहन-सहन का स्तर बढ़ेगा। सितंबर से लेकर अक्टूबर तक शत्रु पराजित होंगे। अधिक सफलता के लिए स्नान उपरांत सूर्य नारायण को अर्घ्य जल प्रदान करें। नवंबर में हनुमान चालीसा का पाठ भी कल्याणकारी सिद्ध होगा। राज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। साथ ही आपके शत्रु भी हतोत्साहित होंगे।
-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(शुक्रवार, 16 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 27, शक संवत 1947, माघ कृष्ण, त्रयोदशी, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 3, रजब 25, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 16 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट से मध्याह्न 12 बजे तक। त्रयोदशी तिथि रात्रि 10 बजकर 21 मिनट तक उपरांत चतुर्दशी तिथि का आरंभ। मूल नक्षत्र अर्धरात्रोत्तर 6 बजकर 14 मिनट तक उपरांत पूर्वाषाढ़ नक्षत्र का आरंभ। ध्रुव योग रात्रि 9 बजकर 26 मिनट तक उपरांत व्याघात योग का आरंभ। गर करण रात्रि 9 बजकर 21 मिनट तक उपरांत विष्टि करण का आरंभ। चंद्रमा सायं 5 बजकर 47 मिनट तक वृश्चिक उपरांत धनु राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार- मासिक शिवरात्रि, तिल द्वादशी।

सुडोकू

6			5				1	
5	2					8		
		3			9			7
	7		4	2				
		4	3		5	7		
				9	7		8	
9			7			4		
		5					7	3
	4				1			5

TELEVISION

big magic

09:00 बबलू डबलू	14:30 हम पांच
10:00 सद्गुरु बृहस्पति	15:00 अजब देश की गजब कहानी
11:00 रुद्र के रक्षक	16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी
11:30 अलादीन	19:30 रुद्र के रक्षक
12:00 चक्रधारी अजय कृष्णा	21:00 चीरा
13:30 भ से भड़े	

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP1 User: cci Time: 01-14-2026 23:18 Color:

सेना दिवस आज

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

खुद को कमतर मानकर कोसती थी: तापसी ▸p9

निकाय चुनाव 2025-26

वोटिंग के लिए जा रहे, तो ये 21 जवाब हैं काम के

1	बिना वोटर लिस्ट में नाम के वोट कर सकता या सकती हूं?	✗
2	क्या वोटिंग सेंटर पर अपना नाम लिस्ट में देख सकता हूं?	✓
3	क्या मोबाइल फोन या कैमरा ले जा सकते हैं?	✓
4	क्या बीएमसी की सेंट्रल हेल्पलाइन नंबर 1916 है?	✓
5	क्या वोटिंग सेंटर पर व्हील चेयर उपलब्ध होगी?	✓
6	क्या पोलिंग बूथ पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था होगी?	✓
7	क्या बुजुर्ग-दिव्यांग मतदाताओं को प्राथमिकता मिलेगी?	✓
8	क्या सिर्फ आधार कार्ड दिखाकर वोट डाल सकते हैं?	✗
9	क्या वोटर ID के अलावा दूसरे पहचान पत्र मान्य हैं?	✓
10	क्या वोटिंग केंद्र के अंदर फोटो या विडियो बना सकते हैं?	✗
11	क्या महिलाओं के लिए अलग लाइन हो सकती है?	✓
12	क्या गर्भवती महिलाओं को प्राथमिकता मिलती है?	✓
13	क्या आज सरकारी ऑफिस और संस्थान बंद रहेंगे?	✓
14	क्या मतदान केंद्र पर पानी और बुनियादी सुविधाएं होती हैं?	✓
15	क्या केंद्र पर मतदाता पर्ची ले जाना चाहिए?	✓
16	क्या बीप बजने पर ही मेरा वोट दर्ज माना जाएगा?	✓
17	मतदान केंद्र कक्ष सेंटर पर ही पता चलेगा क्या?	✓
18	क्या मोबाइल में पहचान पत्र की सॉफ्ट कॉपी मान्य होगी?	✗
19	क्या साढ़े पांच बजे तक टोकन मिलने वाले ही वोट दे सकेंगे?	✓
20	क्या आज बेस्ट की बस सेवाएं कम रहेंगी?	✓

21 मतदान केंद्र पर सबसे कम भीड़ कब होती है?

दोपहर 1 से 3 बजे के बीच।

4 साल के इंतज़ार के बाद BMC की वोटिंग

आज हो रहा 29 मनपाओं के लिए मतदान, नतीजे कल

Brijesh.Tripathi@timesofindia.com

मुंबई : आखिरकार 4 साल की प्रतीक्षा के बाद मुंबईकर गुरुवार यानी आज अपना नगरसेवक चुनने के लिए मतदान करेंगे। बीएमसी की 227 सीटों के लिए कुल 1700 उम्मीदवार मैदान में हैं। चुनाव में 1.03 करोड़ मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। बीएमसी के पिछले चुनाव 2017 में हुए थे। इसका कार्यकाल 7 मार्च 2022 को समाप्त हुआ था। मुंबई सहित राज्य की 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव नतीजे 16 जनवरी को घोषित कर दिए जाएंगे। इसमें एमएमआर की ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, वसई-विरार, पनवेल, नवी मुंबई, उल्हासनगर, भिवंडी और मीरा-भाईंदर मनपा शामिल हैं। सभी मनपाओं में मतदान सुबह 7:30 बजे से शाम 5: 30 बजे तक होगा। इन चुनावों में जहां सीएम देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है, वहीं ठाकरे बंधुओं उद्धव और राज की पार्टियों का गठबंधन बीएमसी की सत्ता में वापसी की कोशिश में है।

सुबह 7:30 से शाम 5: 30 बजे तक होगा मनपाओं में मतदान

सुरक्षित और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए मुंबई में 28 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। मुंबई में 227 सीटों पर सुचारू रूप से चुनाव संपन्न कराने के लिए 64,375 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। बता दें कि मुंबई सहित राज्य की 29 मनपाओं में कुल 2,869 सीटों के लिए चुनाव हो रहा है। इनमें कुल 3.48 करोड़ वोटर हैं, जिसमें 1.81 करोड़ पुरुष और 1.66 महिला और 4 हजार 596 अन्य वोटर्स शामिल हैं। ▸▸पेज 2, 3

बीएमसी छोड़ अन्य में मल्टी-मेंबर सिस्टम

इस बार बीएमसी को छोड़कर बाकी सभी 28 महानगरपालिकाओं में मल्टी-मेंबर सिस्टम से चुनाव हो रहा है। बीएमसी के एक प्रभाग से एक नगरसेवक चुना जाएगा, जबकि अन्य में 3, 4 या 5 नगरसेवक चुने जाएंगे। मुंबई में एक वोट डालने को मिलेगा, वहीं अन्य मनपाओं में एक वोटर को 3- 4-या 5 वोट डालने को मिलेंगे। बीएमसी में 227 प्रभाग हैं, जबकि 28 अन्य महानगरपालिकाओं में 893 प्रभाग हैं, जिनमें कुल 2869 सीटें हैं।

BMC के लिए 11349 कंट्रोल यूनिट

BMC चुनाव के लिए 11,349 कंट्रोल यूनिट और 22,698 बैलेट यूनिट का इंतजाम किया गया है। वहीं, सभी 29 महानगरपालिकाओं के लिए कुल 43,958 कंट्रोल यूनिट और 87,916 बैलेट यूनिट उपलब्ध कराई गई है। 39 हजार 92 मतदान केंद्रों में से 3 हजार 196 संवेदनशील घोषित किए हैं। 39092 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। चुनाव मैदान में कुल 15908 उम्मीदवार हैं।

सभी 29 मनपाओं के चुनाव के लिए ईवीएम सहित अन्य मशीन वोटिंग स्थल पर पहुंच गई है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। - दिनेश वाघमारे, राज्य चुनाव आयुक्त

चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं। सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। भूषण गगरानी, BMC कमिश्नर

सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम

चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए 3 अडिशनल सीपी, 63 डीसीपी, 56 पुलिस इंस्पेक्टर, 858 एपीआई/पीएसआई, 11938 पुलिस कर्मचारी, 42703 होम गार्ड भी तैनात किए गए हैं। वोटों की गिनती के दौरान स्टेट रिजर्व पुलिस फोर्स (एसआरपीएफ) की कुल 57 कंपनियां तैनात की गई हैं। चुनाव आयोग ने कहा है कि काउंटिंग के समय ईवीएम मशीनों में गड़बड़ी पर प्रिंटिंग ऑक्जिलरी डिस्प्ले यूनिट (PADU) मशीन का इस्तेमाल किया जाएगा। BMC के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मतदान मशीनों, चुनावी अधिकारियों और कर्मचारियों की आवाजाही के लिए कुल 2,865 वाहनों की व्यवस्था की गई है।

कहां कितनी सीटों के लिए चुनाव

मुंबई	227	मीरा-भाईंदर	95
ठाणे	131	नवी मुंबई	111
केडीएमसी	122	पनवेल	78
वसई-विरार	115	भिवंडी	90

जंग की आहट में भारतीयों को सलाह- छोड़ दें ईरान

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

ईरान में बिगड़ते हालात और अमेरिका से जंग की आहट के बीच भारत सरकार ने वहां मौजूद सभी भारतीयों से ईरान छोड़ने को कहा है। तेहरान में भारत के दूतावास ने सलाह जारी कि है कि जो भी भारतीय नागरिक ईरान में हैं, उन्हें जल्द से जल्द निकल जाना चाहिए। सभी को सलाह दी जाती है कि हवाई जहाज या आवाजाही के जो भी साधन मिलें, ईरान छोड़ दें। विरोध प्रदर्शन व भीड़भाड़ वाली जगहों से दूर रहें। अपने ट्रैवल और इमिग्रेशन दस्तावेज जैसे पासपोर्ट आदि साथ रखें। किसी भी मदद के लिए भारतीय दूतावास से संपर्क करें।

दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। साथ ही किसी भी डिवेलपमेंट के लिए स्थानीय मीडिया पर नजर रखने को कहा है। विदेश मंत्रालय ने साथ ही अगली सूचना तक ईरान की यात्रा से बचने की सलाह दी है। ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों व उनके दमन की खबरों के बीच अमेरिकी हमलों की आशंका बढ़ गई है। अमेरिका ने कतर में मौजूद अपने सबसे बड़े सैन्य एयरबेस से सैनिकों को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ईरानी अधिकारियों ने भी कहा, यूएस से बातचीत का चैनल पूरी तरह बंद हो गया है। मध्य पूर्व के कई देशों ने चेताया है कि अमेरिका ने ईरान पर सैन्य कार्रवाई की तो अभूतपूर्व परिणाम होंगे। ▸▸पेज 12

इंडियन एंबेसी ने कहा, विमान या जो साधन मिले...



दमन तेज... ईरान की राजधानी तेहरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों पर ऐक्शन तेज होने की खबरें हैं। मृतकों की तादाद 2600 के करीब पहुंच चुकी है।

एंबेसी से इन फोन नंबरों पर लें मदद

+989128109115
+989128109109
+989128109102
+989932179359

यहां रजिस्टर करें
https://www.meaers.com/request/home

■ दूतावास ने कहा, ईरान में मौजूद सभी भारतीय वेबसाइट पर रजिस्टर करें।

सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों को फांसी के संकेत, भड़के ट्रंप

ईरान के चीफ जस्टिस ने सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हिरासत में लिए गए लोगों के खिलाफ तुरंत सुनवाई और उन्हें फांसी की सजा देने का संकेत दिया है। चीफ जस्टिस ने कहा, मामलों में देरी से कार्रवाई का असर कम होगा। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि 18,000 से ज्यादा प्रदर्शनकारी हिरासत में हैं।



ईरान राजनीतिक बंदियों को रिहा करे, किसी प्रदर्शनकारी को फांसी दी, तो कड़ी कार्रवाई करेंगे। - डॉनल्ड ट्रंप, US के राष्ट्रपति

मस्क ने स्टारलिंक का सहारा दिया

ईरान में इंटरनेट ब्लैकआउट के बीच मशहूर कारोबारी इलॉन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने ईरानियों को फ्री में सैटलाइट इंटरनेट देना शुरू कर दिया है। अमेरिकी मानवाधिकार संगठन ने बुधवार को बताया कि कई स्टारलिंक अकाउंट जो पहले से बंद थे, अब वहां ऐक्टिव हो गए हैं। सब्सक्रिप्शन फीस भी माफ कर दी है यानी लोग सैटलाइट इंटरनेट फ्री में इस्तेमाल कर रहे हैं।

रडार स्टेशन को शिफ्ट करने की मिली मंजूरी

NBT रिपोर्ट, मुंबई : दहिसर से हाई फ्रिक्वेंसी रडार को हटाने की मंजूरी एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) ने दे दी है। इससे आसपास की बिल्डिंगों के रीडिवेलपमेंट का रास्ता साफ हो गया है।

दहिसर में 58 एकड़ की जगह को दो हिस्सों में बांटा जाएगा, जिसमें 29 एकड़ बीएमसी को मिलेगा। बाकी 29 एकड़ जगह एयरपोर्ट अथॉरिटी के पास रहेगी, जिसका वह विकास करेगी। रडार को गोराई में बीएमसी की जगह पर लगाया जाएगा, जिस पर होने वाले 65 करोड़ का खर्च बीएमसी उठाएगी। गोराई की जमीन बीएमसी अपने हिस्से से रडार लगाने के लिए उपलब्ध कराएगी।



29 एकड़ में बनेगा पार्क

दहिसर में बीएमसी के हिस्से वाली 29 एकड़ की जमीन पर पार्क का निर्माण कराया जाएगा। यह पश्चिम उपनगर के रहिवासियों के लिए एक बड़ा ओपन स्पेस होगा, जिसके बन जाने के बाद यह विभिन्न गतिविधियों का एक बड़ा केंद्र होगा।

PM ने मंत्री के घर मनाया पोंगल

PTI

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार सुबह केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री एल. मुरुगन के आवास पर पोंगल समारोह में शामिल हुए। पीएम ने कहा कि प्रकृति के साथ संतुलन का संदेश देने वाला यह पर्व अब ग्लोबल बन गया है। ▸▸पेज 12

अंतर्ज्ञान

हम रोज शरीर धोते हैं, लेकिन मन की सफाई भूल जाते हैं। मन में जमा हुए विचार, शिकायतें, नाराजगियां, असुरक्षाएं धीरे-धीरे धूल की तरह जमकर हमारी दृष्टि धुंधली कर देती हैं। मन को हल्का रखने का उपाय है कि हर रात पांच मिनट बैठकर दिन के अवांछित विचारों को सांस के साथ बाहर छोड़ देना। जब मन साफ होता है, तभी वह दुनिया को साफ देख पाता है। मैला मन वास्तविकता को भी विकृत दिखाता है। अपने मन को रोज धोइए - शांति, क्षमा और कृतज्ञता से। साफ मन ही आध्यात्मिकता का पहला दरवाजा है। मन की सफाई यानी भीतर के बोझ को पहचानकर उसे जाने देना। जो मन हल्का होता है, वही ऊंचा उठता है।

WPL आज के मैच

मुंबई इंडियंस vs यूपी वॉरियर्ज
7:30pm से, नवी मुंबई में
टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

आज है अपना नेता चुनने का मौका

NBT की अपील- मतदान जरूर करें

सुबह 7:30 से 5:30 बजे तक वोटिंग

यहां दी गई तस्वीर 63 साल के नरेश कुमार गुप्त की है। वे कोलकाता से मुंबई सिर्फ यह संदेश देने आए हैं कि मनपा चुनाव में अपना वोट जरूर दर्ज करें, ताकि आप ये कह सकें कि मैंने अपना नेता चुनने में संविधान से मिले अपने अधिकार का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन किया है। रिटायरमेंट के बाद से नरेश कुमार देश में जहां चुनाव होते हैं, वहां मतदान को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाते हैं।

वोटर की जिम्मेदारी सिर्फ वोट देने तक ही नहीं है, बल्कि संकल्प लें कि मैं अपने नगरसेवक के काम का 5 साल तक मूल्यांकन करूंगा और उसका ध्यान क्षेत्र की समस्याओं की ओर खींचूंगा। यदि आपको वोटिंग के लिए दफ्तर से अवकाश मिला है, तो आपकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। **NBT अपील करता है कि लोकतंत्र में अपने हिस्से की भूमिका निभाने में पीछे न हटें। वोट जरूर दें। सनद रहे यदि आप अपना उम्मीदवार नहीं चुनते, तो आप अपने नेता को अच्छा या बुरा कहने का हक भी खो देते हैं।**

HC से निर्विरोध जीते नगरसेवकों को राहत

Krishna.Shukla@Timesofindia.com

मुंबई : बॉम्बे हाई कोर्ट ने प्रदेश की अलग-अलग महानगरपालिकाओं में निर्विरोध चुनाव जीतने वाले उम्मीदवारों को राहत दी है। कोर्ट ने मंगलवार को प्रत्याशियों को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने माना कि विरोध में किसी प्रत्याशी के न होने पर मौजूदा कानून के तहत बिना मतदान के उम्मीदवारों को निर्वाचित घोषित करना वैध था। याचिका में उन 68 सीटों पर चुनावी नतीजे घोषित करने पर रोक की मांग की गई थी है, जहां बीजेपी और शिंदे सेना के प्रत्याशियों ने निर्विरोध जीत का दावा किया था। यह याचिका मनसे के पदाधिकारी अविनाश जाधव ने दायर की थी। दायर याचिका में सामूहिक रूप से नाम वापस लेने के पहलू की अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई थी। ▸▸ पेज 4



बदबू, गंदगी के बीच चल रहा बैडमिंटन इंडिया ओपन

Prabhat.Sharma@timesofindia.com

दिल्ली के इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में चल रही 'इंडिया ओपन सुपर-750 बैडमिंटन चैंपियनशिप' विवादों में है। मंगलवार को डेनमार्क की खिलाड़ी मिया (Mia Blichfeldt) ने स्टेडियम की सफाई पर सवाल खड़े किए थे। एनबीटी ने पड़ताल की तो पाया कि स्थिति सच में बदहाल है।

NBT रियलिटी चेक

स्टेडियम के बाहर और अंदर, निराशाजनक हाल दिखा। मेन एरिना का एंट्री पॉइंट हो या VIP एंट्री से फील्ड की तरफ का गेट- सीढ़ियों पर गंदगी दिखी। फर्श पर पॉटी और गुटखे की पीक दिखी। कई जगह लंबे समय से सफाई न होने के संकेत नजर आए। मीडिया सेंटर से मिक्स्ड जोन और प्रेस कॉन्फ्रेंस एरिया को जाने वाली सीढ़ियों पर भी गुटखे की पीक नजर आई। कई जगह खुले MCB बॉक्स और लटकते बिजली के तार मिले। बदहाली पर बैडमिंटन असोसिएशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी संजय मिश्रा ने कहा कि स्टेडियम पुराना और बड़ा होने से कुछ कमियां रह जाती हैं। सभी खामियां दूर की जाएंगी।

Prabhat Sharma

▲ स्टेडियम के मीडिया लाउंज के पास टूटी-फूटी हालत में मिले वॉशरूम से बहुत बदबू आ रही है।

◀ इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम की गंदी सीढ़ियां ही इस आयोजन स्थल का हाल बयां कर रही हैं।

पश्चिम रेलवे पर आज 144 लोकल ट्रेनें रद्द

NBT रिपोर्ट, मुंबई : पश्चिम रेलवे आज 144 लोकल सेवाओं को रद्द करेगा, जिससे यात्रियों को आवाजाही में दिक्कत होगी। कांदिवली और बोरिवली के बीच छठी लाइन का काम करने के लिए पिछले कई दिनों से ब्लॉक लिए जा रहे हैं। यह काम 18 जनवरी तक चलेगा, जिसके बाद इस रूट पर सेवाएं बढ़ने का रास्ता साफ हो जाएगा। ▸▸पेज 3

आज 100 साल का हो गया KEM अस्पताल

बात 100 साल पुरानी है। जेजे मेडिकल कॉलेज में पढ़ने को हिंदुस्तानी डॉक्टर तरस रहे थे। वजह थी वहां विदेशी डॉक्टरों को अधिक वरीयता मिलना। वहीं से कुछ हिंदुस्तानी आगे आए और जन्म हुआ किंग एडवर्ड मेमोरियल (KEM) अस्पताल का। आज इसे 100 साल पूरे हो गए हैं। सूरज पांडेय ने इसके कुछ अनछुए पहलू खोजे।

▸▸पढ़ें विशेष रिपोर्ट : पेज 6

मौसम

कोलाबा	33.0	22.4
सांताक्रूज	32.3	21.0
सूर्यास्त गुरुवार	6:21 बजे	
सूर्योदय शुक्रवार	7:15 बजे	

NBT नवभारत टाइम्स — सड़क व रेल परिवहन सेवा शुल्क 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP2 User: cci Time: 01-14-2026 23:05 Color:

3.48 करोड़ वोटर आज अपना नगरसेवक चुनने के लिए मतदान करेंगे।

पिंक पोलिंग बूथ से लेकर सेल्फी पॉइंट तक...मनपा चुनाव में आज दिखेंगे लोकतंत्र के रंग

जी नॉर्थ वॉर्ड

महिला पोलिंग बूथ

पिंक बूथ

सेल्फी पॉइंट

बीएमसी सहित 29 मनपाओं के लिए आज मतदान है। वोटिंग से पहले मुंबई के मतदान केंद्रों को खास अंदाज में सजाया गया है। मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए फूलों से सजे बूथ, पिंक पोलिंग स्टेशन, सेल्फी पॉइंट, जगह-जगह मंडप, रेस्ट रूम, मीडिया कक्ष और सखी केंद्र बनाए गए हैं। वहीं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि वे सहज और सम्मानजनक तरीके से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

जनता की मांग

यहां के हजारों रहिवासी पीने के पानी के लिए तरस रहे

मालाड पश्चिम के मालवणी क्षेत्र में प्रभाग क्रमांक 34 के अंतर्गत आज भी हजारों निवासी पीने के पानी से वंचित है। यहां ओल्ड और न्यू क्लेक्टर कंपाउंड जैसे परिसरों में बाहरी लोग अवैध रूप से पानी ले रहे है। वहीं, पास के झोपड़पट्टी क्षेत्र के मतदाता वर्षों से विकास की बाट जोह रहे है। इसी वॉर्ड में चार बार विधायक रहे एक नेता के बेटे नगरसेवक बनने के लिए प्रयासरी है। इस क्षेत्र की गंभीर समस्याओं पर उन्हें ध्यान देने की जरूरत है। यह क्षेत्र विकास की रेस में बहुत पीछे रह गया है। -उत्कर्ष बोरले

भेजें वॉर्ड की समस्याएं

आपके वॉर्ड या प्रभाग के क्या मुद्दे है? क्या समस्याएं है, जिनके समाधान की आप अपने नवनिर्वाचित नगरसेवक से उम्मीद रखते है, हमें अपने नाम, वॉर्ड और प्रभाग के साथ लिख भेजें वॉट्स ऐप नंबर 9967397376 पर। हम उन्हें नवभारत टाइम्स (NBT) के माध्यम से 'जनता की मांग' कॉलम के तहत पहुंचाएंगे निकाय चुनाव उम्मीदवार तक।

23 काउंटिंग सेंटरों पर होगी वोटों की गिनती, इंतज़ाम पूरे

मतदान आज, कल आएंगे मुंबई के सभी 227 प्रभागों के चुनाव नतीजे

■ NBT, रिपोर्ट, मुंबई

बीएमसी चुनाव के तहत सभी 227 चुनावी प्रभागों की मतगणना शुक्रवार यानी 16 जनवरी को होगी। राज्य चुनाव आयोग के निर्देश पर प्रशासन ने कुल 23 चुनाव निर्णय अधिकारियों की नियुक्ति की है और उनके मतगणना केंद्र पहले ही तय कर दिए गए हैं। इन सभी केंद्रों को सार्वजनिक बांधकाम विभाग (PWD) और मुंबई पुलिस से आवश्यक सुरक्षा और तकनीकी मंजूरी मिल चुकी है। बीएमसी के अनुसार, मतगणना के दिन सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। ईवीएम को स्ट्रॉन्ग रूम से निकालकर मतगणना कक्ष तक ले जाने की प्रक्रिया सीसीटीवी निगरानी में होगी। हर केंद्र पर पुलिस बल, वरिष्ठ अधिकारी और चुनाव आयोग के पर्यवेक्षक तैनात रहेंगे।

स्ट्रॉन्ग रूम से मतगणना कक्ष तक सब कुछ CCTV की निगरानी में

पश्चिमी उपनगरों में ये है काउंटिंग सेंटर

आर उत्तर, आर मध्य और आर दक्षिण विभाग के प्रभागों की मतगणना दहिसर, बोरीवली और कांदिवली स्थित BMC स्कूल और प्रशिक्षण संस्थानों में होगी। पी उत्तर, पी पूर्व और पी दक्षिण विभाग के वोटों की गिनती मालाड और गोरेगांव के विभिन्न BMC स्कूल परिसरों में की जाएगी। के पश्चिम और के पूर्व विभाग के लिए अंधेरी स्थित शहाजी राजे भोसले क्रीड़ा संकुल, गुंदवली और एमएनडीटी विश्वविद्यालय में काउंटिंग सेंटर बनाए गए हैं।

दक्षिण मुंबई में यहां होगी मतगणना

दादर, वरली, गिरगांव और भायखला जैसे दक्षिण मुंबई के प्रमुख इलाकों में विल्सन कॉलेज, वरली इंजीनियरिंग कॉम्प्लेक्स, पुलिस संकुल हॉल और निजी औद्योगिक परिसर में काउंटिंग सेंटर तय किए गए हैं। जी उत्तर, जी दक्षिण, एफ दक्षिण, डी, ई, ए, बी और सी विभागों के प्रभागों के नतीजे इन्हीं केंद्रों से घोषित होंगे। बीएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 16 जनवरी की सुबह से ही मतगणना शुरू होगी और चरणबद्ध तरीके से परिणाम घोषित किए जाएंगे।

मध्य मुंबई और पूर्वी उपनगरों की व्यवस्था

एच पूर्व और एच पश्चिम विभाग के नतीजे सांताक्रुज और कलिना स्थित संस्थानों में घोषित किए जाएंगे। मुलुंड, कांजूरमार्ग, घाटकोपर और चेंबूर के प्रभागों के लिए मनपा स्कूलों को मतगणना केंद्र बनाया गया है। कुर्ला, मानखुर्द और सायन क्षेत्रों के वोटों की गिनती भी मनपा स्कूल और अस्पताल परिसरों में होगी।

एक साथ सिर्फ दो-दो प्रभागों की गिनती

BMC के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुल 23 रिटर्निंग अधिकारी हैं, जिन पर 227 प्रभाग के वोटों की गिनती का जिम्मा होगा। इसलिए सभी प्रभागों की काउंटिंग एक साथ नहीं शुरू की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि एक साथ सिर्फ दो-दो प्रभागों की गिनती की जाएगी।

काउंटिंग में दिक्कत होने पर ही 'पाडू' का इस्तेमाल होगा: EC

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया है कि काउंटिंग के लिए अलग से मशीन के इस्तेमाल की तैयारी की गई है। इसका वैसे राज्य चुनाव आयोग ने किसी दल के सामने नहीं किया है। इस पर सफाई देते हुए चुनाव आयोग ने कहा है कि काउंटिंग कर समय ईवीएम मशीनों में गड़बड़ी पर ही इस मशीन का इस्तेमाल किया जाएगा।

क्या है पाडू?

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) की वोटिंग मशीनों से ढाले गए वोटों की गिनती करते समय कोई टेक्निकल दिक्कत आने पर रिकल्ट देखने के लिए 'पाडू' (प्रिंटिंग अक्सिलरी डिस्प्ले यूनिट) इस्तेमाल करने की सुविधा उपलब्ध है। इस मशीन में डेटा ट्रांसफर कर दिया जाता है। हालांकि टेक्निकल दिक्कत होने पर इसका इस्तेमाल बहुत ही खास मामलों में किया जाएगा।

140 काउंटिंग मशीनें रहेंगी

राज्य चुनाव आयोग के सचिव सुरेश काकानी ने कहा कि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की वोटिंग मशीनें सिर्फ बीएमसी चुनाव के लिए इस्तेमाल की जा रही हैं। ये मशीनें केंद्रीय चुनाव आयोग की हैं और M3A टाइप की हैं। राज्य चुनाव आयोग ने आदेश दिया है कि वोटों की गिनती कंट्रोल यूनिट (CU) को बैलेट यूनिट (BU) से जोड़कर हो और अगर टेक्निकल दिक्कत आती है, तो 140 काउंटिंग मशीनों का इस्तेमाल खास मामले में हो।

BMC चुनाव के बाद क्या शरद पवार NDA के साथ चले जाएंगे?

Rajkumar.Singh@timesofindia.com

File

■ **मुंबई:** निकाय चुनावों के मतदान से पहले ही नए राजनीतिक समीकरण उभरकर सामने आ चुके हैं और नतीजों के बाद हालात और तेजी से बदलेंगे। इन चुनावों से न केवल राज्य की राजनीति प्रभावित होगी, बल्कि केंद्र की सियासत को भी नई दिशा मिल सकती है। महाराष्ट्र में गठबंधन बनते-बिगड़ते नजर आएंगे। निकाय चुनावों से पहले ही I.N.D.I.A. ब्लॉक की हालत बेहद नाजुक हो चुकी है। दूसरी ओर, NDA के घटक दल भले ही कई जगहों पर एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन इसके टूटने की आशंका नहीं दिख रही।

महाराष्ट्र की 29 मनपाओं के लिए आज मतदान होना है। कई मनपाओं में सत्तारूढ़ महायुति के घटक दल- BJP, शिंदे सेना और अजित पवार की NCP एक-दूसरे के सामने चुनौती बनकर खड़े हैं। वहीं विपक्षी महाविकास आघाड़ी (कांग्रेस, उद्धव सेना, NCP-SP, सपा और अन्य दल) पहले ही बिखर चुके हैं। राज ठाकरे को साथ लेने के कारण कांग्रेस ने उद्धव ठाकरे से दूरी बना ली, जबकि सपा अलायंस से बाहर हो चुकी है। विपक्ष पूरी तरह बिखरा नजर आ रहा है।

BMC का विशेष महत्व

महाराष्ट्र की राजनीति में BMC का विशेष महत्व है। करीब 75 हजार करोड़ के बजट वाली BMC पर ठाकरे परिवार 25 वर्षों से काबिज है। ऐसे में यह चुनाव ठाकरे परिवार के लिए अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। अगर BMC हाथ से निकलती है तो ठाकरे परिवार की राजनीति की राह बेहद कठिन हो जाएगी। इसी वजह से उद्धव ने पुरानी कड़वाहट भुलाकर राज ठाकरे से हाथ मिलाया है। हालांकि, BJP और शिंदे सेना BMC और ठाकरे परिवार के बीच दीवार की तरह खड़ी दिख रही है।

ठाकरे परिवार में दूरियां कम हुईं

इन चुनावों ने ठाकरे परिवार के बीच की दूरियां कम जरूर की हैं। लेकिन यह रिश्ता लंबे समय तक टिकेगा या नहीं, इस पर राजनीतिक विश्लेषकों को संदेह है। उधर, I.N.D.I.A. ब्लॉक के प्रमुख दल कांग्रेस को राज ठाकरे से राजनीतिक एलर्जी है। अगर भविष्य में महाविकास आघाड़ी या I.N.D.I.A. में राज को शामिल करने की बात आती है, तो कांग्रेस के लिए फैसला आसान नहीं होगा। राज को हिंदी और उत्तर भारतीय विरोधी माना जाता है, ऐसे में उन्हें साथ लेने पर कांग्रेस को हिंदी भाषी राज्यों में जवाब देना मुश्किल पड़ सकता है।

कौन दे रहे चुनौती?

चुनाव के दौरान बने नए राजनीतिक समीकरणों में सबसे अहम संकेत शरद पवार और अजित पवार के बीच जमी बर्फ पिघलने के रूप में मिला है। पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ महानगरपालिका में दोनों गुट मिलकर BJP को चुनौती दे रहे हैं। अनुमान है कि नतीजों के बाद दोनों गुटों का विलय हो सकता है। ऐसा होने पर शरद पवार और सुप्रिया सुले की NCP सीधे केंद्र और राज्य की सत्ता समीकरणों में शामिल हो जाएगी। इसका असर राज्य और केंद्र की राजनीति पर पड़ेगा।

'दिन में प्रचार करता था, रात को प्लानिंग'

Akhilesh.Tiwari@Timesofindia.com

प्रभाग 122 से यूबीटी गुट के उम्मीदवार नीलेश राऊलुंखे ने बताई अपनी दिनचर्या

■ **प्रभाग 122** से यूबीटी गुट के उम्मीदवार नीलेश सालुंखे ने NBT को बताया कि उनका हर दिन पूरी तरह चुनाव को समर्पित है। वे रोज सुबह 7 बजे उठते हैं। गरम पानी और आंवले का जूस लेने के बाद गार्डन जाते हैं, जहां करीब दो घंटे तक लोगों से मीठा संपर्क करते हैं। सुबह 9 बजे घर लौटकर उपमा या पोहा जैसे हल्के नाश्ते के बाद फिर प्रचार के लिए निकल पड़ते हैं। दोपहर डेढ़ बजे अपने नियम के हिसाब से भोजन करते हैं और करीब एक घंटे का विश्राम लेते हैं। इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर चुनावी रणनीति और स्थानीय मुद्दों पर चर्चा होती है। शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक लगातार जनसंपर्क और प्रचार चलता है। रात का भोजन करने के बाद भी चुनावी रणनीति पर मंथन जारी रहता है और रोजाना करीब 2 बजे सो पाते हैं।

बुधवार को प्रचार नहीं था, लेकिन मकर संक्रांति के कारण सुबह गार्डन गए और फिर RSS के कार्यक्रम में शामिल हुए। नीलेश ने बताया कि वे बचपन से संघ से जुड़े रहे हैं और बाद में शिवसेना में सक्रिय हुए। फिलहाल वे अपने 41 मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग एजेंट तय कर उन्हें हर बारीकी की ट्रेनिंग दे रहे हैं।

पहली बार जियो-फेंसिंग से वाहन निगरानी

2,865 वाहनों पर रहेगी नज़र, कंट्रोल रूम से होगी लाइव ट्रैकिंग

■ NBT, रिपोर्ट, मुंबई : बीएमसी चुनाव में पहली बार प्रशासन एक नई तकनीकी का उपयोग करने जा रहा है। चुनावी प्रक्रिया में शामिल वाहनों की सख्त निगरानी के लिए पहली बार जियो-फेंसिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा। इस प्रणाली के जरिए चुनाव कार्य में लगे कुल 2,865 वाहनों की गतिविधियों पर पल-पल नजर रखी जाएगी।

बीएमसी आयुक्त भूषण गगराणी के निर्देश पर चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधाओं से लेकर मानबल की तैनाती, सुरक्षा व्यवस्था और मतगणना तक हर स्तर पर कड़ी तैयारी की गई है। इसी कड़ी में चुनावी वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण रखने के लिए यह नई निगरानी व्यवस्था लागू की गई है।

BMC के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मतदान मशीनों, चुनावी अधिकारियों और कर्मचारियों की आवाजाही के लिए कुल 2,865 वाहनों की व्यवस्था की गई है। इनमें बेस्ट की 1,023 बसें, महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन महामंडल की 101 बसें, 1,160 निजी बसें और SSI टैक्सियां शामिल हैं। सभी वाहनों की निगरानी के लिए बीएमसी मुख्यालय में एक विशेष नियंत्रण कक्ष बनाया गया है।

ऑनलाइन मैप पर जियो फेंसिंग

खास बात यह है कि पहली बार प्रत्येक चुनाव निर्णय अधिकारी के कार्यालय के ऑनलाइन मैप पर जियो-फेंसिंग की सुविधा दी गई है। यदि कोई निर्धारित वाहन अपने तय क्षेत्र या कार्यालय सीमा से बाहर जाता है, तो तुरंत कंट्रोल रूम को अलर्ट मिलेगा। इसके आधार पर वाहन की स्थिति की तत्काल जांच की जा सकेगी। इस पूरी व्यवस्था को संचालित करने के लिए कंट्रोल रूम में कच्चा प्रबंधन विभाग के 3 अभियंता और 3 ऑफीसर को 8-8 घंटे की शिफ्ट में तैनात किया गया है।

जरा संभलकर, मतदान केंद्रों के आसपास टोइंग वाहन रहेंगे मौजूद

100 मीटर के दायरे में वाहन पार्किंग की नहीं है इजाज़त

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी चुनाव के महेनजर रविवार यानी आज होने वाले मतदान को देखते हुए मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने विभिन्न मतदान केंद्रों के आसपास पार्किंग व्यवस्था को और अधिक सुव्यवस्थित किया है। वेस्टर्न रीजन ट्रैफिक पुलिस के डीसीपी अजीत बोराडे ने बताया कि मतदान केंद्रों से सौ मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की वाहन पार्किंग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। इसका उद्देश्य मतदान के दिन सुचारू यातायात और मतदाताओं को किसी तरह की असुविधा से बचाना है।

समस्त नगर ट्रैफिक डिविजन के सीनियर पीआई जगदीश भोपले ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मतदान केंद्रों से लगभग दो सौ मीटर की दूरी पर उचित और सुरक्षित पार्किंग व्यवस्था की गई है, ताकि लोग आसानी से अपने वाहन खड़े कर सकें और पैदल मतदान केंद्र तक पहुंच सकें।

मुंबई ट्रैफिक पुलिस के जॉइंट सीपी ने अनिल कुंभारे कहा कि विभिन्न मतदान केंद्रों पर टोइंग वैन तैनात की जाएंगी। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मौके पर ही चालान काटा जाएगा और अवैध रूप से खड़े वाहनों को टो करके ले जाया जाएगा।

कोई कम सोया, तो किसी ने जिम छोड़ा, ऐसा रहा उम्मीदवारों का प्रचार रुटीन

सोशल मीडिया के जरिए उम्मीदवारों ने किया संपर्क

योग से खुद को प्रचार के दौरान रखा फिट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी चुनाव प्रचार मंगलवार को खत्म होने के बाद उम्मीदवारों ने फोन से व्यक्तिगत तौर पर मतदाताओं से संपर्क किया। कई जगहों पर कार्यकर्ताओं ने चुनाव चिह्न के स्टिकर लोगों के घरों में लगाए। घाटकोपर से प्रभाग क्रमांक 130 से बीजेपी उम्मीदवार धर्मेश गिरी अपने वोटरों तक वॉट्सऐप के जरिए पहुंचे। वोटरों को बिल्डिंग से नीचे उतारने के लिए उन्होंने हाउसिंग सोसायटी के अपने दोस्तों से संपर्क किया। बुधवार को मकर संक्रांति होने के चलते वोटर खुद उनसे मिलने आए। कारोबारी गिरी ने बताया कि उन्हें अपने गुरु से मिली शक्ति के चलते प्रचार के दौरान कोई थकावट नहीं हुई। इसी प्रकार मंडुप के प्रभाग 114 से UBT कैंडिडेट राजुल पाटिल ने भी अपने कार्यकर्ताओं के समूह के जरिए मतदाताओं तक पहुंची। ऐसे ही प्रभाग 112 से मंजुश्री जायसवाल ने अलग अलग सोसायटी के प्रमुख लोगों से बात कर मतदाताओं से संपर्क किया।

राजुल पाटील धर्मेश गिरी

बदलाव का कर रहे दावा

प्रभाग 131 से बीजेपी छोड़ निर्दलीय उम्मीदवार धनश्री बागल ने विकास और इलाके के अपने विजन को लेकर वोटरों से सोशल मीडिया माध्यम और फोन से वोटर से संपर्क किया। यहां उनका मुकाबला बीजेपी कैंडिडेट्स राखी जाधव से है, इसलिए उन्होंने यहां बदलाव के लिए लोगों से वोट देने का आग्रह किया। योग, सेहतमंद डाइट और नियमित व्यायाम के जरिए बागल ने खुद को फ्रेश प्रचार के दौरान फिट रखा।

वोटरों को रिझाने के लिए किया हर जतन

उम्मीदवारों की कड़ी मेहनत के बाद आज दर्ज होगा जनता का फैसला

मुंबई: बीएमसी चुनाव में उतरे उम्मीदवार नगरसेवक बनने के लिए काफी शारीरिक और मानसिक परिश्रम कर रहे हैं। प्रचार के दौरान उनकी दिनचर्या कैसी होती है, कुछ उम्मीदवारों से **सूरज पांडेय** की बातचीत:

'रोज मुश्किल से 4 से 5 घंटे की नींद ली'

■ **प्रभाग 168** से NCP (AP) की उम्मीदवार डॉ. सईदा खान ने बताया कि चुनाव की घोषणा जब हुई, तभी मैंने प्रैक्टिस छोड़ दी। मुश्किल से 4 से 5 घंटे की नींद प्रचार के दौरान ली। सुबह 6 बजे नमाज के लिए उठ जाती थी। उसके बाद बैठकों और दिन की रणनीति बनाते 9:30 बज जाते। इसके बाद हल्का नाश्ता कर प्रचार में जुट जाती थी। दोपहर 2:30 बजे के बाद दाल, रोटी सब्जी नॉर्मल डाइट लेकर फिर क्षेत्र की महिलाओं के साथ बैठक कर उनकी समस्या सुनती थी। उसके बाद शाम को फिर प्रचार शुरू होता था। रात में भी चुनाव प्रचार और अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने को लेकर योजना, मीटिंग आदि में वक्त जाता। पिछले दो साल से यही रुटीन रहा है।

'बच्चों ने किया मोटिवेट, बदल गया रुटीन'

■ **प्रभाग 2** से आनंद नगर दहिसर से बीजेपी की प्रत्याशी तेजस्वी घोसालकर ने बताया कि चुनाव में मेंटल स्ट्रेस दूर करने और मुझे मोटिवेट करने में मेरे बेटी का बड़ा योगदान है। सुबह 7 बजे से ही मैं गार्डन क्षेत्र के लोगों से मिलने उनकी समस्याओं को जानने के लिए पहुंच जाती थी। उसके बाद 9 बजे घर आकर फ्रेश हो सीधा प्रचार के लिए जाती थी और वहीं हल्का नाश्ता करती। दोपहर दो बजे के बाद फिर स्नान, बैठक उसके बाद फिर 5.30 बजे प्रचार शुरू करना। फिर रात को 10 के बाद भी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक। रात 12 बजे घर पहुंचती थी, तब मेरी बेटी मुझे काफी प्रोत्साहित करती थी। चुनाव प्रचार के चलते जिम बंद था, अब मैं फिर से जिम जाऊंगी।

'स्ट्रेस दूर करने मेडिटेशन, ORS और हल्की डाइट'

■ **दहिसर के प्रभाग 6** की शिंदे सेना उम्मीदवार दीक्षा कारकर ने बताया कि मैं सुबह 6:30 बजे उठकर ब्रेकफास्ट कर 7 बजे से ही गार्डन में लोगों से मिलने पहुंच जाती थी। 8 बजे स्लम में पानी भरने का समय होता है। गार्डन से आते वक्त वहां सब से मिलते हुए आती थी। फिर घर पर चाय पीकर 9.30 के बाद प्रचार का दौर शुरू होता था। स्लम और सोसायटी में डोर टू डोर कैंपेन करती थी। 2.30 बजे तक यह सिलसिला चलता था। अपने आपको हाइड्रेट रखने के लिए ओआरएस पीते रहते थे। फिर हल्का आहार लेती थी। 4 बजे फिर कार्यकर्ताओं के साथ रणनीति बनाते और शाम 5 बजे फिर से रोड रैली और पदयात्रा शुरू होती थी, जो 10 बजे तक चलती थी।

उम्मीदवार कह रहे 'पहले मतदान, फिर जलपान'

स्वाति संजय जायसवाल

धर्मेंद्र काले समर्थकों के साथ।

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मंगलवार को चुनाव प्रचार समाप्त होते ही बुधवार को उम्मीदवारों के फोन पर हल्की राहत साफ नजर आई। चुनाव प्रचार थम गया, लेकिन उम्मीदवारों ने अपने-अपने हिसाब से वोटर को आकर्षित करने का प्रयास किया। प्रभाग 24 की बीजेपी प्रत्याशी स्वाति संजय जायसवाल ने अपने परिजनों के साथ कार्यालय में रहकर सोशल मीडिया और फोन के माध्यम से लोगों से संपर्क साधा। उन्होंने मतदाताओं को शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उनके पति संजय जायसवाल भी सक्रिय रूप से साथ नजर आए। प्रभाग 23 में शिवकुमार झा ने पैदल घर-घर जाकर लोगों का हाल-चाल जाना और आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट देना जरूरी है और प्रधानमंत्री के संदेश 'पहले मतदान, फिर जलपान' को दोहराया। प्रभाग 26 से यूबीटी के प्रत्याशी धर्मेंद्र काले भी कार्यकर्ताओं के साथ रणनीति बनाते नजर आए।

उम्मीदवारों ने की शांतिपूर्ण मतदान की अपील

प्रभाग 28 में कांग्रेस प्रत्याशी अनंता यादव ने कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर मतदान की रणनीति बनाई।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP3 User: cci Time: 01-14-2026 23:08 Color:

23 रिटर्निंग ऑफिसर BMC की वोटिंग के लिए किए गए नियुक्त

इलेक्शन ब्रीफ

BJP के उम्मीदवार संग हो गए कांग्रेस के चौबे समर्थक

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: दहिसर से कांग्रेस के पूर्व नगरसेवक स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद चौबे के समर्थकों ने प्रभाग नंबर तीन से बीजेपी के उम्मीदवार प्रकाश दरेकर को समर्थन देने का निर्णय लिया है। दरअसल, चौबे के बेटे अभय चौबे ने कांग्रेस से प्रभाग नंबर तीन से उम्मीदवारी मांगी थी, लेकिन पार्टी ने उन्हें नहीं दी। इसे लेकर चौबे के समर्थक कांग्रेस से नाराज चल रहे थे। वे चुनाव प्रचार नहीं कर रहे थे। हालांकि, उन्हें मनाने के लिए मुंबई कांग्रेस के नेताओं ने प्रयास किया, परंतु उन्हें सफलता नहीं मिली। चौबे समर्थकों ने बैठक कर बीजेपी के प्रकाश दरेकर को समर्थन देने का निर्णय लिया। समर्थन देने वालों का कहना है कि चूंकि केंद्र और राज्य में बीजेपी की सरकार है और बीजेपी का नगरसेवक चुने जाने पर इस क्षेत्र के घारखाड़ी-केतकीपाडा के साथ ही मिश्रा कंपाउंड, परटनपाडा के स्लम की समस्याओं को सुलझाने में आसानी होगी। साथ ही रीडिवेलमेंट का रास्ता आसान हो जाएगा। गौरतलब है कि स्थानीय नगरसेवक रहे चौबे के बेटे अभय चौबे का प्रभाग नंबर तीन में बड़ा प्रभाव है। अब उनके समर्थकों ने बीजेपी उम्मीदवार प्रकाश दरेकर को खुला समर्थन दे दिया है। ऐसी जानकारी उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस कर दी।

BMC चुनावः शराब बिक्री पर रोक कायम

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने बीएमसी चुनाव के मद्देनजर 14 से 16 जनवरी तक शराब बिक्री पर लगी रोक को कायम रखा है। 15 जनवरी को वोटिंग होनी है, जबकि 16 तारीख को मतगणना की जाएगी। प्रोग्रेसिव रिटेल लिकर वेंडर ने प्रशासन की ओर से शराब बिक्री पर लगी रोक को चुनौती दी थी। जस्टिस रविंद्र घुगे की बेंच ने मामले में याचिकाकर्ता को मामले में अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। इससे पहले सरकारी वकील ने कहा कि बीएमसी चुनावी नतीजे घोषित किए जाने बाद शराब बिक्री पर लगी रोक हटा दी जाएगी।

सुबह 5 से रात 12 बजे तक दौड़ेगी अंडरग्राउंड मेट्रो

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) ने बीएमसी चुनाव के दिन मेट्रो-3 का संचालन सुबह 5 बजे से रात 12 बजे तक करने का निर्णय लिया है। आम तौर पर मेट्रो का संचालन सुबह 5.55 बजे से रात 10.30 बजे तक होता है। मतदान केंद्र में तैनात कर्मी आसानी से मतदान केंद्र तक पहुंच सकें और काम पूरा कर आसानी से घर पहुंच सकें। इसके लिए एमएमआरसी ने मेट्रो सेवा की अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया है। आरे से कोलाबा के बीच मेट्रो -3 का संचालन होता है।

मुंबई के मतदान केंद्रों पर हुई EVM की डिलिवरी, केंद्राध्यक्ष करेंगे निगरानी

आज होगी वोटिंग, मुंबई के 10,231 केंद्रों पर डाले जाएंगे वोट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

बीएमसी चुनाव के लिए तैयारियां पूरी कर लिए जाने की जानकारी बीएमसी प्रशासन ने दी है। वोटिंग के लिए आवश्यक इंक, EVM और आवश्यक दस्तावेजों को हर पोलिंग बूथ तक पहुंचा दिया गया है। 10231 पोलिंग बूथ के लिए इतने ही केंद्र अध्यक्ष (PRO) नियुक्त किए गए हैं, बुधवार को इन सभी ने EVM का पजेशन लेते हुए जांच कर सिग्नेचर किया है, अब EVM की सुरक्षा की जिम्मेदारी इन केंद्राध्यक्षों, पुलिस और राज्य चुनाव आयोग के अधिकारियों की होगी। इनकी निगरानी में EVM पूरी रात रहेंगी। वहीं बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी ने मुंबईकरों से अपील की है कि वह अपने मताधिकार का जमकर इस्तेमाल करें।

बता दें कि मुंबई में बीएमसी चुनाव के लिए आज यानि कि 15 जनवरी को वोटिंग होनी है। बुधवार सुबह से ही मुंबई के 23 विभागीय केंद्रों पर हलचल दिखने लगी। मतदान अधिकारी, कर्मचारी और सहायक कर्मचारी तय समय पर केंद्रों पर पहुंचे। यहां उन्हें मतपेटियां, मतदाता सूचियां, सील, स्याही, पहचान पत्र और जरूरी दिशा-निर्देश सौंपे गए। हर मतदान केंद्र के लिए अलग-अलग किट तैयार की गई थी, जिन्हें वितरण से पहले कई स्तर पर जांचा गया, ताकि किसी तरह की तकनीकी या प्रशासनिक चूक न रहे।

अंधेरी (पश्चिम) स्थित शहाजी राजे भोसले क्रीड़ा संकुल में बने वितरण केंद्र पर BMC अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी जोशी ने खुद मोर्चा संभाला। उन्होंने पूरे वितरण प्रक्रिया का इंस्पेक्शन किया और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि अनुशासन में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। इसी परिसर में के-पश्चिम विभाग के प्रभाग 59 से 71 की मतगणना भी होनी है, जिसे लेकर तैयारियों की विशेष समीक्षा की गई।

वोटिंग के बाद दोबारा गोदाम भेजी जाएंगी मशीनें

तैयारियों का जायजा लेती BMC की अतिरिक्त कमिश्नर डॉक्टर अश्विनी जोशी।

सभी तैयारियां पूरी

BMC के 227 चुनावी प्रभागों के लिए 23 रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किए गए हैं। राज्य चुनाव आयोग के अनुसार 15 जनवरी को मतदान और 16 जनवरी को मतगणना होगी। इसके लिए सभी आरओ कार्यालयों में स्ट्रॉन्ग रूम और काउंटिंग सेंटर पहले ही तय कर लिए गए हैं। इस चुनाव में मुंबई के 10,231 मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे। मतदान को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए 64,375 अधिकारी और कर्मचारी मैदान में हैं। सभी को पहले ही चुनावी प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिसमें मतदान प्रक्रिया, नियम-कायदे और आपात स्थिति से निपटने की जानकारी शामिल है। इस चुनाव में 1700 उम्मीदवार अलग-अलग पार्टियों से चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार के चुनाव में महिलाओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

शांतिपूर्ण चुनाव है चुनौती: लोकसभा और विधानसभा चुनाव में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए वाहवाही बटोर चुके कमिश्नर भूषण गगरानी के सामने बीएमसी चुनाव को सकुशल संपन्न कराने की चुनौती है। बीएमसी कमिश्नर ने इसे चुनौती के रूप में लिया है। चुनाव के दौरान कोई मुश्किल न पैदा हो इसलिए कमिश्नर खुद इसकी निगरानी कर रहे हैं।

मराठी भाषा का न करें राजनीतिकरणः चव्हाण

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बीएमसी चुनाव की पूर्व संध्या पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने मराठी मुद्दे पर शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और मनसे प्रमुख राज ठाकरे पर निशाना साधा है। चव्हाण ने कहा कि मराठी भाषा पर कुछ दल राजनीति कर रहे हैं, ऐसा करके वे मराठी मानुष को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लिए मराठी शब्द मराठी व्याकरण के बहुवचन की तरह है। मराठी भाषा को लेकर हमारा दृष्टिकोण 'हम, हमारे सब' जैसी सामूहिक और व्यापक सोच का प्रतीक है, जिसमें मराठी भाषा, मराठी संस्कृति और मराठी अस्मिता सभी शामिल हैं।



चव्हाण ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि मराठी भाषा का राजनीतिकरण न करें, क्योंकि यह कोई खेल नहीं है। मराठी को लेकर विपक्ष की भूमिका नकारात्मकता से भरी हुई है। संविधान के शिल्पकार डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, स्वातंत्र्यवीर सावरकर और बालासाहेब ठाकरे इन तीनों ने ही मराठी भाषी महान व्यक्तित्वों के विचारों से प्रेरित होकर देश और समाज के निर्माण का कार्य किया है। बीजेपी ने मराठी भाषा को अभिजात दर्जा दिलाया है।

मुंबई में 5,244 वाहन चुनावी ड्यूटी पर रहेंगे तैनात, रहेगी अतिरिक्त सुरक्षा

BEST से लेकर SUV गाड़ियों का हो रहा है इस्तेमाल

Priya.pandey@TimesOfIndia.com

■ मुंबई: बीएमसी चुनाव के दौरान चुनावी प्रक्रिया को सुचारू और सुरक्षित तरीके से संचालित करने के लिए चुनाव के 3 दिनों (14,15,16 जनवरी) के लिए मुंबई में लगभग 5,244 वाहनों का इस्तेमाल किया जाएगा। जरूरत पड़ने में इनमें 2% से 3% का इजाफा भी हो सकता है। यह आंकड़ा मुंबई के 4 आरटीओ से लिया गया है।

इस बार प्रशासन ने बेस्ट बसों, टूरिस्ट बसों, टैंपो ट्रैवलर्स, जीप, एसयूवी, ऑटो और छोटे 4 व्हीलर वाहनों (टैक्सी समेत) का इस्तेमाल करने की प्लानिंग की है। मुंबई सेंट्रल आरटीओ के अंतर्गत आने वाली 1279, मुंबई वेस्ट आरटीओ से 822, बोरीवली आरटीओ से 1278 और मुंबई ईस्ट आरटीओ से 1856 गाड़ियां इलेक्शन ड्यूटी पर तैनात की गई हैं। इनमें से अधिकांश वाहनों को 48 घंटे पहले ही अधिग्रहित कर लिया जाता है, ताकि ड्राइवरों और वाहनों की फिटनेस जांच, पेपर चेक और रूट मैपिंग की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

RTO-वाहनों की संख्या

मुंबई सेंट्रल	1279
मुंबई वेस्ट	822
बोरीवली	1287
मुंबई ईस्ट	1856

इलेक्शन कमीशन के निर्देशों के अनुसार, सभी वाहनों पर 'ELECTION DUTY' लिखे विशेष स्टिकर लगाए जाते हैं, ताकि उन्हें शहर में आसानी से पहचाना जा सके और उन्हें प्राथमिकता वाला मार्ग मिल सके। सुरक्षा कारणों से इन वाहनों में अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए जाते हैं। तथा GPS आधारित ट्रैकिंग सिस्टम भी लगाया जाता है, जिससे उनकी आवाजाही पर लगातार निगरानी रखी जा सके।

वोट देने अगर लोकल ट्रेन से जा रहे हैं, तो रहें अलर्ट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई और MMR में मतदान के दिन अक्सर यह देखने को मिलता है कि कई मतदाता पारिवारिक या अन्य कारणों से भले ही विरार और बदलापुर जैसे दूरस्थ इलाकों में रहते हों, लेकिन उनका नाम अंधेरी, बांद्रा, घाटकोपर, कुर्ला जैसे उपनगरों की मतदाता सूची में दर्ज होता है। ऐसे मतदाता आम तौर पर लोकल ट्रेन से सफर कर पहले अपने मतदान केंद्र तक पहुंचते हैं, वोट डालते हैं और उसके बाद सीधे अपनी नौकरी या काम-धंधे पर निकल जाते हैं। गुरुवार को मुंबई महानगरपालिका सहित MMR क्षेत्र की विभिन्न महानगरपालिकाओं के चुनाव के लिए मतदान होना है। ऐसे में पश्चिम रेलवे की लोकल ट्रेनों से सफर करने वाले मतदाताओं के लिए यह जानना जरूरी है कि कांदिवली और बोरीवली सेक्शन के बीच छठी लाइन के निर्माण कार्य के चलते गुरुवार को कुल 144 लोकल ट्रेनें रद्द रहेंगी। इनमें 75 अप और 69 डाउन लोकल ट्रेनें शामिल हैं।

आज पश्चिम रेलवे पर 144 ट्रेनें रद्द

4 दिन में रद्द रहेंगी 543 लोकल

कांदिवली और बोरीवली सेक्शन के बीच छठी लाइन का काम पूरा करने के लिए 15 से 18 जनवरी तक 543 लोकल रद्द रहेंगी। काम पूरा होने पर पश्चिम रेलवे पर लोकल ट्रेन सेवाओं की संख्या बढ़ाई जाएगी, जिससे यात्रियों को काफी फायदा होगा।

झुग्गी से इमारतों तक है एक शहर, दो सोच

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी चुनाव के लिए मैदान पूरी तरह सज गया है और आज मतदान का दिन है। लेकिन यह सिर्फ नगरसेवक चुनने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि मुंबई की दो अलग-अलग जिंदगियों का इम्तिहान है। एक ओर झुग्गी-बस्तियों में रहने वाले वे लोग हैं, जिनके लिए वोट पानी, शौचालय और सुरक्षा से जुड़ा है। दूसरी ओर गगनचुंबी इमारतों में रहने वाला वह वर्ग है, जो सुविधा, पारदर्शिता और जीवन स्तर के सवालों पर नगरसेवकों को कसौटी पर परख रहा है। एक ही शहर, एक ही मतदान दिवस, लेकिन मुद्दे बिल्कुल अलग-अलग हैं।

झुग्गी-बस्तियों की चिंता: धारावी, कुर्ला, कांदिवली, मानखुर्द और गोवंडी जैसे इलाकों में चुनाव का मतलब रोजमर्रा की जद्दोजहद से जुड़ा है। यहां रहने वालों के लिए सबसे बड़ा सवाल बुनियादी सुविधाओं का है। ठाकुर विलेज निवासी सुषमा मिश्रा कहती हैं,'हर चुनाव में नेता आते हैं, पानी और शौचालय का वादा करते हैं। वोट देने के बाद कोई दिखाई नहीं देता। इस बार सोच समझकर ही वोट देंगे।' सिंह इस्टेट की नीलम मौर्या का कहना है, 'बारिश में घर में पानी घुस जाता है। नाले साफ नहीं होते। बाढ़ से राहत देने वाला ही हमारा वोट पाएगा।' पेढ़कर के रमेश यादव कहते हैं कि रीडिवेलपमेंट जमीन पर नहीं है। अब वादों पर भरोसा नहीं।'

> BMC चुनाव में मतदाता मुद्दे के कसौटी पर करेंगे वोट

हाई-राइज सोसाइटी: मलबार हिल, वर्ली, लोअर परेल, बांद्रा, पवई और अंधेरी की ऊंची इमारतों में रहने वाले मतदाताओं के मुद्दे अलग हैं। यहां सवाल ट्रैफिक जाम, पार्किंग, सड़कें, गड्ढे और प्रॉपर्टी टैक्स का है। वर्ली निवासी बिजनेसमैन मनमोहन गोयनका कहते हैं, 'हम टैक्स पूरा देते हैं, लेकिन सड़कें सालभर टूटी रहती हैं।' लोअर परेल के माणिकलाल शाह का कहना है, 'टेंडर प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। ट्रैफिक समस्या से निजात, टावर में पानी की समस्या को दूर करने वाले मुद्दे पर वोट देने जा रहा हूं।'

चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद नेताओं ने ली चैन की सांस

मुख्यमंत्री आवास पर ही रहे CM | शिंदे ने पोते के साथ बिताया समय | ठाकरे बंधु पहुंचे मुंबा देवी मंदिर

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

बीएमसी चुनाव प्रचार में दिन-रात एक करने वाले नेताओं ने बुधवार को चैन की सांस ली। ज्यादातर प्रचार करने वाले नेताओं ने परिवार के साथ समय व्यतीत किया या फिर लोगों से मिलकर गपशप की।

राज्य की 29 महानगरपालिका के चुनाव में सबसे ज्यादा प्रचार प्रसार मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किया। उन्होंने 37 से ज्यादा चुनावी सभाएं, पदयात्रा की। मंगलवार की शाम साढ़े पांच बजे पुणे में चुनाव प्रचार खत्म करने के बाद सीधे मुख्यमंत्री आवास वर्षा पहुंचे। बुधवार को अपना पूरा समय मुख्यमंत्री ने वर्षा निवास में ही व्यतीत किया। ज्यादातर समय उन्होंने परिवार के साथ गुजारा। उसके बाद कुछ सरकारी बैठक की। बाहर से आने वाले लोगों के साथ मिलकर वर्षा पर चाय पर चर्चा की।

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने चुनाव प्रचार के दौरान 51 स्थानों पर चुनाव प्रचार किया। मुंबई में चुनावी रैली खत्म करने के बाद अपने सरकारी निवास में आए। बुधवार को उन्होंने अपना ज्यादा समय अपने पोते के साथ बिताया। बाद में मिलने आए लोगों के साथ बातचीत की। शिंदे सेना के नेता राहुल शेवाले सुबह देरी से उठे और पत्रकारों से अपनी बात रखी। ठाकरे बंधु ने आराम करने के बाद मुंबा देवी मंदिर दर्शन करने आए। उद्धव और राज ठाकरे साथ में आए।

ठाकरे को मुंबा देवी नहीं, हाजी अली दरगाह जाना चाहिए: शेवाले

बुधवार को ठाकरे बंधुओं के मुंबा देवी मंदिर जाने पर शिंदे सेना के महासचिव व पूर्व सांसद राहुल शेवाले ने कहा कि उन्हें तो मुंबा देवी नहीं हाजी अली दरगाह जाना चाहिए था, क्योंकि मुख्यमंत्री रहते हुए उद्धव ठाकरे ने मुंबा देवी मंदिर के ब्यूटीफिकेशन या रीडिवेलपमेंट पर कुछ नहीं किया। वह तो जब राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे बने तब उन्होंने मुंबा देवी, महालक्ष्मी मंदिर, सिद्धिविनायक सहित राज्य के कई सारे मंदिरों के ब्यूटीफिकेशन प्लान को मंजूरी दी। इसके लिए उन्होंने फंड भी मुहैया कराया, इसलिए 16 तारीख को मतगणना के दिन मुंबा देवी का आशीर्वाद शिंदे को ही मिलेगी।

अपनी ही पार्टी के उम्मीदवारों को नहीं दे पाएंगे वोट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बीएमसी चुनाव में कई विधायक और उम्मीदवार अपने-अपने क्षेत्र में वोट नहीं डाल पाएंगे। बोरीवली से बीजेपी विधायक संजय उपाध्याय विलेपार्ले में रहते हैं और वह प्रभाग नंबर 84 में वोटिंग करेंगे। इसी तरह अंधेरी पूर्व से शिंदे सेना के विधायक मुरजी पटेल प्रभाग नंबर 76 में रहते हैं और उनकी पत्नी 81 से चुनाव लड़ रही हैं। पटेल अपनी पत्नी की बजाए बीजेपी उम्मीदवार को वोट करेंगे। बीजेपी के उम्मीदवार रवि राजा खुद को वोट नहीं दे सकेंगे। इसके साथ ही उनका परिवार भी उन्हें वोट नहीं दे सकेगा। रवि राजा प्रभाग नंबर 176 में रहते हैं और चुनाव प्रभाग नंबर 185 से लड़ रहे हैं।

मुंबई में चुनाव प्रचार के दौरान 18 छिटपुट आपराधिक घटनाएं, मामले हुए दर्ज

संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक कड़ी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी चुनाव का प्रचार 3 जनवरी से शुरू होकर 13 जनवरी की शाम 5 बजे समाप्त हो गया। इस दौरान मुंबई के विभिन्न इलाकों में छिटपुट घटनाएं सामने आईं। एक सीनियर आईपीएस अधिकारी के अनुसार, प्रचार अवधि के दौरान कुल 18 मामले दर्ज किए गए, हालांकि इनमें से कोई भी गंभीर धाराओं के तहत दर्ज नहीं हुआ। ताजा घटना विक्रोली के पार्क साइट इलाके की है, जहां प्रभाग क्रमांक 124 के पूर्व नगरसेवक हारून खान पर यूबीटी गुट की उम्मीदवार सकीना शेख के समर्थन में प्रचार कर रहे दो लोगों पर शाब्दिक झड़प के बाद हमला करने का आरोप है। इस मामले में पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने दर्ज सभी 18 मामलों को ध्यान में रखते हुए संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सख्त कर दिया है। चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके अलावा, मुंबई पुलिस ने चुनाव ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन स्विच ऑफ रखे जाएं। साथ ही मीडिया के कैमरों के लिए यह तय किया गया है कि वे किस हद तक विजुअल और फोटो ले सकते हैं, इसके लिए भी एक निश्चित पैरामीटर तय किया गया है। मुंबई पुलिस ने चुनावी प्रक्रिया की सुरक्षा के लिए करीब 28 हजार अधिकारी और पुलिसकर्मी तैनात किए हैं, ताकि मतदान से पहले और मतदान के दिन किसी भी तरह की कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा न हो।

खाना ऑर्डर या होटल बुक करने पर वोटिंग का अलर्ट

■ NBT, रिपोर्ट, मुंबई: होटल असोसिएशन ने वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए गुरुवार को हर ग्राहक को वोटिंग अलर्ट भेजने का निर्णय लिया है। इसके तहत 15 जनवरी को घर खाना मंगवाने या होटल बुक कराने पर घर को एसएमएस के माध्यम वोट करने की अपील वाला मैसेज भेजा जाएगा। होटल एंड रेस्टोरेंट असोसिएशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया (एचआरएडब्लूआई) प्रवक्ता प्रदीप शेट्टी के अनुसार, तकनीक के दौरान में बड़ी संख्या में ग्राहक होटल बुकिंग या खाना आर्डर ऑनलाइन तरीके से करते हैं। तकनीक का इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों को घर से बाहर निकल अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष मुहीम चलाने का निर्णय लिया गया है। इस मुहीम से ग्राहकों को जोड़ने के लिए सभी होटलों को सोशल मिडिया पर अलर्ट, अपडेट और रिमाइंडर पोस्ट कर मतदान के लिए ग्राहकों से अपील करने को कहा गया है।

> हाथ में इंक दिखाने के बाद मिलेगी बिल में छूट

गिफ्ट देने की योजना

मताधिकार का इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों को भी असोसिएशन ने 15 जनवरी को विशेष छूट देने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत वोटिंग के बाद होटल में आने वाले सभी ग्राहकों को बिल में 10 से 15% की छूट देना का निर्णय लिया गया है। वहीं कुछ सदस्यों ने डिस्काउंट के बजाए कॉम्प्लिमेंट स्वीट या कुछ गिफ्ट देने देने की योजना बनाई है।

दो दशकों में सबसे अलग रहा महानगर पालिकाओं का चुनाव

उद्धव और राज के साथ आने से गरमाई सियासत | AIMIM-कांग्रेस से BJP का बेमेल गठबंधन

Brijesh.Tripathi@Timesofindia.com

■ मुंबई : बीएमसी सहित राज्य की 29 महानगर पालिकाओं का चुनाव अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। यह चुनाव कई मायनों में पिछले दो दशक में हुए चुनावों में सबसे अलग था। बीएमसी चुनाव में ढाई दशक की सत्ता पर दोबारा काबिज होने के लिए जहां 20 साल बाद शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और मनसे प्रमुख राज ठाकरे साथ आए। वहीं, सत्ता के लिए धुर विरोधी AIMIM और बीजेपी का गठबंधन भी हुआ, जबकि विचारधारा को त्याग कर कांग्रेस और बीजेपी ने हाथ मिलाया। वहीं, सत्ताधारी बीजेपी, शिंदे सेना और एनसीपी अजित पवार गुट ने एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ा और आरोप-प्रत्यारोप लगाए। जबकि 2023 में पार्टी पर कब्जा करने वाले उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने चाचा शरद पवार की एनसीपी के साथ गठबंधन कर पुणे महानगरपालिका का चुनाव लड़ा। चुनाव प्रचार में भी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों ने काफी अलग-अलग तरीके अपनाए। इस चुनाव में डिजिटल प्रचार पर काफी जोर दिया गया।

अकोट में BJP-AIMIM का गठबंधन: महाराष्ट्र के अकोट में एमआईएम और बीजेपी का गठबंधन सबसे अप्रत्याशित घटना रही। हालांकि कुछ ही घंटों में यह गठबंधन टूट गया। लेकिन इससे बीजेपी की काफी किरकिरी हुई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को स्थानीय नेताओं को स्पष्ट निर्देश देना पड़ा कि यह गठबंधन स्वीकार्य नहीं है। फडणवीस ने कहा कि अनुशासनहीनता करने वाले नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बीजेपी ने इस मामले में स्थानीय विधायक प्रकाश भारसाकले को कारण बताओ नोटिस भी दिया है।

अंबरनाथ में BJP-कांग्रेस एक संग: अंबरनाथ में सत्ता के लिए कांग्रेस और बीजेपी के बेमेल गठबंधन की पूरे चुनाव में चर्चा रही। इसके लिए बीजेपी को आलोचना का भी सामना करना पड़ा। अंबरनाथ नगरपरिषद में बीजेपी और कांग्रेस के हाथ मिला लेने से सियासी गलियारों में हलचल मच गई थी। हालांकि यह गठबंधन भी कुछ ही घंटों में टूट गया और निकाले गए 12 पार्षद बीजेपी में शामिल हो गए। जबकि उपनगराध्यक्ष पद के चुनाव में शिंदे सेना ने अजित पवार की एनसीपी से मिलकर बीजेपी उम्मीदवार को मात दे दी।

क्या ठाकरे बंधुओं की एकता दिखा पाएगी कमाल?

बीएमसी चुनाव में राज और उद्धव ठाकरे 20 साल बाद साथ आए। 2006 में शिवसेना से अलग होकर मनसे का गठन करने वाले राज ठाकरे ने मिलकर बीजेपी और शिंदे सेना के गठबंधन को टक्कर दिया। राजनैतिक जानकारों का मानना है कि मुंबई ही नहीं महाराष्ट्र की राजनीति के लिए ठाकरे बंधुओं का एक साथ आना निर्णायक साबित हो सकता है। ठाकरे बंधुओं ने बीएमसी के साथ मीरा-भाईंदर, ठाणे, कल्याण-डोंबिवली सहित एमएमआर की महानगर पालिकाओं का चुनाव साथ लड़ा।

सत्ता में साथ, मगर चुनाव में खिलाफ

सत्ताधारी बीजेपी, शिंदे सेना और अजित पवार की एनसीपी ने राज्य की 29 महानगर पालिकाओं में से कई महानगर पालिकाओं में एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ा। मुंबई, ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, वसई-विरार, भिवंडी, पनवेल में जहां बीजेपी और शिंदे सेना ने मिलकर चुनाव लड़ा। वहीं नवी मुंबई,मीरा -भाईंदर और उल्हास नगर में दोनों दल अलग-अलग चुनाव लड़े। जबकि अजित पवार की एनसीपी ने महायुति से अलग होकर अकेले चुनाव लड़ा। पुणे, पिंपरी-चिंचवड़ में अजित और शरद पवार ने साथ में चुनाव लड़ा।

BMC चुनाव में सट्टेबाजों ने लगाया 74 हजार करोड़ का दांव

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी चुनाव को लेकर सट्टा बाजार भी पूरी तरह गर्म है। सूत्रों के अनुसार, इस बार बीएमसी चुनाव पर करीब 74 हजार करोड़ रुपये के सट्टे लगाए जाने का अनुमान है, क्योंकि सट्टेबाजों को महायुति की बढ़त मिलती दिख रही है। अनुमान है कि बीजेपी को 95 से 100 प्रभाग जबकि शिवसेना को 45 से 50 प्रभाग मिल सकते हैं। वहीं, विपक्षी दलों को 20 से 25 प्रभाग मिलने की संभावना सट्टा बाजार में है। मनसे के खाते में 7 से 9 प्रभाग जाने का अनुमान है। हालांकि, सट्टा बाजार के ये आंकड़े सिर्फ अटकलें हैं, असली तस्वीर मतदान और मतगणना के बाद ही साफ हो पाएगी।

> जीत और हार का अनुमान

TIMES interact
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

भर्ती | रिक्त पद
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
प्रशासन
वरिष्ठ / शीर्ष प्रबंधक

EARN Unlimited Income. manager-supervisor to Head an insurance unit of a MNS Co". Experienced in insurance Additional Commission. Built and Manage a Team. 9619079362

अन्य रिक्तियां
सेवानिवृत्त व्यक्ति

GRAND-OPPORTUNITY to Restart Career.Retirees,Sr. Citizen,Pensioners.Flexible working hrs.Age:40+.Good pay + huge Incentives.: 97022 79296.

PROFITABLE Part Time Job in Leading Reputed Corporate for Seniors,Retired,VRS,House wives,Bankers.Remuneration + Incentive+ PF. : 98196 47462

फोब्रीन व कालेक्टर फर्नीचर बनाने/ मरम्मत करने के लिए चाहिए, अनुभव: 8 से 10 साल. संपर्क: 9819944191/ 40020600

प्रॉपर्टी
प्रॉपर्टी ऐन्सलेरीज
वाणिज्यिक परिसर (अचल संपत्ति)

THANE (W) MANAS Residency, Nr. Tinhat Petrol Pump, 3511' Carpet Office. Rent RS.150/-, Sell 40K per Carpet Sq.Ft. Prime Spot. M 9137869496

BORIVALI (W) NEW MHB COLONY, New Building, 2500 Sq.Ft (2 Office). Rent 150/- | Sell 30K per Sq.Ft. Ideal for Bank/ Gym/ Office. M: 9137869496

ANDHERI (E) Sakinaka Powai, Boomerang. 11,685' BUA (3 Offices), fully furnished. Rent 100/-Sell 18K per BUA sq. ft.prime location M 91378 69496

टेंडर और नोटिस
निविदाएं (टेंडर्स)

Invitation for Expression of Interest (EOI): 500 kwp Rooftop Solar PV Power Project

Neelkanth Business Park, Vidyavihar invites Expressions of Interest (EOI) from Solar EPC companies for Design, Engineering, Supply, Installation, Testing & Commissioning + Govt. liason for an onsite net-metered Rooftop Solar Project of 500 kwp.

Eligibility Criteria
Successful execution of rooftop projects. Cumulative 2 MWp across India with 1MWp cumulative in Mumbai & atleast one individual site of 100 Kwp.

Submission & Contact
Interested companies may collect vendor evaluation form from the society office and submit the same by paying a non-refundable Demand Draft of INR 5,000/- in favour of NEELKANTH BUSINESS PARK CO-OPERATIVE PREMISES SOCIETY LTD. before 23rd January, 2026 by 5.00pm. Shortlisted bidders will be invited for detailed RFQ

Address: A-610, Neelkanth Business Park Co-operative Premises Society Ltd., Nathani Road, Vidyavihar (W), Mumbai – 400 086.
Email: nbpsociety@gmail.com
Contact: 9869259685
Disclaimer: NBP reserves the right to accept or reject any or all EOIs, without assigning any reason whatsoever, and the decision shall be final and binding.

TENDER NOTICE
BUILDING REDEVELOPMENT
(Issued Without Prejudice)
Sealed Tenders are invited from Reputed Developers for the Redevelopment of Chawl No. 202, 204, 206, 207, 208 and 209, Group No. 88, Tagore Nagar, Vikhroli (East), Mumbai 400083 under Tagore Nagar Ekta Co-Operative Housing Society Ltd
Plot Area is 3,632 sq. mts. (Approx)
48 Tenants
Tenders Documents Available At
M/S ATHARV INDIA
Address : Maruti Krupa Tower, Shop No 5 & 6, Kannamwar Nagar 1, Vikhroli (East) Mumbai.
Collection period: Jan 15, 2026 to Jan 30, 2026, between 10:00 am - 6:00 pm.
Submission Deadline: Jan 30, 2026 upto 6.00 pm
Tender Fee **Rs. 10,000 &** EMD **Rs. 500,000**
(The society reserve the right to reject any or all the offers without assigning any reason)
For Tagore Nagar Ekta Co-Operative Housing Society Ltd

BOOK YOUR TENDER/NOTICE ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Jitesh Dominic
9867 407 521
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन

I,K Vijaya Lakshmi wife of Arunachalam G N r/o Nagakuppam, Myladumparai, R. K Pet, Tiruvallur, T.N-631302 have changed my name from K Vijaya Lakshmi to Vijayalakshmi K vide aff. No. UP40626100636340Y dt. 08/01/2026 at Prayagraj

I,MAMONI Samanta Wife of Sumanta Karmakar r/o Khanta, Gobinda Dham, Gangajalghati, Bankura, W.B-722169 have changed my name from Mamoni Samanta to Mamoni Karmakar vide aff. No. 59AB865715 dt.13/01/2026 at Nashik

I,NANTHINI Sri Daughter of Lenin D r/o Sarathy Nagar, Kathiravan Nagar, Velacherry, Chennai, T.N- 600042 have changed my name from Nanthini Sri to Nandhini Sri L vide aff. No. 59AB865711 dt.13/01/2026 at Nashik

I, L Kesavan Son of Lenin D r/o Sarathy Nagar, Kathiravan Nagar, Velacherry, Chennai T.N- 600042 have changed my name from L Kesavan to Kesavan L vide aff. No. 59AB865288 dt.13/01/2026 at Nashik

I Krupalibahen Bharatkumar Diwani W/O, Mayank Rajendra Velani R/o A-1/805, Neelkanth Valley, Kolshet Road, Dhokali Naka, Thane (w).400607 have changed my name to Krupali Mayank Velani

I,GITA Devi Mother of Joginder pal r/o Sadar, Tarlambli (272), Mandi, H.P-175027 have changed my name from Gita Devi to Geeta Devi vide aff. No. 59AB865287 dt.13/01/2026 at Nashik

I, Savita, mother of No.21003474X, NK, Bhoite Parajee Digambar have changed my name from Savita to Savita Digambar Bhoite vide Affidavit No. 58AB 252108

EDUCATION FORUM
www.treehousehighschool.com
TREE HOUSE HIGH SCHOOL
AI-Integrated Day School
with Sports Campus & Foundation Programs for NEET | JEE
A SMARTER CAMPUS.
A STRONGER CHILD.
A WINNING FUTURE.
AI Learning
Sports Power
Competitive Foundation Program
SPORTS IS NOT EXTRA. IT IS ESSENTIAL
ADMISSIONS OPEN
FOR ACADEMIC YEAR 2026 - 27
VIRAR (W) (CBSE) (Affiliation No.: 1130629) (Nursery to Grade XII) Call: 8291116885 8291378885
VASAI (W) (ICSE) (Affiliation No.: MA268) (Nursery to Grade X) Call: 8779366179 9372504210

To advertise in this section call
JITESH 9867407521

TO ADVERTISE IN THIS SECTION CALL JITESH DOMINIC: 9867407521

TO ADVERTISE IN THIS SECTION CALL JITESH DOMINIC: 9867407521

TO ADVERTISE IN THIS SECTION CALL JITESH DOMINIC: 9867407521

TO ADVERTISE IN THIS SECTION CALL JITESH DOMINIC: 9867407521

BOOK YOUR PROPERTY ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Asif Faridi 9594 343 468
Jitesh Dominic 9867 407 521
To Book Online Log on To
Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

चुनाव के बीच धार्मिक स्थलों पर हुई सुरक्षा बढ़ाने की मांग

मंत्री सरनाईक ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर किया आग्रह

■ अमित तिवारी, मीरा-भाईंदर


AI Image

मीरा-भाईंदर और वसई-विरार क्षेत्र में चुनावी माहौल के बीच सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंताएं गहराने लगी हैं। गुरुवार को होने वाले मतदान के मद्देनजर परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने मीरा-भाईंदर शहर के धार्मिक स्थलों पर विशेष पुलिस सुरक्षा की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक को पत्र लिखकर सतर्कता बरतने का आग्रह किया है।

चुनावी माहौल के बीच सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बढ़ी फिक्र

पत्र में सरनाईक ने आशंका जताई है कि चुनावी माहौल का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व धार्मिक स्थलों को केंद्र में रखकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं, जिससे मतदान प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।

अपने पत्र में सरनाईक ने विशेष रूप से भाईंदर पश्चिम के 60 फीट रोड, भाईंदर पूर्व के बीपी रोड सहित अन्य संवेदनशील परिसरों में स्थित धार्मिक स्थलों का उल्लेख किया है। उन्होंने दावा किया है कि उनके संज्ञान में कुछ गुप्त जानकारी आई है, जिनके आधार पर इस तरह की घटनाओं की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। सरनाईक के अनुसार,आठ वर्ष पूर्व भी ऐसी घटनाएं सामने आई थीं, जिनसे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हुआ था।

सोशल मीडिया पर निगरानी की मांग

उन्होंने यह भी आशंका व्यक्त की कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग कर भड़काऊ वीडियो और संदेश प्रसारित किए जा सकते हैं, जो धार्मिक और जातीय तनाव को हवा दे सकते हैं। इसलिए उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि चुनाव अवधि में सोशल मीडिया की कड़ी निगरानी की जाए और अफवाह फैलाने वालों पर त्वरित कार्रवाई की जाए।

चुनाव में जासूस और हैकर्स की चर्चा

NBT न्यूज, वसई : इसी बीच वसई-विरार क्षेत्र में चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद कई प्रत्याशी अपने विरोधियों पर नजर रखने के लिए प्राइवेट जासूसों और हैकर्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये जासूस विरोधी उम्मीदवारों के सर्कल में एक्टिविस्ट बनकर घुसपैठ कर अंदरूनी जानकारी जुटा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार चुनाव की घोषणा होते ही कई लोगों ने प्राइवेट जासूस रख लिए थे। ये जासूस आमतौर पर 50 हजार रुपये से 1 लाख रुपये तक की फीस लेते हैं। इसमें डिटेल्ड बैकग्राउंड चेक, सोशल मीडिया एक्टिविटीज पर नजर रखना, करीबी रिश्तेदारों और साथियों के बारे में जानकारी इकट्ठा करना वगैरह शामिल है। ये जासूस एक्टिविस्ट बनकर विरोधी उम्मीदवार के सर्कल में जाकर अंदरूनी जानकारी हासिल कर रहे हैं।

इसके अलावा कई लोगों ने अपने सीक्रेट वॉर रूम में प्रोफेशनल हैकर्स रखे हैं। ये विरोधियों के मोबाइल फोन का पता लगाने, उनके मोबाइल फोन हैक करने, उनकी सोशल मीडिया रीच कम करने और उनका डेटा नष्ट करने का काम कर रहे हैं। विरोधियों के मोबाइल फोन से डेटा चुराकर उनकी चालों के बारे में जानकारी हासिल की जा रही है।

HC ने SPCL को दी राहत

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि देश के लिए प्राण गंवाने वाले सैनिकों के परिवार की मदद करना जरूरी है। यह टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने ईडी को आर्म्ड फोर्स वेलफेयर फंड में 46.5 करोड़ रुपये पर हासिल ब्याज का आधा हिस्सा जमा करने का निर्देश दिया है। जस्टिस अजय गडकरी और जस्टिस आर. आर. भोसले की बेंच ने ईडी की अपील खारिज करते हुए यह आदेश दिया। उक्त रकम अदालत के निर्देश के तहत पहले ही कोर्ट में जमा की गई थी। ईडी ने अपीलेट ट्रिब्यूनल के 2019 के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें शापूरजी पल्लोनजी एंड कंपनी लिमिटेड (एसपीसीएल) की 141.50 करोड़ रुपये की संपत्ति की कुर्की के आदेश को रद्द किया गया था।

ईडी को आर्म्ड फोर्स वेलफेयर फंड में ब्याज की रकम जमा करने करने का निर्देश

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने ट्रिब्यूनल के आदेश पर रोक लगाई थी। केंद्रीय जांच एजेंसी को कोर्ट में 46 करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश दिया था। अब बेंच ने ट्रिब्यूनल के आदेश को बरकरार रखा।

यह मामला एसपीसीएल द्वारा नितेश ठाकुर और उनकी कंपनियों से 2005 में अलीबाग और पेण में 900 एकड़ जमीन की खरीद से संबंधित था। जमीन 30 लाख रुपये प्रति एकड़ की दर से खरीदी गई थी। ईडी का दावा था कि यह भुगतान ठाकुर की आपराधिक कमाई से अर्जित रकम से किया गया था।

निर्विरोध चुनाव जीतने वाले नगरसेवकों को बाम्बे हाई कोर्ट से मिली राहत

■ पेज : 01 से आगे :

मुंबई : बाम्बे हाई कोर्ट में दायर की गई याचिका में नामांकन वापसी के लिए उम्मीदवारों को प्रलोभन देने और दबाव बनाने का आरोप लगाया गया था। यह उम्मीदवार ठाणे, कल्याण-डोंबिवली और पनवेल महानगरपालिका सहित अन्य स्थानीय निकाय से जुड़े थे। चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम अनखड की बेंच ने कहा, याचिकाकर्ता आरोपों के समर्थन में पुख्ता सबूत देने में विफल रहे। वर्तमान में चुनाव प्रक्रिया कानून के हिसाब से चल रही है, इसमें हस्तक्षेप करने की जरूरत नजर नहीं आ रही है। यह टिप्पणी करते हुए बेंच ने याचिका को खारिज कर दिया।



गौरतलब है कि राज्य की 29 महानगर पालिकाओं के 15 जनवरी 2026 को चुनाव होने है और अगले दिन मतगणना की जाएगी।

याचिका में क्या आरोप : याचिका के मुताबिक, उम्मीदवारों का पर्चा वापस लेने का निर्णय ऐच्छिक नहीं था। यह निर्णय दबाव और धमकियों का नतीजा था, जो संविधान के अनुच्छेद-243 जेडए के तहत स्वतंत्र और निष्पक्ष जनादेश का उल्लंघन करता है। याचिका में कहा गया था है कि राज्य चुनाव आयोग ने भी इस मुद्दे पर स्थानीय निकाय के अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए किसी प्रकार के बल प्रयोग और अनुचित साधनों का उपयोग तो नहीं किया गया। अनुचित तरीके से किसी कैंडिडेट को विजयी घोषित करना लोकतंत्र का अपमान है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती है, तब तक चुनाव परिणाम घोषित ना किए जाएं।

डोंबिवली हिंसा : शिवसेना के दो उम्मीदवार गिरफ्तार

BJP और शिवसेना कार्यकर्ताओं के बीच हुई थी झड़प

■ NBT न्यूज, कल्याण

AI Image

डोंबिवली के पैनल नंबर 29 में बीजेपी और शिवसेना कार्यकर्ताओं के बीच हुई हिंसक झड़प के मामले में पुलिस ने शिवसेना उम्मीदवार नितिन पाटिल और उनके भाई रवि पाटिल को गिरफ्तार किया है। दोनों को मंगलवार देर रात हिरासत में लिया गया। इससे पहले ब्लड प्रेशर बढ़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

गिरफ्तारी के बाद दोनों को मेडिकल जांच के लिए शास्त्री नगर अस्पताल ले जाया गया। वहां तबीयत बिगड़ने पर उन्हें थाने के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान अस्पताल के बाहर बड़ी संख्या में शिवसेना कार्यकर्ता और परिजन जमा हो गए और पुलिस कार्रवाई का विरोध किया।

राजनीतिक दबाव में कार्रवाई

परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में भर्ती होने के बावजूद पुलिस ने सत्ता के दबाव में गिरफ्तारी की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोनों की तबीयत बिगड़ती है तो इसकी जिम्मेदारी पुलिस की होगी। शिवसेना विधायक राजेश मोरे भी अस्पताल पहुंचे और गिरफ्तारी को राजनीतिक दबाव में की गई कार्रवाई बताया।

यह मामला सोमवार रात तुकाराम नगर में हुई टकराव से जुड़ा है। इस झड़प में बीजेपी की पैनल नंबर 29 की उम्मीदवार आर्या नाटेकर के पति ओमनाथ नाटेकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज फिलहाल डोंबिवली के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस के अनुसार, दो भाजपा कार्यकर्ता और एक शिवसेना पदाधिकारी को भी मामूली चोटें आई हैं।

बीजेपी नेताओं का आरोप है कि चुनाव प्रचार के दौरान शिवसेना उम्मीदवारों और उनके समर्थकों ने आपत्ति जताई, जिसके बाद विवाद बढ़ा और मारपीट हुई। वहीं शिवसेना उम्मीदवार नितिन पाटिल ने आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया कि भाजपा कार्यकर्ता मतदाताओं को पैसे बांटने आए थे और उन्हें रोकने पर विवाद हुआ।

घटना के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस एफआईआर दर्ज की। भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। अब तक पांच शिवसेना कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी हो चुकी है।

ठाणे जोन-3 के पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे ने बताया कि मामले की जांच जारी है। चुनाव को देखते हुए इलाके में सुरक्षा और निगरानी बढ़ा दी गई है। गौरतलब है कि केडीएमसी चुनाव में पैनल नंबर 29 में शिवसेना और भाजपा आमने-सामने फ्रेंडली फाइट में हैं।

NBT स्मृति — यादों के चिराग

बारहवीं पुण्यतिथी

जन्म : २४.०३.१९३२ स्वर्गवास : १५.०१.२०१४
स्व. शा. राजमलजी धनराजजी सोलंकी
आप की बारहवी पुण्यतिथी पर
हम सब आदर सहित
भावभीनी श्रध्दांजली अर्पित करते हुए
आप का पुण्यस्मरण करते है।
समस्त सोलंकी परिवार
श्री निराला ग्रुप
(बिजोवा/ बोरीवली)

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन ।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि ॥
बीसवीं पुण्यतिथि

स्व.शोभनाथ महादेव सिंह
स्वर्गवास : 15-01-2006.
आपका स्नेहिल सरल व्यवहार, अथक परिश्रम,
धार्मिक – रचनात्मक प्रकृति, निःस्वार्थ भाव से
जीवन मूल्यों के प्रति जिम्मेदारी एवं जिंदा दिल व्यक्तित्व
हमें हमेशा प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा ।
आपके द्वारा कार्यान्वित सामाजिक व धार्मिक कार्यों की सूची लंबी है,
जो कार्य आपके अचानक चले जाने से पूर्ण नहीं हो सके,
उन सभी कार्यों को हम आपकी प्रेरणा अनुरूप संपूर्ण कर रहे हैं,
आप हमेशा हमारे प्रेरणा स्रोत रहेंगे हमेशा ॥
पत्नी : तुलसी सिंह
पुत्र : संतोषकुमार सिंह, ब्रिजेश सिंह
जय भोलेनाथ को.ऑप. क्रेडिट सोसायटी लि.
जय भोलेनाथ परिवार के सभी सदस्य,
कर्मचारीगण, पदाधिकारी एवं कार्यकारी मण्डल सदस्य.

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP5 User: tushar.darekar Time: 01-14-2026 21:20 Color:

प्रेस्टीज
नए साल का बोनांज़ा 2026

भविष्य की कुकिंग के लिए एक छोटा-सा उपहार।

75 Years of Prestige

15 YEAR WARRANTY

शानदार ऑफ़र्स के साथ जश्न मनाइए!

हमारे उत्पादों की बड़ी रेंज पर नए साल के आकर्षक ऑफ़र्स का लाभ उठाएं।

कॉम्बो ऑफर खरीदें
₹3 850/- मूल्य का नक्षत्र प्लस स्वच्छ 3ली + 5ली कुकर, अब ₹2 699/-* में

खरीदें
₹5 190/- मूल्य का ट्राइ-प्लाई 3 पीस कुकवेयर सेट, अब ₹2 895/-* में

खरीदें
₹3 990/- मूल्य का स्टेनलेस स्टील प्लाटिना 3 पीस कुकवेयर सेट अब ₹2 195/-* में

Scan to see more exciting offers

CUSTOMER CARE NO 080-60004411

Scan to find Prestige Xclusive stores

Shop Online on shop.ttkprestige.com

Prestige

जो कुकिंग से करे प्यार, वो प्रेस्टिज से कैसे करे इनकार!

*शर्तें लागू। ऊपर दी गई कीमतें उत्पाद की एमआरपी (सभी करों सहित) हैं। डिस्काउंट केवल एमआरपी पर ही लागू है। दो ऑफरों का लाभ एक साथ नहीं लिया जा सकता। दिखाया गया थीमैटिक लेआउट केवल रचनात्मक प्रस्तुति के लिए है। दर्शाए गए कुकवेयर सेट पर कोई ऑफर लागू नहीं है। यह ऑफर केवल एक यूनिट की खरीद पर लागू है, जिसमें मान्य खरीदारी पर एक यूनिट मुफ्त दी जाएगी। ऑफर केवल चुनिंदा मॉडलों पर और स्टॉक खत्म होने तक ही मान्य है। ऑफर पूरे भारत में मान्य हैं। कूकर पर ऑफर केवल उत्तर भारत में मान्य है। खरीदें ट्राइ-प्लाई 3 पीस कुकवेयर सेट (प्रश्च पैन 24 सेमी, कढ़ाई 24 सेमी, सॉस पैन 16 सेमी) प्रत्येक 1 यूनिट, कुल मूल्य 5190/-, केवल 2895/- में। खरीदें स्टेनलेस स्टील प्लेटिना 3 पीस कुकवेयर सेट, प्रत्येक 1 यूनिट, कुल मूल्य 3990/-, केवल 2195/- में। प्रेस्टीज® का लोगो भारत में टीटीके प्रेस्टीज लिमिटेड का पंजीकृत ट्रेडमार्क है। विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, अपने नज़दीकी प्रेस्टीज एक्सक्लूसिव/डीलर आउटलेट पर जाएं। ऑफर 13 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक मान्य।

Prestige Xclusive

Goregaon- West Opp Ratna Hotel, Sv Rd, Ph: 9892908560; **Kalyan(W),** Ph: 02512205271; **Dombivali Shiv Mandir Rd,** Ph: 7208528491; **Bhandup, Tank Rd** Ph: 9137868071; **Sion East Next To Icici Bank,** Ph: 7208528491; **Badlapur,** Ph: 8956421403; **Thane(W),** Ph: 9769939693; **Mulund Zaver Road,** Ph: 8828955275; **Kharghar Little World Mall,** Ph: 9833011403; **Vile Parle,** Ph: 9321913216; **Mira Road,** Ph: 9819625388; **Vashi Sector 17,** Ph: 8983622504.

Also Available At: Prestige Judge Factory Outlet: Churchgate Beside Chaayoos Express Building, Ph: 02235134649; **Andheri:** Shi Arham Home Appliances, Ph: 9702130418; **Chembur:** Murugan Steel Emporium, Ph: 9372267731; Natraj Emporium, Ph: 9870401022; **Nerul:** Royal Market, Ph: 9833077767; **Vashi:** Royal Novelty, Ph: 7021043868; **Dahisar:** Vijay Emporium, Ph: 022-28282960; **Borivali:** Oswal Steel Centre, Ph: 9819722051; **Vasai:** Vasai Shetkari Society, Ph: 9975577156; **Thane:** Golden Steel & Appliance Nx, Ph: 9967461062, 9004767300; **Dombivali:** Maru Appliances, Ph: 9820320086; **Loharchawl:** Atlanta Enterprise, Ph: 9833284978; **Charkop Kandivali:** Anand Steel Corp, Ph: 9967383029; **Andheri:** Rohit Enterprises (Andheri Bazar), Ph: 9136644002; **Panvel:** My Kitchen Home Appliances, Ph: 9819223677; **Lalbaug:** Chaitanya Store, Ph: 9870038910; **Palghar:** Milan Home Appliances, Ph: 9820750628; **Kalyan:** Prabhat Kitchen, Ph: 9220580000; **Ulhasnagar:** Kamal Radio & Electric Co., Ph: 9323938171; **Kandivali:** Gem Steel, Ph: 7977575640; **Vileparle:** Mansukh Distributor, Ph: 9987343899; **Vileparle:** Murugan Steel N Appliances, Ph: 8898586041; **Dadar:** Trupti Emporium, Ph: 9819868338; **Lalbaug:** Himmatmal Raichand & Company, Ph: 9004907164;

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP6 User: cci Time: 01-14-2026 23:11 Color:

देश के मेडिकल इतिहास का 'सुनहरा पन्ना' KEM आज हुआ 100 साल का

Suraj.Pandey@timesofindia.com

■ मुंबई: बात 100 साल पुरानी है। मुंबई का जेजे मेडिकल कॉलेज में पढ़ने को हिंदुस्तानी डॉक्टर तरस रहे थे। वजह थी विदेशी डॉक्टरों को वरीयता मिलना। यहीं से कुछ हिंदुस्तानी आगे आए और जन्म हुआ किंग एडवर्ड मेमोरियल (KEM) अस्पताल का, जिसे 15 फरवरी को 100 साल पूरे हो गए हैं। एनबीटी रिपोर्टर ने जानी यहां की अनसुनी कहानी :

■ 15 जनवरी 1926 को शुरू हुआ KEM न सिर्फ देश के लिए इलाज का केंद्र रहा, बल्कि रिसर्च का भी मजबूत स्तंभ बना। ब्रिटेन से पढ़कर लौटे भारतीय चिकित्सकों ने मिलकर 1925 में सेठ गोर्धनदास सुंदरदास मेडिकल कॉलेज की नींव रखी। एक साल बाद KEM का जन्म हुआ।

1300 से 18 लाख OPD का सफर: शुरुआत 125 बेड्स से हुई थी। पहले वर्ष OPD में 1311 मरीजों का इलाज हुआ, 274 को भर्ती किया गया और 110 सर्जरी। आज यहां बेड्स हैं 2250। 2024 में 18.74 लाख की OPD और 65728 को भर्ती किया गया। 71438 सर्जरी की गईं। अब तो रोबोटिक सर्जरी से लेकर हार्ट, लिवर, किडनी यहां तक के हैंड ट्रांसप्लांटेशन भी हो रहे हैं।

इतिहास में दर्ज उपलब्धियां: 1960 में देश का पहला कार्डियक कैथेटेराइजेशन (ब्लॉकेज जानने की प्रक्रिया) किया गया, जिसने दिल के इलाज को नई दिशा दी। ■ 1966 में भारत की पहली कोरोनरी केयर यूनिट की शुरुआत भी यहीं हुई। ■ यही देश का पहला अस्पताल था जिसने ECG मशीन से इलाज शुरू किया। ■ विश्व का पहला अस्पताल KEM ही है, जहां बैलून डाइलेशन ऑफ कोर ट्रायट्रिएटम की जटिल प्रक्रिया की गई। यह एक जन्मजात बीमारी के इलाज का हिस्सा है जिसमें दिल्ली में जन्मजात मौजूद झिल्ली को गुब्बारे से फैलाकर तोड़ दिया जाता है। ■ 1962 में डॉ. वाई एम भेंडे और टीम ने दुर्लभ बॉम्बे ब्लड ग्रुप की खोज की थी। ■ देश का पहला हार्ट ट्रांसप्लांट 1968 में डॉ. पीके सेन ने यहीं किया। हालांकि इसके नतीजे संतोषजनक नहीं थे। ■ 1986 में यहां देश का दूसरा IVF प्रोसीजर हुआ।

एक छत के नीचे सब : आने वाले समय में अस्पताल में 40 से 42 मंजिला इमारत होगी। अभी मरीजों को अलग अलग इमारतों में दौड़ लगानी पड़ती है। प्रस्तावित बिल्डिंग के बाद एक इमारत में लगभग सभी सुविधाएं होंगी।

जब कलाम पहुंचे KEM : अस्पताल की प्लेटिनम जुबली पर 19 दिसंबर, 2001 को तत्कालीन राष्ट्रपति के.आर. नारायणन ने विजिट की। 17 जुलाई, 2006 के ब्लास्ट में घायलों से मिलने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम यहां आए। 25वीं वर्षगांठ पर तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू बुलाए गए, लेकिन लंदन का शेड्यूल होने के चलते उन्होंने पत्र लिखकर न आ सकने पर खेद जताया। 100 वर्ष होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम में अमिताभ बच्चन ने नेत्र क्लिनिक का उद्घाटन किया था।


यह है देश की पहली ECG मशीन। तब इसे EKG मशीन कहा जाता था।


ब्लड टेस्ट करने वाला माइक्रोस्कोप

फेफड़े की जांच करने वाली PFT

ऐसा हुआ करता था ऑक्सिजन टैंक

तब इस्तेमाल हुए सर्जिकल इंस्ट्रूमेंट


KEM में डॉक्टर, नर्स और स्टाफ का एक ही मंत्र है- मरीज सर्वोपरि। मरीजों के प्रति समर्पण से ही अस्पताल ने 100 वर्ष की सफल यात्रा पूरी की।
-डीन डॉ. संगीता रावत

अस्पताल की स्थापना राष्ट्रवादी भावना से हुई, ताकि भारतीय डॉक्टरों, छात्रों को आगे बढ़ने का मौका मिले। सौ वर्षों तक संस्थान का उत्कृष्ट स्तर बनाए रखना बड़ी उपलब्धि है।
-पूर्व डीन डॉ. अविनाश सुपे

इलेक्शन ब्रीफ

उरण नगर परिषद में BJP के रवी भोईर निर्विरोध निर्वाचित

■ NBT न्यूज, उरण: उरण नगर परिषद के उपाध्यक्ष पद पर बीजेपी नेता रवी भोईर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। हाल ही मे हुए चुनाव मे नगराध्यक्ष पद पर महाविकास आघाडी की भावना घाणेकर ने लगभग 1400 मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी। हालांकि, नगर परिषद की 21 मे से 12 सीटों पर भाजपा के नगरसेवक निर्वाचित हुए है, जिससे भाजपा को सदन मे बहुमत मिला। राजनैतिक समीकरणों को देखते हुए महाविकास आघाडी ने उपाध्यक्ष चुनाव मे हिस्सा नही लिया। नगराध्यक्ष और सदन के बहुमत अलग-अलग दलों के है। ऐसे मे विकास कार्यों और प्रशासनिक निर्णयों को लेकर टकराव की संभावना से इनकार नही किया जा सकता।

महायुति पर लगा पैसे बांटने का आरोप, जांच की मांग

■ NBT न्यूज, वसई: वसई-विरार मे महायुति के उम्मीदवारों पर मतदाताओं को पैसे बांटने के आरोप लगे हैं। सोमवार देर रात पेल्हार पुलिस ने पेल्हार नाका के पास बीजेपी के दो पदाधिकारियों को 10 लाख रुपये नकद के साथ पकड़ा। वहीं, मंगलवार देर रात वसई फाटा के पास महायुति के पदाधिकारियों को दो लाख नकदी के साथ पकड़ा है। बताया जा रहा है यह पैसा मतदाताओं में बांटने के लिए जा रहा था। पूर्व नगरसेवक व मनसे नेता प्रफुल्ल पाटील ने चुनाव आयोग से मामले पर ध्यान देने की मांग की है।

भिवंडी में चुनावी ड्यूटी के बाद विशेष अवकाश की मांग

■ NBT न्यूज, भिवंडी: महाराष्ट्र राज्य शिक्षण क्रांति संगठन ने चुनाव ड्यूटी पर तैनात शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों को 16 जनवरी को एक दिन का विशेष अवकाश देने की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष सुधीर घागस ने ठाणे जिलाधिकारी श्रीकृष्णनाथ पांचाल को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि 14-15 जनवरी को करीब 36 घंटे लगातार ड्यूटी के बाद अगले दिन सुबह 7 बजे फिर हाजिरी से कर्मचारियों पर तनाव बढ़ता है। स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। संगठन ने मतदान के अगले दिन अवकाश देने के निर्देश देने की मांग की है।

पर्दानशीं महिलाओं के लिए ठाणे मनपा में 220 वोटिंग सेंटर

सबकुछ है तैयार, आज होगी वोटिंग

आज यानी गुरुवार, 15 जनवरी को मनपा चुनावों में किस्मत आजमा रहे प्रत्याशियों का भविष्य ईवीएम में कैद हो जाएगा, जिसका खुलासा कल यानी शुक्रवार, 16 जनवरी को होगा। प्रशासनिक स्तर पर चुनाव अधिकारी, मनपा एवं पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रखे हैं। जगह-जगह पर्याप्त पुलिसकर्मी, सीसीटीवी, पोलिंग अधिकारियों की नजर होगी। मतदान प्रक्रिया के लिए प्रशासनिक स्टाफ मतदान केंद्रों पर तैनात होंगे।

■ अनिल कुमार शुक्ल, ठाणे : मनपा प्रशासन ने पर्दानशीं महिलाओं के लिए शहर में 220 मतदान केंद्र बनाए हैं। इसके अलावा 11 स्थानों पर सखी मतदान केंद्र और 10 जगहों पर आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मनपा आयुक्त और चुनाव अधिकारी सौरभ राव के अनुसार कुछ स्थानों पर महिला मतदाताओं को धार्मिक और सामाजिक कारणों से सार्वजनिक स्थान पर वोटिंग में मुश्किलें झेलनी पड़ती है। इसे देखते हुए, सिर पर स्कार्फ पहनने वाली महिलाओं के लिए अलग और सुरक्षित इंतजाम किए गए हैं, ताकि वे बेझिझक मतदान कर सकें। इसके तहत कलवा प्रभाग समिति में 16, मुंब्रा प्रभाग समिति में 125 और दिवा प्रभाग समिति में 79 वोटिंग सेंटर्स बनाए गए हैं। इन मतदान केंद्रों पर महिला अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ-साथ महिला पुलिस कर्मियों को नियुक्त किया गया है। सखी मतदान केंद्रों का रंग गुलाबी होगा, जिसे पिंक बूथ भी कहते है। यहां गुब्बारे सहित आकर्षक सजावट की जाएगी।

AI Image

■ भिवंडी मनपा भी कमर कसकर रेडी: शहर के विभिन्न इलाकों में कुल 750 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 153 मतदान केंद्र संवेदनशील हैं। पुलिस प्रशासन ने 2694 पुलिस कर्मियों सहित एसआरपीएफ की तीन कंपनियों को तैनात किया है।

इन जगहों पर होंगे स्पेशल पोलिंग बूथ

माजीवाडा मानपाडा प्रभाग समिति
▶ **सखी मतदान केंद्र:** पोद्दार स्कूल, हीरानंदानी इस्टेट
▶ **आदर्श मतदान केंद्र:** हीरानंदानी फाउंडेशन स्कूल, पातलीपाडा

नौपाडा प्रभाग समिति
▶ **सखी और आदर्श मतदान केंद्र:** डॉ. बेडेकर विद्यामंदिर, ग्राउंड फ्लोर

उथलसर प्रभाग समिति
▶ **सखी मतदान केंद्र:** मीनाताई ठाकरे नर्सिंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, उथलसर
▶ **आदर्श मतदान केंद्र:** सरस्वती एजुकेशन सोसायटी हाई स्कूल, पांचपाखाडी

वागले प्रभाग समिति
▶ **सखी मतदान केंद्र:** टीसा हाउस रोड नंबर 16, वागले इस्टेट पावर स्टेशन के पीछे
▶ **आदर्श मतदान केंद्र:** महाराष्ट्र स्टेट रोड बोर्ड, महाराष्ट्र कोंकण सब-डिविजन रूम नंबर-1

लोकमान्य सावरकर नगर प्रभाग समिति
▶ **सखी मतदान केंद्र:** मालवान एजुकेशन ऐंड वेलफेयर असोसिएशन, विद्यानिकेतन इंग्लिश स्कूल, शास्त्री नगर
▶ **आदर्श मतदान केंद्र:** संकल्प स्कूल, पाटिलवाडी

वर्तकनगर प्रभाग समिति
▶ **सखी मतदान केंद्र:** काशीनाथ घाणेकर थिएटर, सुप्रीम डेली हॉल
▶ **आदर्श मतदान केंद्र:** श्रीमती सुलोचना देवी सिंघानिया हाई स्कूल, पोखरण रोड नंबर-1

कलवा प्रभाग समिति
▶ **सखी मतदान केंद्र:** सब-डिविजनल इंजिनियर, सिंचाई विभाग, सह्याद्रि स्कूल के सामने, कलवा
▶ **आदर्श मतदान केंद्र:** सहकार विद्या प्रसारक मंडळ, कलवा

मुंब्रा प्रभाग समिति
▶ **सखी मतदान केंद्र:** एंजेल पैराडाइज स्कूल, नारायण नगर, मुंब्रा
▶ **सखी और आदर्श मतदान केंद्र:** एम.एस. कॉलेज, शोएब एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी, चांद नगर, कौसा मुंब्रा

दिवा प्रभाग समिति
▶ **सखी और आदर्श मतदान केंद्र:** न्यू गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल और जूनियर कॉलेज, श्लोक नगर, दिवा, दातिवली रोड, दिवा ईस्ट
▶ **सखी और आदर्श मतदान केंद्र:** मेस्को स्कूल, कौसा

11 स्थानों पर होगी वोटों की गिनती

ठाणे मनपा में 131 नगरसेवक चुनने के लिए 16 जून, शुक्रवार को शहर के कुल 11 स्थानों पर वोटों की गिनती होगी। सभी जगह पुलिस का कड़ा बंदोबस्त है। मानपाडा माजीवाडा प्रभाग 1, 2, 3, 8 की मतगणना घोडबंदर रोड के मानपाडा हीरानंदानी इस्टेट स्थित न्यू होरायझन एज्युकेशन सोसायटी स्कूल में होगी। वर्तकनगर प्रभाग 4, 5, 7 की मतगणना पोखरण रोड नं.2 बेथनी हॉस्पिटल के करीब कवि साहित्यिक स्व. बाबुराव सरनाईक जिम्नेजियम सेंटर में होगी। लोकमान्य सावरकर प्रभाग 6, 13, 14, 15 की गणना कोरस अस्पताल स्थित महिला बचत गट भवन में होनी है। इसी तरह वागले इस्टेट प्रभाग 16, 17, 18 की मतगणना आईटीआई में होगी। नौपाडा कोपरी प्रभाग क्र.19, 20, 21, 22 की मतगणना विद्या प्रसारक मंडल पॉलिटेक्निक कॉलेज में और उथलसर प्रभाग क्र.10, 11, 12 की मतगणना राबोडी के.विला स्थित होली क्रॉस हाई स्कूल में होनी है। कलवा प्रभाग क्र.9, 23, 24, 25 की मतगणना सह्याद्रि हाईस्कूल में, जबकि मुंब्रा प्रभाग क्र.26, 31 की कौसा के मौलाना अबुल कलाम स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में होगी। मुंब्रा प्रभाग क्रमांक 30, 32 की मौलाना अब्दुल कलाम स्टेडियम की पहली मंजिल पर और दिवा प्रभाग क्रमांक 27, 28, 29, 33 की मौलाना अब्दुल कलाम स्टेडियम के प्रेक्षक गैलरी में होगी।

वसई-विरार में वोटिंग कराने को प्रशासन मुस्तैद

■ **सुरेंद्र नेगी, वसई :** वसई-विरार मनपा चुनाव के लिए मनपा एडमिनिस्ट्रेशन पूरी तरह तैयार है। मनपा आयुक्त मनोज कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि पोलिंग स्टेशन, काउंटिंग सेंटर, स्ट्रांग रूम, स्टाफ की तैनाती, स्टाफ ट्रेनिंग और अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। शहर में कुल 1,335 घोषित मतदान केंद्रों पर मतदान कराया जाएगा। इसके लिए करीब 8,000 सरकारी कर्मचारी लगाए गए हैं। सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर दो से तीन हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इस प्रकार कुल 10 से 12 हजार अधिकारी-कर्मचारी मतदान को शांतिपूर्ण और सफल बनाने के लिए पूरी तैयारी में हैं। सूर्यवंशी ने बताया कि चुनाव के लिए कुल 1 हजार 335 पोलिंग स्टेशन तैयार किए गए हैं। इन जगहों पर कुल 8 से 10 हजार अधिकारी कर्मचारी तैनात किए गए हैं, जिन्हें ट्रेनिंग दी गई है। साथ ही, 317 जगहों पर दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर का इंतजाम किया गया है। इसके अलावा, चुनाव के लिए 9 चुनाव फैसले लेने वाले अधिकारी और 90 सेंटर के हिसाब से अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

पोस्टल वोटिंग से पड़े 932 वोट

शहर से बाहर रहने वाले वोटरों ने वसई-विरार मनपा मे कैंडिडेट्स के लिए पोस्टल वोट डाले हैं। कुल 932 वोटरों ने पोस्टल वोट डाले हैं। आयुक्त ने कहा कि वोटिंग के लिए वोटर्स को वोटिंग स्लिप बांटने का काम भी चल रहा है और वह 70% तक पूरा हो चुका है। अगर वोटर्स अपने पोलिंग स्टेशन के बारे में जानकारी चाहते हैं, तो इसकी जानकारी मनपा की वेबसाइट पर मौजूद है। इसके साथ ही, वोटर्स को वोटिंग करते समय एक बार में 4 वोट डालने होंगे।

AI Image

फटाफट खबरें

दो दिन मनाया जा रहा मकर संक्रांति का पर्व

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : सूर्यदेव के मकर राशि में बुधवार रात प्रवेश करते ही खरमास की अवधि समाप्त हो गई। हालांकि, ज्योतिषियों के मुताबिक शुभ कार्यों के लिए लोगों को इंतजार करना पड़ेगा। वहीं, उत्तर भारत और ऋषिकेश पंचांग के अनुसार, आज यानी गुरुवार को हिंदीभाषी समाज मकर संक्रांति का पर्व मनाएगा। पश्चिम भारत के पंचांग के अनुसार, बुधवार को मराठी समाज सहित कई समुदायों ने मकर संक्रांति का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया।

'एमपावर यूथोपिया' ने बनाया वर्ल्ड रेकॉर्ड

■ NBT न्यूज, कल्याण : युवा मानसिक स्वास्थ्य महोत्सव 'एमपावर यूथोपिया' ने बी.के. बिरला कॉलेज, कल्याण में सबसे बड़े 'स्टूडेंट-लीड मूड' परेड के लिए ऑफिशल विश्व रेकॉर्ड असोसिएशन से आधिकारिक विश्व रेकॉर्ड प्राप्त किया। यह अदित्य बिरला एजुकेशन ट्रस्ट की पहल 'बिरलोत्सव' का हिस्सा था, जिसमें 7,000 से अधिक छात्र शामिल हुए। ट्रस्ट की संस्थापक नीरजा बिरला ने कहा, 'एमपावर यूथोपिया जैसी पहल जागरूकता, एक्सेस और पियर एंगेजमेंट को जोड़ती है।'

ऐरोली: पूर्व नगरसेवक पर मारपीट का आरोप

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई : नवी मुंबई के ऐरोली सेक्टर-16 में पूर्व नगरसेवक एम.के. मढवी, उनकी पत्नी पूर्व नगरसेविका विनया मढवी और उनके पुत्र करण मढवी पर एक मंडल से जुड़े युवकों के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसका फुटेज अब सामने आया है। पुलिस के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज, शिकायत और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

मुंबई हलचल

आप भी 89346 97281 पर जानकारी व्हॉट्सऐप भी कर सकते हैं।

महालक्ष्मी स्थित डे-केयर केंद्र में दिव्यांगों के लिए विशेष रूप से निर्मित उपयोगकर्ता-अनुकूल टॉयलेट ब्लॉक का उद्घाटन संगम फाउंडेशन और ओम क्रिएशन्स ट्रस्ट के पदाधिकारी की उपस्थिति में हुआ। इसके लिए संगम फाउंडेशन द्वारा ओम क्रिएशन्स ट्रस्ट को 20 लाख रुपये का अनुदान दिया गया। कार्यक्रम में समाजसेविका डॉ. मंजू लोढ़ा, संगम फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेंद्र रुईया, उपाध्यक्ष सुशील गाडिया, सचिव सुरेश पंसारी, कोषाध्यक्ष सुनील पटवारी, सदस्य बंकेश अग्रवाल, सुभाष गाडिया सहित ओम क्रिएशन्स ट्रस्ट के संस्थापक एवं मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. राधिका खन्ना उपस्थित थे।

पूर्व सैनिकों को किया गया नमन

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : रक्षा बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड के गौरव स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों और पूर्व सैनिकों के शौर्य, साहस और बलिदान को नमन किया गया। इस दौरान त्रि-सेवा सेरेमोनियल गार्ड परेड का आयोजन किया गया। समारोह उन असंख्य वीरों को नमन करने के लिए आयोजित किया जाता है, जिन्होंने कर्तव्य पालन के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल डी.एस. कुशवाह, वाइस एडमिरल राहुल विलास गोखले, एयर वाइस मार्शल पी.एस. बढोदकर समेत अन्य उपस्थित थे।

गौरव स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पण समारोह आयोजित किया गया

BJP प्रत्याशियों पर केस

■ NBT न्यूज, पनवेल: पनवेल महानगरपालिका चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होने के बावजूद कलंबोली में हल्दी कुमकुम कार्यक्रम आयोजित करने पर भाजपा के चार प्रत्याशियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। प्रभाग क्रमांक 7 से भाजपा टिकट पर चुनाव लड़ रहे अमर पाटील, प्रमिला पाटील, मनाली ठाकूर और राजेंद्र शर्मा पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप है। यह शिकायत सहायक निर्वाचन निर्णय अधिकारी एवं आचार संहिता समन्वयक विनय वालकृष्ण ने दर्ज कराई है।

आरोप है कि कलंबोली के न्यू बस डिपो परिसर में 'लाडकी बहन मिलन एवं हल्दी कुमकुम' कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं को लकी ड्रॉ के जरिए पैठणी साड़ी देने का प्रलोभन दिया गया और बदले में मतदान की अपील की गई। यह कृत्य चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास है। कलंबोली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एयर होस्टेस ने की आत्महत्या

■ NBT न्यूज, कल्याण: कल्याण (पूर्व) में एयर होस्टेस नेहा राजेश पावशे (21) 28 दिसंबर को अपने घर में मृत पाई गई। मां की शिकायत पर कोलसेवाडी पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में उसके पूर्व प्रेमी कौशिक प्रकाश पावशे (23) को गिरफ्तार किया है। नेहा से एक एयरलाइंस में कार्यरत थी। घटना के दिन परिवार के सदस्य बाहर गए थे और देर रात लौटने पर नेहा फांसी के फंदे पर लटकी मिली। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों को नेहा के मोबाइल से ऐसे मैसेज और चैट मिले, जिनसे पता चला कि वह पूर्व प्रेमी की ओर से लंबे समय से मानसिक रूप से प्रताड़ित की जा रही थी। दोनों वर्ष 2020 से संबंध में थे और आरोपी ने शादी का वादा कर उससे पैसे भी लिए। पुलिस ने बीएनएस की धारा 108 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उकसाने के आरोप में पूर्व प्रेमी गिरफ्तार

वोटर वेरिफिकेशन के बहाने साइबर फ्रॉड

पार्टी के आकर्षक ऑफर के नाम पर बनाया जा रहा है निशाना

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र में चुनाव के माहौल का फायदा साइबर ठग उठा रहे हैं। साइबर पुलिस के अनुसार, साइबर अपराधी मतदाताओं, राजनीतिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों को निशाना बना रहे हैं। पिछले दिनों साइबर ठगों ने अंधेरी निवासी सलमा खातून नामक एक महिला को फर्जी वाट्सऐप मेसेज और एसएमएस भेजकर उन्हें 44 हजार 200 रुपये का चूना लगा दिया। वहीं, मालाड के अप्पापाडा निवासी रुखसाना शेख को एक कथित प्रमुख पार्टी के प्रत्याशी की ओर से आर्थिक सहायता देने वाला मेसेज और लिंक भेजकर साइबर ठगों ने 1 लाख 70 हजार ठग लिए।

पुलिस का कहना है कि साइबर ठग इन दिनों लोगों को 'वोटर आईडी अपडेट', 'ईवीएम से जुड़ी जानकारी', 'आपका पोलिंग बूथ', 'चुनाव आयोग पोर्टल पर नाम खोजें', 'चुनावी सहायता योजना' और 'पार्टी से जुड़ने पर आर्थिक लाभ का सुनहरा ऑफर' जैसे झूठे लिंक भेजकर ठगी कर रहे हैं। जैसे ही लोग इन पर क्लिक करते हैं, मॉलवेयर युक्त लिंक होने के कारण उनका मोबाइल हैक हो जाता है। इसके बाद, पीड़ित के बैंक और यूपीआई से जुड़ी गोपनीय जानकारी ठगों के पास चली जाती है और पैसे निकाल लिए जाते हैं।

मॉलवेयर युक्त लिंक भेजकर मोबाइल से डाटा चुराकर करते हैं ठगी

AI Image

साइबर पुलिस की अपील

कुछ मामलों में तो साइबर ठग ने खुद को चुनाव आयोग, बीएमसी या किसी राजनीतिक पार्टी का प्रतिनिधि बताकर भी कॉल किया है। ये ठग वोटर लिस्ट में नाम वेरिफिकेशन के नाम पर ओटीपी मांग कर ठगी करते हैं। पुलिस का कहना है कि इस प्रकार से करीब एक दर्जन लोगों के खातों से हजारों से लेकर लाखों रुपये तक की ठगी की शिकायतें मिली हैं, जिनकी जांच जारी है।

इन बातों का रखें ध्यान

- किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें।
- ओटीपी या बैंक डिटेल साझा न करें।
- चुनाव से जुड़ी जानकारी केवल आधिकारिक वेबसाइट या सरकारी सोशल मीडिया हैंडल से ही प्राप्त करें।
- किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराएं।
- कोई भी पार्टी, उम्मीदवार या चुनाव आयोग इस प्रकार के फर्जी ऑफर नहीं देते हैं।

स्टेट अपडेट

नागपुर : नकली शराब बनाने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़

■ भाषा, नागपुर : आबकारी विभाग ने नागपुर जिले में नकली विदेशी शराब बनाने वाली एक फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है और 24.67 लाख रुपये मूल्य के उत्पाद सहित अन्य सामग्री जब्त की। एक अधिकारी ने बताया, हिंगणा क्षेत्र के गोंडखाना पिंपरी स्थित एक बंगले पर छापेमारी की गई, जहां अवैध शराब बनाने वाली इकाई संचालित की जा रही थी। छापेमारी के दौरान 1,090 लीटर नकली शराब, शराब की 356 बोतलें और 90 लीटर अन्य नकली शराब जब्त की गई। इसके अलावा बोतल सील करने की इलेक्ट्रॉनिक मशीन, नकली लेबल, बोतल के ढक्कन आदि जब्त किए गए।

नांदेड़ में कांग्रेस उम्मीदवार के पति पर जानलेवा हमला

■ भाषा, नांदेड़ : नांदेड़ शहर में नगर-निगम चुनाव से 2 दिन पहले कांग्रेस उम्मीदवार सारिका मालेराव के पति पर हथियारबंद लोगों ने हमला कर दिया। पुलिस ने बुधवार को बताया, जब शिवाजी मालेराव वॉर्ड संख्या-1 स्थित अपने आवास के बाहर बैठे थे, तभी 6 हथियारबंद लोगों ने उन पर हमला कर दिया। स्थानीय निवासी मदद के लिए दौड़े, जिसके कारण हमलावर मौके से फरार हो गए। मालेराव को गंभीर चोटें आईं। फिलहाल, उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। कांग्रेस सांसद रवींद्र चव्हाण ने मालेराव परिवार को पुलिस सुरक्षा देने की मांग की है।

चंद्रपुर जिले में बाघ के हमले में एक बुजुर्ग व्यक्ति की हुई मौत

AI Image

■ पीटीआई, चंद्रपुर : चंद्रपुर जिले के नागभीड़ जंगल क्षेत्र में एक 60 साल के व्यक्ति को बाघ ने मार डाला। रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर (RFO) भारती बागमारे ने बुधवार को बताया कि यह घटना मंगलवार शाम को हुई, जब भाऊराव राउत क्षेत्र में काम कर रहे थे। बाघ राउत को घसीटकर जंगल के अंदर ले गया। गंभीर चोटों के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग के अधिकारी रैपिड रिस्पॉन्स यूनिट (RRU) के साथ मौके पर पहुंचे। मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP7 User: cci Time: 01-14-2026 22:31 Color:

मुंबई मैराथन: कोस्टल रोड पर दौड़ना चुनौतीपूर्ण

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : 18 जनवरी को आयोजित मुंबई मैराथन में पहली बार धावक शहर की नई पहचान कोस्टल रोड पर दौड़ेंगे। आयोजकों के मुताबिक, फुल मैराथन (42 किमी) और हाफ मैराथन (21 किमी) दोनों के रूट में कोस्टल रोड शामिल है। हालांकि, कोस्टल रोड पर अंडरग्राउंड टनल का इस्तेमाल रनर्स नहीं कर सकेंगे। संदे को रनर्स की सुविधा के लिए मुंबई मेट्रो की एक्वा लाइन पर आरे JVLR स्टेशन से सुबह 3:30 और 4:30 बजे, जबकि कफ परेड स्टेशन से सुबह 3:30 और 4:50 बजे विशेष सेवाएं चलेंगी।

फुल और हाफ मैराथन दौड़ने वालों को नए मार्ग पर करनी होगी रनिंग

इनक्लाइन (चढ़ाई/ ढलान) होने के कारण कोस्टल रूट पर दौड़ना चुनौतीपूर्ण जरूर रहेगा, लेकिन यही इस प्रतियोगिता की खासियत है।
-ब्रू जोन्स, रेस डायरेक्टर (मुंबई मैराथन)

टाइमिंग और स्टार्टिंग पॉइंट

■ मैराथन (42.195 किमी): सुबह 5 बजे- CSMT / बॉम्बे जिमखाना से ■ हाफ मैराथन व पुलिस कप (21.097 किमी): सुबह 5 बजे- माहिम रेती बंदर / OCS चौकी ■ ओपन 10 किमी: सुबह 6 बजे- CSMT / मेट्रो थिएटर ■ एलीट मैराथन: सुबह 7 बजे- CSMT ■ वैरियंस विथ डिसेबिलिटी रन (1.6 किमी): सुबह 7.05 बजे- CSMT ■ सीनियर सिटिजन रन (4.2 किमी): सुबह 7.25 बजे- CSMT / मेट्रो थिएटर ■ ड्रीम रन (5.9 किमी): सुबह 8.15 बजे- CSMT / मेट्रो थिएटर

स्कूलों में इको क्लब की स्थापना की गति सुस्त

AI image

■ NBT रिपोर्ट , मुंबई: पर्यावरण संरक्षण को लेकर स्कूल स्तर पर शुरू किए गए 'इको क्लब फॉर मिशन लाइफ' अभियान की रफ्तार मुंबई में बेहद धीमी है। शिक्षा विभाग की समीक्षा में सामने आया है कि तय निर्देशों के बावजूद अब तक केवल 51% स्कूलों ने ही इको क्लब की स्थापना कर उसकी जानकारी पोर्टल पर अपलोड की है। इसे गंभीर मानते हुए विभाग ने शेष स्कूलों को तत्काल प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

सिर्फ 51% स्कूलों में ही हुआ गठन

मुंबई विभाग के शिक्षा उपनिदेशक की ओर से जारी सर्कुलर में कहा गया है कि विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, प्रकृति संरक्षण और टिकाऊ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी स्कूलों में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ मंच का गठन अनिवार्य है। इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा http://ecoclubs.education.gov.in नामक विशेष पोर्टल शुरू किया गया है।

शिक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, प्रत्येक स्कूल के मुख्याध्यापक को यू-डायस पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से इको क्लब पोर्टल पर लॉगिन कर प्रमाणपत्र डाउनलोड करना होगा। इसके बाद स्कूल में संचालित पर्यावरण गतिविधियों की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करनी है। शिक्षा विभाग ने सभी शिक्षण निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अधीन सभी माध्यमों और व्यवस्थापन के स्कूलों को लिखित रूप से प्रेरित करें। समय पर निर्देशों का पालन नहीं करने वाले स्कूलों पर आगे कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।



NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in